राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 62, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 18 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस

.... पेज 03

नये संसद भवन का विशेष सत्र जनहित के मुद्दों को हो समर्पित : मायावती

.... पेज 05

कोलंबो में सिराज का 'राज',भारत आठवीं बार एशिया कप चैंपियन

.... पेज 07

मेट्रो यात्रा



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) का उद्घाटन करने के लिए मेट्रो से यात्रा की।

## मोदी ने यशोभूमि के पहले फेज का उद्घाटन किया

### यह एशिया का सबसे बड़ा कन्वेंशन और एक्सपो सेंटर; मेट्रो से पहुंचे, कामगारों से मिले

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के द्वारका में भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो केन्द्र 'यशोभूमि' के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया।

मोदी ने इसी के साथ ही विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए 'पीएम विश्वकर्मा योजना' भी शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने पीएम विश्वकर्मा लोगो, टैगलाइन और पोर्टल भी लॉन्च किया। उन्होंने इस अवसर पर एक कस्टमाइज्ड स्टाम्प शीट, एक टूल किट, ई-बुकलेट और वीडियो भी जारी किया। उन्होंने 18 लाभार्थियों को विश्वकर्मा प्रमाण पत्र वितरित किए।

प्रधानमंत्री ने आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद प्रदर्शनी 'गुरु-शिष्य परंपरा' और 'नई प्रौद्योगिकी' का अवलोकन किया और यशोभूमि के 3डी मॉडल का भी निरीक्षण किया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने द्वारका सेक्टर-21 से एक नए मेट्रो स्टेशन 'यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25' तक दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का



उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को समर्पित है। उन्होंने देश भर के लाखों विश्वकर्मा से जुड़ने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रदर्शनी का दौरा किया और कारीगरों और शिल्पकारों के साथ बातचीत करने के शानदार अनुभव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लाखों कारीगरों और उनके परिवारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना आशा की किरण बनकर आ रही है।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो केन्द्र 'यशोभूमि' के बारे में प्रधानमंत्री ने इस उत्कृष्ट सुविधा केन्द्र निर्माण में श्रमिकों और विश्वकर्माओं के योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने कहा,आज मैं देश के हर श्रमिक को, हर विश्वकर्मा साथी को यशोभूमि समर्पित करता हूं। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े विश्वकर्माओं से कहा कि 'यशोभूमि' उनके कामों को विश्व और वैश्विक बाजारों से जोड़ने वाला जीवंत केंद्र बनने जा रही है।

उन्होंने कहा कि देश के रोजमर्रा के जीवन में विश्वकर्मा के योगदान महत्वपूर्ण बना रहेंगा, चाहे प्रौद्योगिकी में कितनी भी प्रगति क्यों न हुई हो। यह समय की मांग है कि विश्वकर्मा को मान्यता और सहायता मिले।

## तेलंगाना से 100 दिन अंदर बीआरएस सरकार हटेगी : राहुल

### हमारी सरकार बनी तो सिलेंडर रु 500 में, महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देंगे




**बीजेपी, बीआरएस और एमआईएमआईएम अलग नहीं, एक पार्टी है**

राजनीति में बहुत जरूरी होता है कि हमें मालूम हो हम किससे लड़ रहे हैं। तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी सिर्फ बीआरएस से नहीं लड़ रही, बल्कि हम BRS, BJP, MIMIM से लड़ रही है। ये पार्टियां खुद को अलग बताती हैं, लेकिन असल में एक हैं। बीजेपी को जब भी जरूरत पड़ती है, बीआरएस ने उसका साथ दिया है। किसानों के बिल का मामला हो या जीएसटी का।

**हैदराबाद।** राहुल गांधी ने हैदराबाद के रंगारेड्डी में 17 सितंबर को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- 100 दिन अंदर बीआरएस की सरकार यहां से हट जाए। इसे कोई नहीं रोक सकता। चाहे बीजेपी चाहे, चाहे ओवैसी की पार्टी चाहे। इसे बदल नहीं सकती। राहुल ने तेलंगाना की जनता को 6 गारंटियां दीं। उन्होंने कहा कि राज्य में हमारी सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर महिला को 2500 रुपए हर महीने दिए जाएंगे। गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा। साथ ही महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त सफर की व्यवस्था की जाएगी।

## अनंतनाग में एनकाउंटर जारी

### सर्च ऑपरेशन के दौरान सीआरपीएफ जवान के पैर में गलती से गोली लगी; एक आतंकी का शव बरामद



श्रीनगर। कश्मीर के अनंतनाग में रविवार 17 सितंबर को पांचवें दिन एनकाउंटर जारी है। सेना को गड़ूल कोकेरनाग के जंगलों में दो और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है।

इलाके में सर्च ऑपरेशन के दौरान सीआरपीएफ जवान के पैर में गलती से गोली लग गई। हालांकि इसकी अभी जानकारी नहीं है कि गोली किसी साथी की राइफल से लगी है या खुद की। जवान की पहचान 164 बीएन सीआरपीएफ के एचसी मनोज कुमार के रूप में हुई है। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया है। सूत्रों ने मुताबिक, जवान रोड ओपनिंग पार्टी का हिस्सा था।

वहीं, जवानों की एक टुकड़ी ने शनिवार को मारे गए एक आतंकी का जला हुआ शव बरामद कर लिया है।

#### सेना ने एडवांस्ड ड्रोन हेरॉन मार्क-2 का इस्तेमाल किया

कोकेरनाग में सेना ने 16 सितंबर को पहली बार किसी आतंकी ऑपरेशन में अपने सबसे एडवांस्ड ड्रोन हेरॉन मार्क-2 को अटैक के लिए उतारा था। ड्रोन ने आतंकी को ढूंढ़कर उस पर ग्रेनेड फेंका, जिससे वह ढेर हो गया। साथ ही सुरक्षाबलों ने कोकेरनाग में आतंकियों का ठिकाना भी ध्वस्त कर दिया। मुठभेड़ के दौरान तेज बारिश में भी हेरॉन काम करता रहा। इसके अलावा क्वॉड कॉप्टर ड्रोन ने आतंकियों को खदेड़ने में मदद की। ये ड्रोन पांच तरफ से गोली और ग्रेनेड एक साथ बरसा सकता है। इसे 15 किलोमीटर दूर से ऑपरेट कर सकते हैं।

**गोला-बारूद और पाकिस्तानी करेंसी भी बरामद**

बारामूला में जो आतंकी मारे गए, उनके पास से दो एके राइफल्स, 7 मैग्जीन, एक चाइनीज पिस्तौल, सात हैंड ग्रेनेड, 5 किलो आईईडी और अन्य युद्धक सामान मिले हैं। उनके बैग से पाकिस्तान के 6 हजार रुपए के नोट और भारत के 46 हजार रुपए के नोट बरामद हुए। बारामूला एनकाउंटर को लेकर कमांडर ढिल्लन ने बताया- एनकाउंटर साइट वही इलाका है, जहां दिसंबर 2022 में सुरक्षा बलों ने एक बड़े आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया था। तब एक गुफा से हथियारों का जखीरा बरामद किया गया था।

**बारामूला में तीन में से 2 आतंकियों के शव मिले**

पीर पंजाल ब्रिगेड के कमांडर पीएमएस ढिल्लन ने बताया- बारामूला में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास उरी, हथलंगा इलाके में शनिवार को तीन आतंकियों को मारा गया है। ऑपरेशन सुबह 6 बजे से शुरू हुआ और 8 घंटे बाद दोपहर 2 बजे खत्म हुआ। कमांडर ढिल्लन ने बताया- 2 आतंकियों के शव मिले, तीसरे की लाश बॉर्डर के पास पड़ी थी, लेकिन पाकिस्तानी पोस्ट से लगातार फायरिंग के कारण हमारे सुरक्षाबलों को बॉडी नहीं मिल सकी। पाकिस्तानी फौज आतंकियों की मदद कर रही थी। फौज इन आतंकियों को कवर दे रही थी।

## पीओपी से बनी गणेश की मूर्तियों की बिक्री पर नहीं लगेगी रोक

चेन्नई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी संशोधित दिशानिर्देशों के आधार पर प्लास्टर ऑफ पेरिस गणेश मूर्तियों की बिक्री को नहीं रोका जाएगा। दरअसल, मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै खंडपीठ ने प्रशासन को इसे बिक्री पर रोक लगाने से मना कर दिया है।

पीठ ने कहा कि जल निकायों में प्लास्टर ऑफ पेरिस युक्त मूर्तियों के विसर्जन की अनुमति नहीं दी जा सकती है, लेकिन अधिकारियों द्वारा उनकी बिक्री को रोका नहीं जा सकता है। गणेश मूर्ति निर्माताओं और विक्रेताओं को पर्यावरण मानदंडों के कथित उल्लंघन के लिए पिछले कुछ दिनों से राज्य के कड़े बर्ताव का सामना करना पड़ रहा है।

## लोडिंग वाहन पलटने से चार लोगों की मौत

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के जैतपुरा के पास तेज रफ्तार एक लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश के जालौन जिले कोंच चौराहा तोपखाना मोहल्ला निवासी नाजिम (40) अपने लड़के निहाल, भांजे अबू बकर और चाचा के लड़के अली के साथ ग्वालियर से बक्से बनाने का सामान लेकर उदी मोड़ के पास कुंडेश्वर मेला में जा रहा था। इसके लिए उन्होंने लोडिंग वाहन किराए पर लिया था। गाड़ी राजू निवासी मोहल्ला तोपखाना पेट्रोल पंप मंदिर के पीछे जालौन चला रहा था। भिण्ड-ग्वालियर रोड पर जैतपुरा के पास पहुंचे ही थे, तभी तेज रफ्तार लोडिंग वाहन हाइवे किनारे पलट गया, इसके चलते सभी लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए भिण्ड जिले के गोहद अस्पताल पहुंचाया गया।

विरोध प्रदर्शन




टीडीपी समर्थकों ने पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया।

## 371 करोड़ के घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता चंद्रबाबू नायडू

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश क्राइम इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट के प्रमुख एन संजय ने कौशल विकास घोटाले में चंद्रबाबू नायडू को मुख्य साजिशकर्ता बताया है। उन्होंने कहा कि नायडू ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान इस भ्रष्टाचार का पूरा खाका तैयार किया। दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संजय ने कहा, यह 371 करोड़ रुपये के सरकारी धन का घोटाला है। यह पैसा एपी सरकार की ओर से सीमेंस नामक कंपनी को नॉमिनेशन के रूप में दिया गया। इस तरह महज नामांकन के आधार पर ही पैसा सरकार के हाथों से बाहर चला गया।

## एनआईए की छापेमारी में डिजिटल उपकरण, भारतीय, विदेशी मुद्राएं जब्त

एजेंसी

चेन्नई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कहा कि दक्षिण के दो राज्यों में 31 स्थानों पर शनिवार की छापेमारी के दौरान भारतीय और विदेशी मुद्राओं के साथ-साथ स्थानीय और अरबी भाषाओं में आपत्तिजनक पुस्तकों के अलावा कई डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए।

तमिलनाडु और तेलंगाना में आईएसआईएस के भर्ती अभियान को विफल करने के लिए यह छापे मारे गए। एनआईए की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आईएसआईएस के कट्टरपंथ और भर्ती अभियान और योजनाओं पर एक बड़ी कार्रवाई में, दो दक्षिणी राज्यों में 31 स्थानों पर




छापे मारे गए और भारतीय और विदेशी मुद्रा के साथ कई डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए।

आतंकवाद रोधी एजेंसी तमिलनाडु और तेलंगाना में मारे गए छापों के दौरान जब्त किए गए मोबाइल फोन, लैपटॉप और हार्ड डिस्क में मौजूद डेटा की जांच करने की प्रक्रिया में है। तलाशी के दौरान भारतीय मुद्रा में 60 लाख रुपये और 18,200 अमेरिकी डॉलर के अलावा स्थानीय और अरबी भाषाओं में कई आपत्तिजनक किताबें भी जब्त की गईं।

एनआईए की टीमों ने तमिलनाडु आईएसआईएस कट्टरपंथ और भर्ती मामले में संदिग्धों के परिसरों पर छापा मारा और कोयंबटूर में 22 स्थानों, चेन्नई में तीन और तमिलनाडु के तेनकासी जिले के कदयानल्लूर में एक और तेलंगाना राज्य में हैदराबाद/साइबराबाद में अन्य पांच स्थानों पर छापे मारे। एनआईए चेन्नई ने इस संबंध में भादस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है जो भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के लिए व्यक्तियों के एक समूह द्वारा गुप्त संचालन से संबंधित है।

## मणिपुर हिंसा : छुट्टी पर आए सेना के जवान की हत्या

**तीन हथियारबंद बदमाशों ने घर से अगवा किया, फिर सिर में गोली मारी**

इंफाल। मणिपुर की राजधानी इंफाल में पूर्वी जिले के खुनिंगथेक गांव में रविवार 17 सितंबर को सेना के एक जवान का शव मिला। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक तीन हथियारबंद बदमाशों ने शनिवार सुबह करीब 10 बजे छुट्टी पर आए एक सिपाही को उसके घर से अगवा किया। फिर सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

मृतक जवान की पहचान कांगपोकपी जिले के लीमाखोंग में तैनात सेना की डिफेंस सिक्योरिटी कॉर्प्स प्लाटून के सिपाही सेर्टो थांगथांग कोम के रूप में हुई है। वो इंफाल पश्चिम के तरुंग के रहने वाले थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अपहरण की घटना के दौरान जवान का 10 साल का बेटा वहां पर मौजूद था।

उसने बताया कि जब वो और उसके पिता बरामदे में काम कर रहे थे, तब तीन लोग उनके घर में दाखिल हुए थे। हथियारबंद लोगों ने जवान के सिर पर पिस्तौल रख दी और उसे एक सफेद गाड़ी में जबरदस्ती डालकर ले गए।

पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि रविवार सुबह तक जवान की कोई खबर नहीं थी।

सुबह 9: 30 बजे के आसपास उसका शव इंफाल पूर्व में खुनिंगथेक गांव में मिला। उसके भाई और बहनोई ने उसकी पहचान की। उन्होंने बताया कि जवान के सिर पर एक गोली का घाव था।

मृतक जवान के परिवार में उसकी पत्नी, बेटी और बेटा हैं। अधिकारियों का कहना है कि जवान का अंतिम संस्कार परिवार की इच्छा के अनुसार किया जाएगा। सेना ने परिवार की मदद के लिए एक टीम भी भेजी है।

## अमित शाह ने एस.एस.बी. के निर्माण कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास किया

नई दिल्ली। माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इब्राहिमपट्टनम, हैदराबाद में सशस्त्र सीमा बल के लिए 85 एकड़ भूमि में बनाए जाने वाले सेक्टर मुख्यालय, बटालियन मुख्यालय और 20 करोड़ रूपए की लागत से पृथक पारिवारिक आवास के निर्माण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री जी. किशन रेड्डी, माननीय केन्द्रीय पर्यटन, संस्कृति एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री उपस्थित रहे।

गृह मंत्रालय के द्वारा सशस्त्र सीमा बल को 85 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है, जिसमें सेक्टर मुख्यालय के लिए 10 एकड़, बटालियन



मुख्यालय के लिए 70 एकड़ और पृथक पारिवारिक आवास के लिए 05 एकड़ भूमि शामिल है। इस भूमि क्षेत्र में गैर-आवासीय और आवासीय भवनों के विकास की योजना तैयार की गयी है। इन आवासीय परिसरों के बनने से देश की सीमा पर तैनात बल कर्मी अपने परिजनों को शहरी क्षेत्र में सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एवं सुरक्षित आवासीय परिसर में रख सकते हैं। इससे बल कर्मियों के परिवार के सदस्यों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत जरूरतें सुगमता से पूरी की जा सकेंगी।

अपने सम्बोधन में माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, कि गृह मंत्रालय, केन्द्रीय पुलिस बलों के लिए बहुत सारे कल्याणकारी कार्य कर रहा है और आज का कार्यक्रम भी उसी कड़ी का हिस्सा है। उन्होने कहा कि इन संसाधनों के उपलब्ध हो जाने के बाद हमारे अनुशासित बल सदस्य उत्साह के साथ अपने कर्तव्य का और अच्छी तरह से निर्वहन कर सकेंगें और उनके परिजन सुखपूर्वक रह सकेंगे।

एनकाउंटर

**सिपाही की राइफल छीनकर भाग रहे थे मनचले, तीनों गिरफ्तार**

## यूपी : छात्रा का दुपट्टा खींचने वालों का पुलिस एनकाउंटर

अंबेडकर नगर। यूपी के अंबेडकर नगर में स्कूल से घर जा रही छात्रा का दुपट्टा खींचने वाले तीन आरोपियों को पुलिस एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया गया है। वह सिपाही की राइफल छीनकर भाग रहे थे। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो तीनों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी बचाव में गोलियां चलाईं। पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारी, जिससे दोनों घायल हो गए जबकि तीसरे आरोपी का भागने के दौरान पैर टूट गया। तीनों आरोपियों को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया है। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस



हिरासत से भागने तथा जानलेवा हमला के आरोप में एक और मुकदमा पंजीकृत किया है।

जानकारी के अनुसार दो दिन पहले साइकिल से स्कूल से घर लौट रही छात्रा का बाइक सवार मनचलों ने दुपट्टा खींच लिया था। इसके बाद छात्रा लड़खड़ाकर जमीन पर गिर गई थी। इसी दौरान पीछे से आ रही थी दूसरी बाइक ने छात्रा को रौंद दिया था। जिसमें छात्रा की जान चली गई थी। मौके पर छात्रा की मौत होने के बाद सीसी टीवी फुटेज के आधार पर मृतका के पिता ने तीनों लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ क एक्सीडेंट के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कराया था।

पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपियों के खिलाफ हत्या व पोस्कों एक्ट की धारा बढ़ाकर तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली थी। रविवार को पुलिस तीन आरोपियों को जेल भेजने के लिए मेडिकल के लिए बसखारी सीएचसी लेकर जा रही थी कि सेमरा नसीरपुर के पास शहबाज व अरबाज, फैसल ने पुलिस की राइफल छीन कर गाड़ी से कूदकर भागने लगे।

पुलिस ने पीछा किया तो आरोपियों ने पुलिस पार्टी के ऊपर राइफल से फायरिंग शुरू कर दी। जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो शाहबाज व फैसल के पैर में गोली लग गयी। जबकि अरबाज का गाड़ी से कूदते समय ही पैर टूट गया था। पुलिस ने तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर सीओ टांडा संजय नाथ तिवारी, आलापुर नासिर कुरेशी, टांडा अमित प्रताप सिंह, अलीगंज बृजेंद्र शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। तथा घायलों को बसखारी सीएचसी पहुंचाया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि मुठभेड़ के तहत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उपचार के बाद तीनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड की मांग की जाएगी। मामले में लापरवाही बरतने पर थाना अध्यक्ष रितेश पांडेय को निलंबित कर दिया गया है।

नई दिल्ली
सोमवार 18 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शिवराज के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का हुआ चहुमुखी विकास: सरमा

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में शुरू की गई लाड़ली बहना योजना के माध्यम से यहां की महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और समाज में उनका सम्मान भी बढ़ेगा। सरमा मध्यप्रदेश के हरदा जिला मुख्यालय पर जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल हुए। आमसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान के लगातार प्रयासों से मध्यप्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से निकलकर विकसित राज्यों की श्रेणी में आ गया है।



# शार्ट न्यूज

## नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में दो युवकों को 20 साल की कारावास

अगरतला। उत्तरी त्रिपुरा जिले की एक विशेष अदालत ने 2017 में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में दो युवकों को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक सुदर्शन शर्मा ने कहा कि 27 अगस्त, 2017 को, दमचेरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के सैन उरांग (29) और पिंटू उरांग (25) के रूप में पहचाने गए दोषियों ने 16 वर्षीय नाबालिग लड़की का उस समय अपहरण कर लिया जब वह सुंधीबासा इलाके में पानी लेने के लिए पास के घर में गई थी। वे उसे जंगल में ले गए और झोपड़ी में कई बार बलात्कार किया इसके बाद बेहोश पीड़िता को जंगल में छोड़कर भाग गए। अगली सुबह होश आने पर पीड़िता अपने घर लौटी और अपने माता-पिता को आपबीती सुनाई। बाद में उसने भादस की धारा 342, 376 (डी), 109 और 506 और पॉक्सो एक्ट (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम, 2012 की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कराया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों दोषियों के साथ बसिया उरांग समेत तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। शर्मा ने कहा कि अदालत ने मुकदमे के दौरान 21 गवाहों के साक्ष्य और गवाही की जांच की।

## गोरखा रेजीमेंट की ओर से सीडीए, एनडीए व अग्निवीर भर्ती पर कार्यशाला

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में रविवार को 11 गोर्खा रेजिमेंट (जीआरआरसी), लखनऊ के ततावधान में युवाओं के लिए सीडीएस, एनडीए एवं अग्निवीर भर्ती सम्बंधित कार्यशाला (कैरियर काउंसलिंग) आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न स्कूलों के कक्षा 10 से कक्षा 12 एवं ग्रेजुएशन में अध्ययनरत छात्र/छात्राओ ने प्रतिभाग किया। गोरखाली सुधार सभा के मानेकशा सभागार में हुई इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर सीबी थापा, वीएसएम, ने सभी छात्रो सेअपने अनुभव, संघर्ष साँझा किये और उन्हें सेना में भर्ती हेतु प्रोत्साहित किया। कैरियर काउंसलर हवलदार मोहित कुमार, मेजर एबी राई, मेजर पीसी कार्की, लेफ्टिनेंट टीडी भूटिया, सूबेदार मेजर एके राई, कैप्टन डीएस भण्डारी, कै0 पीके राई, लेफ्टिनेंट महेश शाही, सुबेदार एचबी राना, सूबेदार श्याम प्रकाश राई, कै0 एसके थापा, कै खड़क चंद ने युवाओं को विभिन्न सैन्य पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया। गोर्खाली सुधार सभा के अध्यक्ष पदम सिंह थापा ने सभी छात्रों , शिक्षकों , अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभा शाह ने किया।

## चिनार कोर कमांडर घई ने एलओसी पर की घुसपैठ रोधी ग्रिड की समीक्षा

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करने के एक दिन बाद सेना के चिनार कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने रविवार को घुसपैठ रोधी और आतंकवाद रोधी ग्रिड पर जवाबी कार्रवाई की समीक्षा करने के लिए बारामूला में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अग्रिम इलाकों दौरा किया। सेना ने कहा कि कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल घई ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ रोधी और आतंकवाद रोधी ग्रिड की समीक्षा करने के लिए उरी सेक्टर में आगे के क्षेत्र का दौरा किया। कोर कमांडर ने युद्ध की तैयारी और परिचालन तैयारियों के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए सैनिकों की सराहना की। उन्होंने 'ऑपरेशन खंडा' के सफल संचालन के लिए सैनिकों की सराहना की, जिसमें शुक्रवार को तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया था। गौरतलब है कि सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और खुफिया एजेंसियों की ओर से शुरू किए गए एक संयुक्त अभियान में शनिवार सुबह घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया।

## ऊर्जा प्रबंधन में बदलाव: एकल ऊर्जा ट्रेडिंग डेस्क निभाएगा अहम भूमिका

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में विद्युत व्यापार रणनीतियों और क्रय-विक्रय के समन्वय में क्रांतिकारी बदलाव लाने के दृष्टिगत एकल ऊर्जा ट्रेडिंग डेस्क स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इससे प्रदेश में ऊर्जा प्रबंधन में सकारात्मक बदलाव आएगा तथा वित्त वर्ष 2024-25 में लघु, मध्यम और दीर्घकालिक कुशल योजना तैयार करने में मदद के साथ ही ऊर्जा संसाधनों का आर्थिक निक्षेप सुनिश्चित होगा। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में प्रचुर जल संसाधन उपलब्ध हैं जिससे 24,567 मेगावाट जल विद्युत उत्पादन का अनुमान है, जबकि अभी तक 172 जलविद्युत परियोजनाओं के माध्यम से 11,150 मेगावाट का ही दोहन किया गया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र की तीन महत्त्वपूर्ण इकाईयों ऊर्जा निदेशालय , हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता है और सरकार इस पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर रही है।

## क्रमोन्नत तहसीलों एवं उप तहसीलों के लिए 62 पदों का होगा सृजन

जयपुर। राजस्थान की क्रमोन्नत पांच तहसीलों (रारह-भरतपुर, जसरासर-बीकानेर, पापड़दा-दौसा, सरदारगढ़-राजसमंद, बारापाल-उदयपुर) एवं तीन उप तहसीलों (श्रीबालाजी-नागौर, भण्डारी-सीमलवाडा डूंगरपुर, ओगणा-झाडोल उदयपुर) के लिए 62 विभिन्न पदों का सृजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार क्रमोन्नत तहसीलों में तहसीलदार, तहसील राजस्व लेखाकार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कनिष्ठ लेखाकार, सूचना सहायक, वरिष्ठ सहायक, ऑफिस कानूनगो एवं रिसोर्स परसन पटवारी के 5-5 पदों एवं कनिष्ठ सहायक के 10 पदों सहित कुल 50 पद सृजित किए गए हैं। साथ ही, क्रमोन्नत उप तहसीलों में नायब तहसीलदार, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक एवं अतिरिक्त ऑफिस कानूनगो के 3-3 पदों सहित कुल 12 पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न जिलों में प्रवास के दौरान इस संबंध में घोषणा की गई थी।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में झुंझुनू अव्वल

झुंझुनू। राजस्थान में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सर्वे अभियान में झुंझुनू जिला प्रदेश में सिरमौर बना हुआ है। भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान का सर्वे जारी है। जिले में चल रहे सर्वे में 23 लाख 1 हजार 786 जनसंख्या के लक्ष्य के एवज में 21 लाख 2 हजार 4 लोगों का सर्वे कर 94 प्रतिशत सर्वेक्षण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके चलते सर्वे में जिला प्रदेश में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। सर्वेक्षण में झुंझुनू जिला प्रदेश में पहले नंबर पर रहा है। वहीं चूरू 93 प्रतिशत लोगों का सर्वे कर तीसरे स्थान पर रहा है। वही अलवर भी 93 प्रतिशत के साथ चूरू के साथ दूसरे पर है। जबकि पड़ौसी जिला सीकर 86 प्रतिशत लोगों के सर्वे के साथ नौवें स्थान पर रहा है। चिकित्सा अधिकारियों की मानें तो जिले में वर्तमान में टीबी रोगियों की संख्या ज्यादा नहीं है। जिले में 1241 रोगी सरकारी अस्पतालों में और 384 रोगी निजी स्तर पर टीबी का इलाज ले रहे हैं। अब हुए इस सर्वेक्षण में जिले में नए टीबी रोगी निकलकर आए हैं।

## बड़नगर सेमलिया में बाढ़ से घिरे तीन व्यक्ति एयरलिफ्ट किए गए

उज्जैन। मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण जिले के बडनगर क्षेत्र में बाढ़ में फंसे तीन लोगों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित बचाया गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार बड़नगर क्षेत्र एवं इसके ऊपर के केचमेंट एरिया में लगातार तेज बारिश होने से तथा बड़नगर में ही 300 मिलीमीटर वर्षा होने से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गयी है। इसके चलते बड़नगर के ग्राम सेमलिया में बाढ़ के पानी ने चारों तरफ से गांव को घेर लिया। इसमें एक घर में तीन लोग दो पुरुष और एक महिला बाढ़ के पानी से बचने के लिए छत पर चले गए। मकान की छत के 4 फीट नीचे बाढ़ का पानी बह रहा था। तेज बहाव के कारण स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की बोट भी वहां तक पहुंच नहीं पा रही थी।

# केरल में दो-दिन बाद निपाह वायरस का कोई नया केस नहीं

## 42 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव; अब तक 6 केस मिले, 2 की मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में दो दिन बाद निपाह वायरस का कोई मामला नहीं मिला है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने 17 सितंबर को बताया कि बीते कुछ दिनों में राज्य में निपाह के 6 नए केस मिले हैं। इनमें से दो लोगों की मौत हुई है। संक्रमितों के संपर्क में आए हाई रिस्क वाले 42 लोगों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे, सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

उन्होंने बताया कि कुछ अन्य लोगों की रिपोर्ट आनी अभी बाकी है। आज शाम तक सभी की रिपोर्ट आने की उम्मीद है। राज्य में निपाह का छठा केस 15 सितंबर को मिला था।

जब स्वास्थ्य मंत्री से पूछा गया कि राज्य में निपाह का कोई नया केस नहीं मिला है, ऐसे में लोगों को कब तक सावधानी बरतनी चाहिए। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार, पिछला केस मिलने के 42 दिन बाद तक हमें सावधान रहने की जरूरत है। निपाह वायरस के लिए 42 दिन खतरे वाले माने जाते हैं।



मृत लोगों के संपर्क में आए लोगों में से 15 हाई रिस्क वाले थे, इनके सैंपल 15 सितंबर को जांच के लिए भेजे गए थे। स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार संक्रमित लोगों की कॉन्टैक्ट लिस्ट में 950 लोग शामिल हैं। इनमें से 213 लोग हाई रिस्क कैटेगरी के हैं। कॉन्टैक्ट लिस्ट में 287 स्वास्थ्य अधिकारी भी शामिल हैं।

### कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग में पुलिस भी मदद कर रही

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि निपाह से संक्रमित लोगों के कॉन्ट्रैक्ट में आए लोगों को ट्रेस करने के लिए पुलिस की मदद ली जा रही है, क्योंकि संक्रमितों के संपर्क में आए लोग टेस्ट कराने से डर रहे हैं। फोन करके जांच के लिए बुलाने पर वो आने से इनकार कर देते हैं। इसीलिए उनके मोबाइल को ट्रेस कर पुलिस उन तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि साल 2018 में जिस इलाके में इस वायरस के केस मिले थे, केंद्रीय टीम वहां जाकर सर्वे करेगी। वहां किसी भी इकोलॉजिकल चेंज की तलाश की जाएगी। उधर, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की टीमें भी जिले का सर्वे कर रही हैं।

## कांग्रेस नेताओं का चरित्र हमेशा से रहा सनातन विरोधी: रविशंकर

गुना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आज आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं का चरित्र हमेशा से सनातन विरोधी रहा है। प्रसाद ने यह बात यहां पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि धार्मिक कथा कराने और हनुमान जयंती मनाने से कोई सनातनी नहीं हो जाता है। उसके लिए मन से धर्म, संस्कृति को मानना व अंगीकार करना पड़ता है।कांग्रेस के नेता चुनाव आते ही हिन्दू बन जाते है। वे उनसे पूछते हैं कि वे कभी अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन करने क्यों नहीं गए। कांग्रेस नेता भगवान श्रीराम को मान देने से क्यों घबराते हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सनातन के सम्मान का मुद्दा मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में दिखेगा और प्रदेश की जनता सनातन का अपमान करने वालों को वोट की ताकत से सबक सिखाएगी। भाजपा फिर प्रदेश में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि सनातन का तो इस्लाम और मुगल कुछ नही बिगाड़ पाए तो घमंडिया गठबंधन के नेताओं की हिम्मत नहीं है कि वे सनातन को हिला सकें।

## हिमाचल में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को दिया जा रहा बढ़ावा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश को कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने तथा किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए नित नए नवाचारों को बढ़ावा दे रहे हैं।

प्रदेश सरकार की हिम उन्नति, मुख्यमंत्री कृषि संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण जैसी योजनाएं किसानों के सुनहरे भविष्य के सपने को साकार करने का ज़रिया बन रही हैं। सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 में कृषि विकास के लिए 607.47 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

हिमाचल प्रदेश की अधिकांश जनसंख्या अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है और यह क्षेत्र लगभग 70 प्रतिशत लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रहा है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों का लगभग 13.47 प्रतिशत योगदान है। प्रदेश में 9.97 लाख किसान परिवार हैं तथा 9.44 लाख हैक्टेयर भूमि पर काश्त होती है। प्रदेश में 88.86 प्रतिशत किसान सीमान्त तथा लघु वर्ग के हैं जिनके द्वारा 55.93 भूमि पर खेती की जाती है। प्रदेश के 10.84 प्रतिशत किसान मध्यम श्रेणी से हैं और केवल 0.30 प्रतिशत किसान ही बड़े किसानों की श्रेणी में आते हैं। खाद्यान्नों के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में राज्य में 738.14 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में 1593.92 हजार मीट्रिक टन उत्पादन दर्ज किया गया है।



अन्नदाता के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से नवोन्मेषी योजना हिम उन्नति क्रियान्वित की जा रही है। योजना के अंतर्गत क्षेत्र विशेष आधारित एकीकृत और समग्र कृषि को प्रदेश में बढ़ावा दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत प्रदेश भर में चिन्हित किए गए समूहों के लिए भौगोलिक परिस्थितियों, स्थानीय जलवायु और मिट्टी की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए शंकुल (क्लस्टर) तैयार किए जा रहे हैं।

# हैदराबाद में बीआरएस और कांग्रेस का पोस्टर वार

एजेंसी

हैदराबाद। हैदराबाद में चल रही कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बीच रविवार को शहर में 'भ्रष्ट कांग्रेस मॉडल बनाम उचित बीआरएस मॉडल' पर पोस्टर देखे गये। दीवार पर चिपकाये गये पोस्टरों में तेलंगाना में कांग्रेस द्वारा की गई विपरीत योजनाओं और वादों और अन्य राज्यों में जहां वह सत्ता में है, उसके प्रदर्शन को दिखाने का प्रयास किया गया है।

पोस्टरों में दलितों को वित्तीय सहायता, विकलांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, किसानों के लिए बीमा योजनाएं, किसानों को निवेश सहायता और किसानों के लिए मुफ्त बिजली में अंतर का वर्णन किया गया है। पोस्टरों के जरिए दावा किया गया है कि छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान जैसे कांग्रेस शासित राज्यों में दलितों के लिए प्रदान की जाने वाली योजनाओं में 'कमी' है जबकि तेलंगाना में दलितों को 10 लाख रुपए प्रदान किये जा रहे हैं।

पोस्टरों में तेलंगाना के 4116 रुपये की तुलना में कांग्रेस शासित राज्यों में वृद्धावस्था पेंशन के लिए प्रदान की जाने वाली 'अल्प' राशि पर भी प्रकाश डाला गया।

उन्होंने कांग्रेस शासित राज्यों में किसानों की बीमा योजनाओं, निवेश सहायता और मुफ्त बिजली की 'अनुपस्थिति' का उल्लेख किया और तेलंगाना राज्य द्वारा बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये, 10 हजार रुपये की निवेश सहायता और किसानों के लिए 24 घंटे मुफ्त बिजली प्रदान किये जाने के बारे में बताया गया है।

## लकड़ी से बने होटल में लगी आग, हुआ खाक

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून जिले में स्थित और दुनिया भर में पहाड़ों की रानी कहे जाने वाले मसूरी में रविवार सुबह एक प्राचीन होटल में आग लग गई। हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह कोतवाली मसूरी को 112 सिटी कंट्रोल रूम के माध्यम से कैमल बैक रोड़ स्थित सीड्स रिंग होटल में आग लगने की सूचना मिली। इस पर पुलिस, अग्निशमन दल के साथ आइटीबीपी की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। यह होटल बहुत प्राचीन है, जो पूरी तरह लकड़ी से निर्मित है। घटना के समय होटल का मालिक भी वहां सो रहा था, जो आग लगने के बाद खिड़की तोड़कर बाहर निकला। आगजनी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है क्योंकि यहां आजकल पुर्ननिर्माण कार्य चल रहा था।

# तेलंगाना मुक्ति दिवस के समर्थन में आवाज उठाने वाली भाजपा पहली पार्टी : रेड्डी

हैदराबाद। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने रविवार को कहा कि भाजपा तेलंगाना मुक्ति दिवस को अपना समर्थन देने वाली पहली राजनीतिक पार्टी है।

यहां पार्टी के राज्य मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद सभा को संबोधित करते हुए, राज्य भाजपा अध्यक्ष रेड्डी ने भगवा दल और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पिछले 25 वर्षों से भाजपा के तत्वावधान में मुक्ति दिवस पर तिरंगा फहराया जाता रहा है। रेड्डी ने निज़ाम के खिलाफ अनगिनत व्यक्तियों द्वारा छेड़े गए संघर्ष के ऐतिहासिक महत्व को अस्पष्ट करने का प्रयास करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि कई बहादुर योद्धा खड़े हुए और क्षेत्र की स्वतंत्रता और संप्रभुता के लिए लड़े। रेड्डी ने दावा किया कि कांग्रेस ने 17 सितंबर को मुक्ति दिवस मनाने में विफल रहकर गंभीर गलती की, जिससे इन बहादुर व्यक्तियों के बलिदान की उपेक्षा हुई।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस का अनुसरण करने वाली टीआरएस ने भी वही रास्ता अपनाया है। रेड्डी ने इन दोनों पार्टियों पर एमआईएम से प्रभावित होने का आरोप लगाया, जो सत्ता में चाहे कोई भी पार्टी हो, राजनीतिक परिदृश्य में हेरफेर करती है।

रेड्डी ने कहा कि भाजपा 1998 से तेलंगाना के इतिहास को सामने लाने का प्रयास कर रही है।

मुक्ति दिवस की मान्यता की मांग करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई लड़ाइयों में भाग लिया है, यहां तक कि पुलिस की गोलियों का भी सामना किया है।

उन्होंने बताया कि 75 साल पहले सरदार वल्लभभाई पटेल ने हैदराबाद की धरती पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। आज गृह मंत्री अमित शाह उनकी स्मृति में सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में झंडा फहराएंगे।

उन्होंने कांग्रेस से तेलंगाना मुक्ति की ऐतिहासिक उपेक्षा को देखते हुए 17 सितंबर को हैदराबाद में कार्य समिति की बैठक आयोजित करने के अपने औचित्य को स्पष्ट करने का आह्वान किया।

# संसद सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो : जयराम रमेश

**हैदराबाद।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की मांग है कि संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक को पारित किया जाना चाहिए। रमेश ने कहा कि शनिवार को हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक में यह मांग की गई। संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक चलेगा। जयराम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, कांग्रेस पार्टी पिछले नौ वर्षों से मांग कर रही है कि महिला



आरक्षण विधेयक पहले ही राज्यसभा में पारित है जिसे अब लोकसभा द्वारा भी पारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पहली बार मई 1989 में पंचायतों और नगर पालिकाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया था। यह लोकसभा में पारित हो गया लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में प्रस्ताव गिर गया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने अप्रैल 1993 में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक फिर से पेश किया और विधेयक पारित हुआ तथा कानून बना। उन्होंने कहा कि अब पंचायतों और नगर पालिकाओं में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं। यह करीब 40 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री के रूप में, डॉ. मनमोहन सिंह संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाए। विधेयक नौ मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। उन्होंने कहा, लेकिन इसे लोकसभा में पेश नहीं किया गया।

## अठारह पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोगो के लिए विश्वकर्मा योजना साबित होगी वरदान: ठाकुर

जोधपुर। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी द्वारा रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर शुरुआत की गई विश्वकर्मा योजना अठारह पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोगो के लिए वरदान साबित होगी। इस अवसर पर जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि इस योजना के तहत अठारह पारंपरिक व्यवसाय जुड़े हैं जिनमें बढ़ई, लौहार, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, धोबी, दर्जी आदि वर्ग के लोगो के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर पीएम विश्वकर्मा योजना लागु की गई है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों की समृद्ध परंपराओं को सरंक्षित कर उनका विकास करना हैं। कार्यक्रम में विधायक सुर्यकान्ता व्यास ने कहा कि विश्वकर्मा योजना पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े गरीब वर्गों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# नशा मुक्त हरियाणा बनाना सरकार का लक्ष्य : खट्टर



**सिरसा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि 'नशा मुक्त हरियाणा' अभियान के लक्ष्य के साथ प्रदेश का दौरा कर रही साइक्लोथॉन को रविवार को सिरसा में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आज की साइक्लोथॉन में जनभागीदारी ने वर्ष 2019 में आयोजित मैराथन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। श्री खट्टर ने कहा कि हरियाणा जिस प्रकार से ड्रग्स की गिरफ्त में फंसता चला जा रहा है, यह चिंता का विषय है और यह साइक्लोथॉन यात्रा जागरूकता पैदा करने में सार्थक साबित हो रही है।

उन्होंने करीब पांच किलोमीटर तक साइकिल चलाकर यात्रा में चल रहे लोगों का हौसला बढ़ाया। उनके साथ स्थानीय विधायक गोपाल कांडा, भाजपा नेता गोबिंद कांडा, उपायुक्त पार्थ गुप्ता, पुलिस अधीक्षक प्रशांत भूषण ने भी साइकिल चलाई। मुख्यमंत्री रविवार को सिरसा के शहीद भगत सिंह स्टेडियम के मुख्य द्वार पर साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले यात्रा में भाग ले रहे प्रतिभागियों व आमजन को संबोधित कर रहे थे। इस यात्रा में स्कूलों, महाविद्यालयों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों से भाग ले रहे साइक्लिस्ट का धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि एक सितंबर को करनाल से साइक्लोथॉन यात्रा शुरू की गई थी और यह अब तक 15 जिलों में ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश पहुंचा चुकी है और 25 सितंबर को यह यात्रा करनाल में सम्पन्न होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा में जनभागीदारी का आंकड़ा अब तक दो लाख के पार हो चुका है। आने वाले दिनों में यह यात्रा फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, उकलाना, जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर होते हुए करनाल में सम्पन्न होगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 नए सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति होगी

सिरसा। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाने में सफाई कर्मियों का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 10 हजार सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं और जल्द ही एक हजार नए सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। सफाई कर्मियों के कल्याणार्थ प्रदेश सरकार ने सफाई कर्मियों की भलाई के लिए अनेक नई योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री रविवार को सिरसा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय विधायक गोपाल कांडा द्वारा आयोजित सफाईकर्मी सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। सफाई कर्मियों को विधायक गोपाल कांडा ने शॉल व पांच लाख की बीमा पॉलिसी प्रदान की। खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आज हम उनकी लंबी आयु की कामना करते हैं।

# नव नालन्दा महाविहार में हिन्दी दिवस आयोजित

नव नालन्दा महाविहार में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। एक सितंबर से चल रहे हिन्दी पखवाड़े का समापन भी आज हुआ।

हिन्दी दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रास्ताविक व्याख्यान प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव %परिचय दास% का था। हिन्दी पर विशिष्ट रूप से केंद्रित व्याख्यान प्रो श्रीकांत सिंह का था। अध्यक्षता प्रो. दीपंकर लामा व संचालन प्रो हरे कृष्ण तिवारी का था।

अपने प्रास्ताविक व्याख्यान में हिन्दी भाग के अध्यक्ष प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव %परिचय दास% ने हिन्दी को ग्लोबल भाषा बताया। इसको बोलने- समझने -बूझने वाले विश्व भर में हैं। हिन्दी का शब्दकोश विश्व का सबसे बड़ा भाषिक शब्द कोश है। यह इंटरनेट व सूचना- तकनीक की प्रमुख भाषा बन गयी है।

गूगल जैसी कम्पनियां हिन्दी को बढ़ावा देने हेतु क़दम उठा रही हैं। आज नयी पीढ़ी में हिन्दी का प्रचार- प्रसार आवश्यक है। न्यायालयों में हिन्दी का उपयोग बढ़ाना होगा। तकनीक, नये ज्ञान के साधन के रूप में हिन्दी का विकास ज़रूरी है।

अमेरिका व दुनिया के सौ से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जा रही है।

उन्होंने आगे कहा कि हिन्दी में यहाँ की धरती की गन्ध है, स्मृतिपरकता है। हिन्दी हमारे स्वत्व को रचती है।



अपने व्याख्यान में अंग्रेज़ी विभाग के प्रोफ़ेसर व कुलसचिव ( प्रभारी ) प्रो श्री कांत सिंह ने कहा कि भारत में भाषा की केंद्रीयता है जब कि पश्चिम में ज्यामिति की। भाषा न केवल सम्प्रेषण अपितु बोध भी है। भारत के उत्थान के साथ हिन्दी का विकास होता जायेगा। अंग्रेज़ी साम्राज्य में अंग्रेज़ी का अधिक विकास हुआ। हिन्दी व भारत आज उत्थान की ओर हैं। किसी हिन्दी लेखक को नोबल पुरस्कार मिलना चाहिए । क्षेत्रीय भाषाओं से भी हिन्दी का संवाद आवश्यक है। बेहतर अनुवाद को अभियान बनाना होगा।

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में अकादमिक संकायाध्यक्ष व कुलपति प्रभारी प्रो. दीपंकर लामा ने कहा कि हिन्दी का प्रसार बढ़ रहा है। हिन्दी को बढ़ाने का अर्थ अपनी संस्कृति के आधार को पुष्ट करना है। हिन्दी विश्व भर में प्रेम , भाईचारे व समभाव की भाषा बन रही है। अपनी विद्या का अभ्यास करने से हर उपलब्धि होती है- %करत करत अभ्यास ते... ।%

संचालन करते हुए हिन्दी विभाग के प्रोफ़ेसर व परीक्षा नियंत्रक प्रो. हरे कृष्ण तिवारी ने कहा कि हिन्दी अपनी बोलियों से रची बसी व समृद्ध है। हिन्दी केवल राजभाषा नहीं अपितु हमारे भीतर के मर्म की आलोड़क भाषा है। उसके विकास का अर्थ हमारी आन्तरिक समृद्धि है।

इस अवसर पर नवनीत कुमार, यशिका आनंद, कुमारी सोनी , सुरभि गुप्ता, सोनी कुमारी, निर्भय कुमार सिंह, वर्षा कुमारी, शंभु कुमार, नेहा कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, शिवनंदन रविदास, सुबोध कुमार, डॉ कृष्ण कुमार पाण्डेय ने कविता- पाठ किया।

हिन्दी पखवाड़े में कविता पाठ, भाषण, निबंध लेखन, अनुवाद, टंकण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं थीं। कार्यक्रम के आरम्भ में डॉ. धम्म ज्योति एवं डॉ. नरेंद्र दत्त तिवारी ने मंगल- पाठ किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के आचार्य, गैर शैक्षणिक जन, छात्र व शोधछात्र सम्मिलित हुए।

## शार्ट न्यूज

### ग्रनो वेस्ट में घर खरीददारों ने किया प्रदर्शन

गौतम बुद्ध नगर। घर खरीददार पिछले 40 हफ्तों से हर रविवार विरोध प्रदर्शन कर रजिस्ट्री और रुके प्रोजेक्टों में काम शुरू करने की मांग कर रहे हैं। हर हफ्ते बड़ी संख्या में घर खरीददार ग्रेनो वेस्ट के एक मूर्ति पर जुटते हैं और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाते हैं। इस रविवार भी घर खरीदारों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और सरकार से रजिस्ट्री कराने और पजेशन दिलाने की मांग की। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे मिहिर गौतम ने कहा कि एक तरफ सबको घर देने की बात सरकारें करती है और दूसरी तरफ़ जिन्होंने पैसे दे दिए, लेकिन वो आज भी अथॉरिटी और बिल्डर के भ्रष्टाचार की वजह से पिस रहे हैं। सरकार भरोसा देती है लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। हम लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई है। आंदोलन में लगातार 40 हफ्तों से अपनी आवाज़ उठा रहे दिनकर पांडे, महेश यादव, चंदन सिन्हा, रोहित मिश्रा, अनिल रात्रा, दीपक गुप्ता का कहना है कि 40 हफ्तों से हर रविवार घर खरीददार अपनी आवाज उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री से लेकर तमाम जिम्मेदार अधिकारियों से मिल चुके हैं। अमिताभ कांत कमेटी की रिपोर्ट तक आ चुकी है, लेकिन न रजिस्ट्री शुरू हुई है और न रुके प्रोजेक्टों में काम।

### मोटो जीपी बाइक रेस के विरोध में किसान

जेवर। जेवर क्षेत्र में स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक पर 22 से 24 सितंबर तक होने वाली मोटो जीपी बाइक रेस के विरोध में बीकेयू टिकैत के नेतृत्व में किसानों ने तिरंगा यात्रा निकालने को कहा है। जिसकी तैयारी में भी किसान जुटे हुए हैं। किसानों को कहना है कि उनकी विभिन्न समस्याओं का अभी तक समाधान नहीं हुआ है। जेवर निवासी और बीकेयू टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पवन खटाना ने बताया कि उनके संगठन के नेतृत्व में सैकड़ों किसान 22 से 24 सितंबर तक बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होने वाली मोटो जीपी बाइक रेस के विरोध में 21 सितंबर को ट्रैक्टरों पर सवार होकर तिरंगा यात्रा निकालेंगे। उनका कहना है कि अभी तक किसानों को प्राधिकरण ने 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त और बाढ़ से हुई क्षतिपूर्ति का मुआवजा भी नहीं दिया है। उसके बावजूद भी किसानों की जमीन पर मोटो जीपी बाइक रेस हो रही है। जिसको लेकर किसानों में रोष है। उन्होंने बताया कि यह तिरंगा यात्रा ट्रैक पर निकाली जाएगी। जिसको लेकर गांवों में जाकर किसानों में जागरूकता अभियान भी संगठन चला रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 10 वर्षों से किसान मुआवजे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करते आ रहे हैं। लेकिन उनकी समस्याओं का आज तक समाधान नहीं हुआ है। इसको लेकर किसानों में काफी नाराजगी भी देखी जा रही है।

### कैमरा भेजने के नाम पर युवक से ठगी

जेवर। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में मजदूरी करने वाले एक युवक से कैमरा भेजने के नाम पर एक अज्ञात आरोपी ने ठगी कर ली। पीड़ित का कहना है कि आरोपी द्वारा ऑनलाइन पेमेंट करा लिया गया। पीड़ित ने इस संबंध में रविवार को कोतवाली पहुंचकर शिकायत की है। बिहार निवासी शिवम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह क्षेत्र में स्थित कंपनी में मजदूरी का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि करीब 6 दिन पहले कैमरा खरीदने के सिलसिले में ऑनलाइन खरीदारी करने वाली एक साइट के जरिए उसकी एक व्यक्ति से बात हुई थी। जिसने पीड़ित को खुद को कंपनी का कर्मचारी बताते हुए 10 हजार रुपये में कैमरा भेजने की बात कही। जिसके बाद आरोपी ने पीड़ित को ऑनलाइन पेमेंट भी कर दी। साथ ही आरोपी ने कहा कि करीब 2 दिन में कैमरा उसके घर पहुंच जाएगा। पीड़ित का कहना है कि करीब 6 दिन बीत गए हैं। लेकिन उनके घर कैमरा नहीं आया है। साथ ही जिस नंबर से कॉल आई थी। उस पर पीड़ित ने कॉल भी किया है। लेकिन आरोपी कॉल रिसीव नहीं कर रहा है। पीड़ित का कहना है कि उसके साथ आरोपी ने 10 हजार रुपये की ठगी कर ली है। इसको लेकर उन्होंने कोतवाली पहुंचकर शिकायत की है।

### गाजियाबाद में गत्ता फैक्ट्री में लगी भीषण आगप्पांच दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

गाजियाबाद। गाजियाबाद में रविवार सुबह गत्ता फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इससे लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। पांच दमकल गाड़ियों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। आग बार-बार सुलग रही है। इसलिए गत्ते के बंडलों पर लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी  राहुल पाल ने बताया, रविवार सुबह 8.37 बजे फायर स्टेशन कोतवाली को सूचना मिली कि मेरठ रोड इंडस्ट्रियल एरिया साइट-3 स्थित जीबी एसोसिएट्स फैक्ट्री में आग लग गई है। ये गत्ते की फैक्ट्री है। इस सूचना पर वैशाली से सीएफओ, कोतवाली से एफएसओ सहित चार फायर टेंडर मौके पर पहुंचे और बचाव-राहत कार्य शुरू किया। फैक्ट्री से आग की लपटें और काला धुआं बहुत तेजी से बाहर आ रहा था। फायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फायर फाइटिंग करके आग पर काबू किया। जेसीबी की सहायता से गत्ते के बड़े-बड़े बंडलों को हटाकर उन पर पानी मारकर फैक्ट्री में पड़े गत्ते को ठंडा किया जा रहा है। सीएफओ ने बताया कि इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### छात्रा का पीछाकर युवक ने की अश्लील हरकत

मोदीनगर। मोदीनगर के मुरादनगर में रेलवे रोड कॉलोनी में कॉलेज से आ रही बीपीटी की छात्रा का स्कूटर सवार युवक ने पीछा कर अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं युवक ने छात्रा की सड़क पर वीडियो भी बनाई। दोस्ती नहीं करने पर छात्रा को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। नगर के एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति की 18 वर्षीय पुत्री दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित एक निजी कॉलेज से बीपीटी (बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी) कर रही है। छात्रा का आरोप है कि शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे के आसपास जब कॉलेज से निकली। इसके बाद ऑटो में बैठकर रेलवे रोड पर उतर गई। इसके बाद पैदल ही अपने घर की और जाने लगी। छात्रा का आरोप है कि कॉलेज से ही स्कूटर सवार एक युवक मेरा पीछा कर रहा था। सुनसान स्थान देखकर उसने मुझे रोककर दोस्ती करने का प्रस्ताव दिया। जब इंकार कर दिया, तो उसने परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं युवक ने अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ भी की। इतना ही नहीं उसने मेरा वीडियो भी बीच सड़क पर बनाकर धमकी दी, कि यदि दोस्ती ना की, तो वह कॉलेज में वीडियो वायरल कर देगा। डर के कारण छात्रा कॉलेज नहीं जा रही है। परिजनों ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है।

### आयकर विभाग का रियल एस्टेट कंपनी के नोएडा परिसर पर छापा



नोएडा। आयकर विभाग ने शनिवार को कर चोरी को लेकर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े ओरिस समूह और उससे संबंधित कंपनियों के परिसरों पर छापामारी की। अधिकारियों ने कहा कि छापामारी विभाग के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के अधिकारियों ने की। इससे पहले विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को समूह के नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा गुरुग्राम स्थित परिसरों की तलाशी ली थी। आयकर विभाग ने पिछले दो दिनों में दिल्ली-एनसीआर में विभिन्न बिल्डरों के कई ठिकानों पर छापामारी की है।  एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि ऑरिस ग्रुप को 2011 में यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के सेक्टर 22 डी में ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट ग्रीन बे गोल्फ विलेज के लिए जमीन आवंटित की गई थी। हालांकि, इस साल 28 फरवरी तक समूह पर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण का 761.99 करोड़ रुपये बकाया था और समूह आवास श्रेणी में सबसे बड़ा डिफॉल्टर था। रियल एस्टेट समूह जून 2018 में उस समय विवादों में आ गया था जब यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी को अपने ऑडिट में धोखाधड़ी का पता चला था।

# राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस

**आज देश के बेरोजगार युवा, राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस मना रहे है, इसके लिए सिर्फ मोदी सरकार जिम्मेदार हैं : श्रीनिवास बी वी**





नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस ने आज देश भर में प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिवस को राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया, इस अवसर पर दिल्ली में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी के विरुद्ध सांकेतिक प्रदर्शन का आयोजन किया। इस अवसर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार जब से आई, देश के युवाओं के लिए बेरोजगारी की सौगात लाई है। इस ही लिए आज देश के बेरोजगार युवा उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में माना रहे है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह भी कहा कि भारत विश्व के सबसे युवा देशों में से एक है, देश के अंदर ज्यादा संख्या में युवा आबादी है, और उसमे से 60 प्रतिशत युवा बेरोजगार घूम रहे है, 20 वर्ष से लेके 24 वर्ष तक के युवाओं में 42 प्रतिशत युवा बेरोजगार है, यह एक अत्यंत ही भयावह स्थिति है, देश भर में आज 45 वर्षों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है, पर मोदी सरकार सिर्फ और सिर्फ हम दो हमारे दो के लिए काम कर रही है, उन्हे देश के बेरोजगार युवा की दिक्कत और परेशानी नहीं दिखाई पड़ रही है।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी जी ने यह भी कहा की मोदी सरकार के राज में देश आज आर्थिक मंदी से जूझ रहा है और देश में आज बेरोजगारी दर बढ़ती जा रही है, एक युवा राष्ट्रीय के लिए इससे ज्यादा खतरनाक इस्थिति और कुछ नही हो सकती है, आज देश का युवा मायूस है, मोदी जी ने देश के युवाओं से हर वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वायदा किया था, उस हिसाब से आज देश में 16 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल जाना चाहिए था, पर असलियत यह है 16 करोड़ युवाओं को रोजगार तो नही मिला पर 22 करोड़ लोगो के आवेदन जरूर आए और उसमे से सिर्फ 7 लाख लोगो को रोजगार मिला, इस लिए आज देश का युवा राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस मनाने पर मजबूर है। उन्होंने यह भी कहा की मोदी जी को देश के युवाओं के रोजगार की चिंता तो नही पर अमित शाह के बेटे जय शाह के रोजगार की अवश्य है, आज हम प्रधानमंत्री मोदी से अपील करते है कि वो देश के बेरोजगार युवाओं पर भी थोड़ा ध्यान दे और उनके रोजगार के लिए भी जल्द से जल्द कोई ठोस कदम उठाए। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि देश का हर छठा ग्रेजुएट बेरोजगार है। 9 साल में 22 करोड़ लोगों ने केंद्र सरकार की नौकरी के लिए आवेदन किया। मोदी सरकार 1ल लोगों को भी नौकरी नहीं दे पाई। केंद्र व राज्यों में 60 लाख पद खाली पड़े हैं, सरकार उस पर कुछ क्यों नही कर रही है? रोजगार पैदा करने वाले MSME सेक्टर के लिए क्या योजना है केंद्र सरकार के पास ?, उन्होंने यह भी कहा कि हम मोदी जी से उनके जन्मदिवस पर यह मांग करते है कि युवाओं को रोजगार दीजिए, और युवाओं के हक की बात कीजिए। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और दिल्ली सह प्रभारी खुशबू शर्मा, राष्ट्रीय सचिव अजय चिकारा, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शुभम शर्मा, समेत अनेकों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा में धमाके के बाद लगी आग, तीन झुलसे

**इलाज के दौरान महिला की मौत**

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में चलते ई-रिक्शा में धमाके के बाद आग लग गई। हादसे में ई-रिक्शा में बैठी तीन सवारी बुरी तरह झुलस गईं।

गंभीर हालत में महिला ओमी देवी (42), इसके पति पुष्पराज (46) और एक अन्य सवारी गौरव (28) को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान ओमी देवी ने दम तोड़ दिया। नाजुक होने पर पुष्पराज को एम्स ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक हादसा ई-रिक्शा की बैटरी फटने की वजह से हुआ।

हादसे के बाद पहले चालक मौके से फरार हुआ। बाद में वह घटना स्थल से अपना ई-रिक्शा भी ले गया। नंद नगरी थाना पुलिस ने ई-रिक्शा चालक रतन लाल को मंडोली, हर्ष विहार से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर जला हुआ ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया गया।

ओमी देवी और पुष्पराज अपने परिवार के साथ गली नंबर-13, प्रताप नगर, मंडोली, हर्ष विहार में रहते थे। इनके परिवार में 14 साल का बेटा देव और 20 साल की बेटी तन्नू है। पुष्पराज का कूरियर का काम है। दंपती ने गंगा स्नान की योजना बनाई।

बृहस्पतिवार तड़के करीब साढ़े चार बजे दोनों घर से गढ़ गंगा जाने के लिए निकल गए। मंडोली चुंगी से दोनों शाहदरा जाने के लिए एक ई-रिक्शा में सवार हुए। उसमें पहले से सबोली निवासी गौरव बैठा हुआ था। पीछे तीन सवारी और आगे चालक समेत चार लोग ई-रिक्शा में मौजूद थे। पुलिस को दिए बयान में गौरव ने बताया कि ई-रिक्शा से कुछ जलने की दुर्गंध आ रही थी। गौरव ने चालक का ध्यान भी दिलाने की कोशिश की, लेकिन उसने अनदेखा कर दिया। ई-रिक्शा नंद नगरी ईएसआई डिस्पेंसरी के पास पहुंचा तो अचानक उसमें धमाका हुआ और आग लग गई।

धमाका होते ही चालक मौके पर ई-रिक्शा छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने झुलसे हुए ओमी देवी, पुष्पराज और गौरव को जीटीबी अस्पताल पहुंचाया, जहां शुक्रवार ओमी देवी ने दम तोड़ दिया।

# बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंची बीएमडब्ल्यू की सेफ्टी कार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में 22 से 24 सितंबर तक मोटो जीपी का आयोजन होने जा रहा है। जिसको लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। राइडर्स की सुरक्षा को लेकर बीएमडब्ल्यू कंपनी की एक सेफ्टी कार और 1000 सीसी की बीएमडब्ल्यू की बाइक शनिवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंच चुकी है। रेस के दौरान राइडर्स की सुरक्षा के लिए ट्रैक के बराबर वाली लेन पर तीन कार और एक बाइक उतनी ही स्पीड से दौड़ेगी। सेफ्टी कार और बाइक की जोड़ी 22-24 सितंबर तक आयोजित होने वाले इंडियन ऑयल ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया से पहले शनिवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंची। दौड़ के दौरान बीएमडब्ल्यू एमसीएस सहित कुल तीन सुरक्षा कारें कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगी। ओपनिंग लैप पर किसी घटना की स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए इसकी उपस्थिति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, जरूरत पड़ने पर ट्रैक की स्थिति का आकलन करने के लिए सुरक्षा कार भेजी जाती है। बाकी सुरक्षा कारें बीएमडब्ल्यू एम2 (जी87) और बीएमडब्ल्यू एम3 टूरिंग रविवार को कार्यक्रम स्थल पर उतारेंगी। सेफ्टी बाइक- बीएमडब्ल्यू एम 1000 आरआर- का उपयोग रेस सप्ताहांत के दौरान बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में भी किया जाएगा।

# 76वें वार्षिक संत समागम की सेवाओं का उद्घाटन निरंकारी सतगुरु द्वारा

**नर सेवा, नारायण पूजा-निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज**



**समालखा।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी द्वारा 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की स्वैच्छिक सेवा का शुभारंभ आज संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा की पावन धरा पर किया गया। जैसा कि सर्वविदित ही है कि इस वर्ष का वार्षिक निरंकारी संत समागम दिनांक 28, 29 एवं 30 अक्तूबर, 2023 को आयोजित होने जा रहा है।

इस अवसर पर संत निरंकारी मण्डल कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य, केन्द्रीय योजना एवं सलाहकार बोर्ड के सदस्य, सेवादल के अधिकारी, स्वयंसेवक तथा दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रो के अतिरिक्त अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तो ने दिव्य युगल का स्वागत किया। सेवा के इस सुअवसर पर श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि सेवा केवल तन से न होकर जब सच्चे मन से की जाती है तभी वह सार्थक कहलाती है। सेवा वही सर्वोत्तम होती है जो नि:स्वार्थ एवं निष्काम भाव से की जाये। सतगुरु माता जी ने सेवा भाव के महत्व को बताते हुए कहा कि ब्रह्मज्ञान का बोध होने के उपरांत ही हमारे अंतर्मन में 'नर सेवा, नारायण पूजा' का भाव उत्पन्न होता है, तब हम प्रत्येक मानव में इस निरंकार प्रभु का ही अक्स देखते है।

सतगुरु माता जी ने सेवा की सार्थकता को बताते हुए आह्वान् दिया कि निरंकारी मिशन का प्रत्येक श्रद्धालु भक्त यहां पर प्राप्त होने वाली सिखलाईयों से निरंतर प्रेरणा लें और एक सुंदर समाज के नव निर्माण में सहयोग दें। समागम स्थल पर जैसे ही सेवा का विधिवत् उद्घाटन हुआ, हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त जो सेवा को ईश्वर भक्ति का एक अनुपम उपहार मानते हैं वह सेवाओं में तनमयता से जुट गये और अपना अल्प योगदान देने लगे। सभी श्रद्धालु भक्त यह भली भांति जानते है कि तन-मन-धन से की जाने वाली निस्वार्थ सेवा ही सर्वोत्तम भक्ति का एक सरल माध्यम है इसलिए वह सेवा के किसी भी अवसर को व्यर्थ नहीं जाने देते और 'नर सेवा नारायण पूजा' के सुंदर भाव को चरितार्थ करते हुए उसे प्राथमिकता देते है। वास्तविक रूप में सेवा का भाव ही मनुष्य में सही मायनों में मानवता का दिव्य संचार करते हुए उसे अहम् भावना से रहित करता है।

# आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस 2 का भूमि पूजन मंत्रोच्चारण के साथ हुआ संपन्न

- आदर्श एवं मर्यादाओं युक्त है श्री राम का जीवन : हर्ष मल्होत्रा
- मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन प्रेरणा स्रोत : सतीश गर्ग



नई दिल्ली। आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस 2 का भूमि पूजन वैदिक रीति रिवाज के बीच मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। रामलीला के पदाधिकारियों ने मंचन से जुड़े कलाकारों को कलावा बांध कर अनुबंधित किया। रामलीला से जुड़े पात्रों ने अपने सुक्ष्म अभिनय से सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया। लक्ष्मण-परशुराम के रोचक संवाद के बीच शील, क्रोध,संयम और वीरता का बखान होता दिखा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष में प्रदर्शनी लगाकर भारत सरकार की प्रमुख कार्यों को प्रदर्शित किया गया।

रामलीला का भूमि पूजन मुख्य संरक्षक सुरेंद्र पाल गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में हर्ष मल्होत्रा महामंत्री भाजपा दिल्ली प्रदेश,सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश, राजेश गुप्ता विधायक, रेखा गुप्ता, वीरेंद्र गोयल जिला अध्यक्ष, राजकुमार भाटिया समेत अनेक सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष समारोह में उपस्थित हुए। इस अवसर पर हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि श्री राम का चरित्र,कर्तव्यनिष्ठ ,कर्म प्रधान, आदर्शों एवं मर्यादाओं से युक्त अति विनम्र व प्रेम प्रधान है। सतीश गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि श्री राम के चरित्र का वर्णन शब्दों में तो हो ही नहीं सकता प्रभु श्रीराम अत्यंत शक्तिशाली थे किंतु उन्होंने कभी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं किया तथा युद्ध में भी उन्होंने सदा मर्यादाओं का ही पालन किया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। रामलीला के प्रत्येक भाग में हमें जीवन उपयोगी कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

रामलीला के अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री श्री अनिल यादव ने जानकारी दी कि हम इस वर्ष भी रामलीला प्रारंभ की पूर्व संध्या पर डांडिया नृत्य व रावण दहन के पश्चात महा कवि सम्मेलन का आयोजन करेंगे। रामलीला के निदेशक नितिन बत्रा ने कलाकारों के परिचय व लीला की भव्यता पर प्रकाश डाला।

रामलीला के चेयरमैन अरुण बंसल व मुख्य संरक्षक सुरेंद्र पाल गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं दी। भूमि पूजन अध्यक्ष रवी गर्ग ने समारोह के सारगर्भित व योजनानुरूप सफल होने पर सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर रामलीला के, मेला अध्यक्ष चंदन शर्मा ,कोषाध्यक्ष प्रदीप गोयल, व्यवस्था अध्यक्ष संदीप गुप्ता, सुरक्षा अध्यक्ष विजय बंसल, स्वागताध्यक्ष देवराज, प्रचार अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, राकेश गुप्ता, राजेंद्र खंडेलवाल, बी पी गर्ग, उषा गोयल, घनश्याम गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पासपोर्ट वेरिफिकेशन के 500 रुपए लेने वाला सिपाही सस्पेंड

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस एक बार फिर दागदार हुई है। पासपोर्ट वेरिफिकेशन की रिपोर्ट ठीक लगाने के नाम पर हेड कांस्टेबल ने 500 रुपए की रिश्वत वसूली। ये घूसकांड मोबाइल कैमरे में कैद हो गया। VIDEO वायरल होते ही पुलिस अफसर हरकत में आ गए। हेड कांस्टेबल को सस्पेंड करते हुए उसके खिलाफ थाना इंदिरापुरम में केस दर्ज किया गया है। हेड कांस्टेबल का नाम सचिन राघव बताया गया है, जो इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित शिप्रा मॉल पुलिस चौकी पर तैनात है। वीडियो में सिपाही कुर्सी पर बैठकर टैबलेट पर कुछ देख रहा था। उसके सामने बैठे शख्स ने 500 रुपए पकड़ाए। इसमें एक नोट 200 का और तीन नोट 100-100 के थे। रुपए लेकर हेड कांस्टेबल ने टेबल की दराज में रख दिए। 45 सेकेंड का ये वीडियो शनिवार देर शाम सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। DCP (ट्रांस हिंडन) शुभम पटेल ने बताया कि इस वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिसकर्मी के विरुद्ध थाना इंदिरापुरम में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही उसे सस्पेंड करते हुए विभागीय जांच आरंभ कर दी गई है। एसीपी स्तर के अधिकारी को ये जांच दी गई है।

# 120 की रफ्तार से चली मेट्रो, 15 मिनट में नई दिल्ली से एयरपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन के मौके पर दिल्ली मेट्रो से सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने रविवार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के द्वारका सेक्टर-21 से यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 मेट्रो स्टेशन तक एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का शुभारंभ किया। एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के विस्तार के साथ इस रूट पर मेट्रो 120 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चली। यात्री अब नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 तक 15 मिनट 30 सेकंड में सफर कर पहुंच सकेंगे। पहले 18 मिनट से कुछ अधिक समय लगता था। इसके साथ ही यात्रियों को नई दिल्ली से यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 तक पहुंचने में लगभग 21 मिनट लगेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के विस्तार के उद्घाटन के बाद मेट्रो के निर्माण कार्यों से जुड़े कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने उनके कार्यों को सराया। उन्होंने कर्मचारियों की बात भी सुनी। वह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मेट्रो से ही पहुंचे थे। प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे धौला कुआं मेट्रो स्टेशन से यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 स्टेशन पहुंचे। उन्होंने यात्रियों से भी बातचीत की।

### आधे घंटे में पहुंच सकेंगे मध्य दिल्ली

मेट्रो स्टेशन के शुभारंभ के बाद यात्रियों के लिए यह लाइन दोपहर तीन बजे से संचालित हो गई। डीएमआरसी के अनुसार, इस लाइन के विस्तार से नई दिल्ली से यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 तक एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन की कुल लंबाई 24.9 किलोमीटर हो गई है। स्टेशन को इस तरह से डिजाइन किया है कि लोग मेट्रो से उतरकर एक सब-वे से होते हुए सीधे कन्वेंशन सेंटर के अंदर पहुंच सकेंगे।

कन्वेंशन सेंटर की सेवा के अलावा यह नया स्टेशन द्वारका के सेक्टर 25 के आसपास के निवासियों और गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ नए सेक्टरों को मेट्रो कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगा। इन क्षेत्रों के निवासी लगभग आधे घंटे में मध्य दिल्ली पहुंच सकेंगे। इस स्टेशन के खुलने के साथ ही दिल्ली मेट्रो नेटवर्क अब 288 स्टेशनों (नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो कॉरिडोर और रैपिड मेट्रो, गुरुग्राम सहित) के साथ 393 किलोमीटर लंबा हो गया है।

# कोयला रेल रोकने जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका

**गौतम बुद्ध नगर।** एनटीपीसी दादरी से प्रभावित किसानों ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। किसान कोयला की रेल को रोकने के लिए जा रहे थे लेकिन बीच में ही पुलिस ने उन लोगों को रोक दिया। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच झड़प हुई।

इस दौरान भारी संख्या में किसान और महिलाएं इस प्रदर्शन में मौजूद रहे। एनटीपीसी दादरी से प्रभावित 24 गांव के किसान पिछले डेढ़ वर्ष से एक समान मुआवजे को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके द्वारा धरना भी दिया जा रहा है। किसानों ने पहले से ही कार्यक्रम तय किया था कि 17 सितंबर को वह लोग एनटीपीसी प्लांट में आने वाली रेल को रोकेंगे।सुबह से ही किसान इकट्ठा होना शुरू हो गए और इस दौरान कई किसान संगठन के कार्यकर्ता भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

# आतिशी और डॉ. शेली ओबेरॉय ने एमसीडी स्कूलों के शिक्षकों और छात्रों के साथ एक क्रूर मजाक किया है : प्रवीण शंकर कपूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली के लोगों ने देखा है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार के आम आदमी पार्टी के दावे कितने खोखले हैं, लेकिन अब वही नौटंकी एमसीडी स्कूलों में भी दोहराई जा रही है।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि दिल्ली नगर निगम के 11 सितंबर के हालिया आदेश जिसके माध्यम से आप शासित एमसीडी ने फंड आवंटित किया है। नगर निगम स्कूल विद्यार्थियों को परीक्षा सामग्री, असाइनमेंट, टीएलएम आदि प्रदान करने के साथ-साथ साप्ताहिक सहपाठ्यचर्या गतिविधियों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रति वर्ष 50 रुपये प्रति छात्र की दर से 816655 विद्यार्थियों के लिए 40832750 आवंटित हुऐ हैं।

कपूर ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों में कई एमसीडी स्कूल शिक्षकों ने हमारे नेताओं से मुलाकात कर रुपये के इस मामूली आवंटन पर आश्चर्य व्यक्त किया है और मांग की कि यह वास्तव में प्रति बच्चा 50 रुपये प्रति माह होना चाहिए।

शिक्षकों ने हमें अवगत कराया है कि पहले 2019-20 तक ये खर्च स्कूल पेटी एक्सपेंसेस हेड और बॉयज फंड से किए जाते थे, लेकिन कोविड के दौरान जब स्कूल लगभग 15 महीने तक बंद रहे तो एमसीडी ने बॉयज फंड आवंटित नहीं किया, लेकिन इससे शिक्षकों को कोई नुकसान नहीं हुआ क्योंकि स्कूली शिक्षा नही हो रही थी।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि शिक्षकों को हमेशा से उम्मीद थी कि दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी और मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय उचित फंड आवंटित करेंगी।

स्कूली शिक्षा खर्चों को पूरा करने के लिए कम से कम 600 रुपये प्रति वर्ष चाहियें लेकिन आप नेताओं ने शिक्षकों को निराश किया है।

नई दिल्ली
सोमवार 18 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## एजेंडा पूरा करने के लिए बदलनी होंगी नीतियां या सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाकई एक शो-मैन हैं। जी-20 सम्मेलन में तमाम वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में भी वह विश्वास से भरे और सहज लग रहे थे। उनके पास एक टीम है, जो उनके बोलने के लिए नोट्स तैयार करती है, ताकि उनके मुंह से कोई गलत शब्द न निकले। इतना ही नहीं, अपने किसी मंत्री को एक इंच भी जगह दिए बगैर कैमरे के पूरे फ्रेम पर कब्जा कैसे करना है, यह कोई उनसे सीखे! माननीय प्रधानमंत्री ने अपनी आदत के अनुसार न सिर्फ मीडिया को खुद से दूर रखा, इसके साथ ही, उनकी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया, कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन उत्साही पत्रकारों से सवाल न ले पाएं। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की निराशा समझी जा सकती है, जब उन्हें यह बताया गया कि बाइडन अब अगले पड़ाव वियतनाम में जी-20 सम्मेलन से जुड़े सवालों का जवाब देंगे।

पैसों की तो कोई कमी है ही नहीं। पूरी दिल्ली की सड़कों की मरम्मत की गई, गमले, पेड़-पौधे, घास लगाई गईं। मूर्तियां और होर्डिंग्स लगाए गए और पूरी दिल्ली को रोशनी से नहला दिया गया। एक शहर में जितनी सजावट की जरूरत होती है, उससे ज्यादा की गई। आलम यह है कि सजावट की जो सामग्री बच गई है, उनका अगले आयोजन स्थल रियो डि जेनेरियो में भी उपयोग किया जा सकता है! हर तरफ एक ही चेहरा था। यहां तक कि दौरे पर आए नेतागणों को भी किसी विज्ञापन बोर्ड में रत्ती भर जगह नहीं दी गई।

ऐसे सम्मेलनों के बाद भारी-भरकम घोषणापत्र अमूमन जारी किए ही जाते हैं, दिल्ली घोषणापत्र भी इसका अपवाद नहीं रहा। मिसाल के लिए, इसकी कुछ पंक्तियां = 'हम इतिहास के एक निर्णायक क्षण में खड़े हैं, और यहां हम जो फैसले लेंगे, वे हमारे लोगों और हमारे ग्रह के भविष्य को निर्धारित करेंगे।' मुझे लगता है कि यही शब्द पिछले सम्मेलनों में भी उपयोग में लाए गए होंगे और निस्संदेह, भविष्य में भी लाए जाएंगे।

यूक्रेन पर युद्ध थोपा गया है, सीधे-सीधे यह न कहते हुए भी यूक्रेन में युद्ध के लिए सही शब्दों का इस्तेमाल करना। फिर, रूस और अमेरिका (सहयोगियों समेत) को शब्दों के इस हेर-फेर पर सहमत करना वाकई उपलब्धि है। पुतिन और जिनपिंग की गैर-मौजूदगी ने शायद यह काम आसान कर दिया। मुझे ऐसा महसूस हुआ कि कोई भी यूक्रेन पर बात नहीं करना चाहता था, ताकि आर्थिक मुद्दे सम्मेलन में केंद्रीय महत्व के बने रहें, जो कि जी- 20 का मुख्य क्षेत्र है।

सभी देशों के लिए व्यापार व निवेश का एक अनुकूल माहौल तैयार करने और 2024 तक सभी सदस्य देशों के लिए एक पूर्ण व बेहतर ढंग से संचालित होने वाली विवादों के निपटान की व्यवस्था तैयार करने के लिए विश्व व्यापार संगठन के प्रति सशक्त प्रतिबद्धता व्यक्त करना। विश्व व्यापार संगठन की महानिदेशक सुश्री नगोजी ओकोन्जो-आइवियेला ने जी-20 पर जरूर नजर रखी होंगी।

श्रम बल भागीदारी में अंतराल में कमी लाने, रोजगार के अवसरों तक समावेशी पहुंच को कायम करने, वेतन में लिंगाधारित फर्क में कमी लाने, यौन हिंसा, महिलाओं के खिलाफ होने वाले दुर्व्यवहार और उत्पीड़न सहित सभी तरह की लिंगाधारित हिंसा में कमी लाने, कार्य-स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और लैंगिक असमानताओं को कायम रखने वाली रूढ़ियां खत्म करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई।

आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की गई। इसमें जाति संहार, नस्लवाद और असहिष्णुता के दूसरे सभी रूपों के आधार पर धर्म के नाम पर किया जा रहा आतंकवाद शामिल है। शांति के लिए सभी धर्मों के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की गई। कुल मिलाकर 34 पृष्ठों और 83 पैराग्राफों वाली यह घोषणा, पहले की गई घोषणाओं और पहलों का पुनर्पाठ मात्र थीं।

## सुर्खियों की राजनीति

जब चुनाव करीब हों, तब अखबारों की सुर्खियां अनायास ध्यान खींचने लगती हैं और अध्ययन-मनन का विषय बन जाती हैं। आधुनिक दुनिया में जब प्रचार-प्रसार का महत्व बढ़ता ही चला जा रहा है, तब स्वाभाविक ही राजनीति भी ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार केंद्रित होती जा रही है। राजनीति शास्त्र में भी यह माना जाने लगा है कि एक लोकप्रिय राजनीतिज्ञ वही है, जो किसी न किसी कारण से हमेशा चर्चा में रहता है। जो राजनेता चर्चा में नहीं रहते हैं, उनको लोग भी भुला देते हैं और उन्हें चुनाव जीतने में भी परेशानी आती है।

आज की आपाधापी में सामान्य खबरों के लिए जगह सिमटती जा रही है। बड़ी खबरों में भी जो बहुत बड़ी खबरें हैं, वही सुर्खियों में आ पाती हैं। किसी भी देश या समाज में सत्ता का जो समीकरण होता है, वही शायद सुर्खियां तय करता है। बड़ी से बड़ी खबर को हाशिये पर किया जा सकता है, अगर उससे भी बड़ी खबर पैदा कर दी जाए। अक्सर यह देखा गया है कि विपक्ष भले ही अपनी पसंद का मजबूत मुद्दा चुन ले, पर अगर सत्तापक्ष सशक्त हो, तो वह उस विषय में भी नैरेटिव या कहानी को अपनी ओर मोड़ने में कामयाब हो सकता है।

सुर्खियों की राजनीति की अनेक मिसालें हैं, जिनकी चर्चा एक परिपक्व लोकतंत्र में जरूर होनी चाहिए। इससे देश को और बेहतर समझने में मदद मिलती है। साथ ही, सही फैसला करना आसान हो जाता है। अब इसमें कोई दोराय नहीं है कि जब चुनाव सामने हैं, तब करीब 28 दलों ने मिलकर एक मजबूत विपक्ष खड़ा कर लिया है, जिसका नाम 'इंडिया' रखा गया है और जिसकी खूब चर्चा है। शुरू में ऐसा लगा कि इंडिया नाम से बना गठबंधन परिचय के मामले में बाजी मार ले जाएगा, लेकिन सत्ता पक्ष ने भारत शब्द की पक्षधरता का बिगुल बजाकर मुकाबले को तगड़ा बना दिया। कहानी इंडिया बनाम भारत बन गई।

इसमें कोई शक नहीं कि भारत शब्द का समाज और भावार्थ व्यापक है। नतीजा यह कि जहां इंडिया की चर्चा हो रही है, वहां भारत शब्द की भी गूंज है।


कुल मिलाकर, लोगों के बीच एक आम धारणा यह बनी है कि सिर्फ इंडिया नाम रख लेने से काम आसान नहीं हो जाएगा। झठुतय है, आगामी दिनों में सुर्खियों की राजनीति खूब होगी और इससे कतई बचा नहीं जा सकता। ध्यान दीजिए, जब जून महीने के उत्तरार्द्ध में विपक्षी गठबंधन की पटना में बैठक हुई, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका दौरे की खबरें सुर्खियों में चल रही थीं।

जब जुलाई में बेंगलुरु में 26 दलों वाले विपक्षी गठबंधन इंडिया की दूसरी बैठक हुई, तब दिल्ली में एनडीए की बैठक में 38 दल शामिल हो गए। विपक्ष की लोकतांत्रिक एकजुटता का जवाब सत्तापक्ष ने भी अपनी विशालता से दिया। अगस्त के अंत में जब मुंबई में विपक्ष की बैठक शुरू हुई, तब मुंबई में ही एनडीए की बैठक भी आयोजित हुई।

दो-तीन दिनों तक एक देश-एक चुनाव, आदित्य एल1, संसद के विशेष सत्र और रेलवे बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष की नियुक्ति की खबरों ने विपक्षी महागठबंधन से संबंधित खबरों को तगड़ी चुनौती दी। उसके बाद 13 सितंबर को जब नई दिल्ली में विपक्षी दल साथ बैठे, तब भी केंद्र सरकार ने अनेक बड़े फैसलों की घोषणा की।

एक सफलतम योजना उज्ज्वला के विस्तार के साथ ही संसद के विशेष सत्र से पहले एक सर्वदलीय बैठक की घोषणा सुर्खियों में आ गई। सुर्खियों में रहने का यह संग्राम जितना स्वाभाविक है, उतना ही दिलचस्प भी रहेगा।

# घोर संक्रमणकाल से गुज़रता भारतीय मीडिया



तनवीर जाफ़री

विपक्षी गठबंधन "INDIA " ने आख़िरकार सत्ता के साम्प्रदायिक एजेंडे को हर समय अपने चैनल्स पर चलाने वाले उन 14 टीवी एंकरों की एक सूची जारी कर ही डाली। अब इनके विद्वेषपूर्ण कार्यक्रमों में इण्डिया का कोई नुमाइंदा शामिल नहीं होगा। कई चैनल्स का बहिष्कार करने की बात भी कहीं गयी है। देश में यह पहली बार हुआ है जबकि 28 दलों के विपक्षी गठबंधन ने पत्रकारिता की आड़ में देश में साम्प्रदायिकता फैलाने वालों से तंग आ कर इतने राजनैतिक दलों ने एक साथ अनेक चैनल्स व ऐंकर्स के साम्प्रदायिकता फैलाने के उनके रवैय्ये के प्रति अपनी नाराज़गी जताते हुये टी वी एंकर्स व चैनल्स के बहिष्कार की घोषणा की है। गठबंधन की तरफ़ से साफ़ शब्दों में यह कहा गया है कि उसने 'नफ़रत भरे' न्यूज़ डिबेट चलाने वाले इन टीवी ऐंकर्स के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का फ़ैसला किया है। INDIA गठबंधन का आरोप है कि पिछल नौ साल से रोज़ शाम पाँच बचे कई चैनल्स पर नफ़रत का बाज़ार सज जाता है।और हम सब वहां उस नफ़रत के बाज़ार में ग्राहक के तौर पर जाते हैं.परन्तु नफ़रत भरे नैरेटिव को मंज़ूरी नहीं दी जा सकती। क्योंकि यह नैरेटिव देश व समाज को कमज़ोर कर रहा है।

जिन 14 कथित पत्रकारों की सूची जारी की गयी है उनमें दो पत्रकार तो ऐसे भी हैं जो गंभीर अपराधों के आरोप में जेल भी जा चुके हैं। हालांकि INDIA गठबंधन ने अभी केवल 14 टीवी ऐंकर्स की सूची ही जारी की है परन्तु दरअसल सत्ता की दलाली करने वाले चाटुकार ऐंकर्स व सम्पादकों की संख्या इससे ज़्यादा है। यह चाटुकार पत्रकार झूठी ख़बरें फैला कर,निराधार विमर्श गढ़कर केवल देश का साम्प्रदायिक सौहार्द्र ही नहीं बिगाड़ रहे बल्कि यह पत्रकारिता जैसे ज़िम्मेदाराना व नैतिकतपूर्ण पेशे को भी कलंकित कर रहे हैं। इनमें तिहाड़ी के नाम से प्रसिद्ध हो चुका एक पत्रकार पिछले ही दिनों केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा एक लाईव शो में सिर्फ़ इसलिये ज़लील किया गया क्योंकि उसने दस वर्षों में शायद पहली बार मंत्री महोदया से टमाटर की बढ़ती क़ीमतों के बारे में एक मामूली सा सवाल कर लिया था। मंत्री महोदया ने उसे उसकी तिहाड़ यात्रा याद दिला दी। गोया दस साल तक चरणों में पड़े रहने व दलाली करने का भी यही सिला मिला तिहाड़ी को ?

बहरहाल,यह वही ऐंकर्स व मीडिया है जो गत दस वर्षों से देश में ढूंढ ढूंढ कर ऐसे विषय छेड़ता है या उकसाता है जिससे देश का सामाजिक सौहार्द्र बिगड़े। याद कीजिये कोरोना काल में दिल्ली के निज़ामुद्दीन स्थित मरकज़ में मिले जमाअत के लोगों को इन्होंने कोरोना जिहाद फैलाने वालों के नाम से प्रचारित किया था। मुंबई में कोरोना के समय जब भीड़ रेलवे स्टेशन पर इकठ्ठा हुई तो इन्हीं में से एक ऐंकर की नज़र उस वीजुअल पर पड़ी जिसमें भीड़ के पीछे एक मस्जिद नज़र आई। बस ,फिर क्या था। ऐंकर गला फाड़ कर चीख़ने लगा कि इस भीड़ का मस्जिद से क्या कनेक्शन है ? अभी गत 2 जून को उड़ीसा में बालासोर जिले में बहनगा बाजार रेलवे स्टेशन के निकट तीन ट्रेन्स एक साथ हादसे का शिकार हो गई। वहां भी इन्हीं दलाल व नफ़रतबाज़ टी वी ऐंकर्स ने बोलना शुरू किया कि दुर्घटनास्थल के पास एक मस्जिद है। परन्तु बाद में पता चला की वह मस्जिद नहीं बल्कि मंदिर था। इसी तरह अभी कर्नाटक में %तिहाड़ी% ने साम्प्रदायिक नफ़रत के एजेंडे से लबरेज़ एक भ्रामक ख़बर चला दी। परन्तु इसबार उसे अपना यह साम्प्रदायिक पूर्वाग्रह भारी पड़ा। उसके विरुद्ध कर्नाटक में प्राथमिकी दर्ज हो गयी है। मामला इस समय कर्नाटक उच्च न्यायलय पहुँच चूका है। उसे जल्द ही गिरफ़्तार भी किया जा सकता है।



न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन (एनबीडीए) जिसमें अधिकांश गोदी मीडिया से जुड़े संपादक स्तर के लोग ही शामिल हैं,कुछ टी वी न्यूज़ ऐंकर्स तथा भारतीय जनता पार्टी ने 14 टी वी ऐंकर्स के बहिष्कार के इंडिया गठबंधन के फ़ैसले की आलोचना की है। एनबीडीए के अध्यक्ष अविनाश पांडेय ने तो इस फ़ैसले को मीडिया का गला घोंटने जैसा बताया है। उन्होंने कहा कि जो गठबंधन लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करता है वो इसे ख़त्म करता नज़र आ रहा है। एनबीडीए ने कहा है कि संगठन को इंडिया गठबंधन के इस फ़ैसले से काफ़ी पीड़ा हुई है और वो इसे लेकर चिंतित है।

उसने कहा है कि इस फ़ैसले ने एक ख़तरनाक मिसाल पेश की है। हालांकि चुनिंदा पत्रकारों का बहिष्कार ख़ुद भारतीय जनता पार्टी भी करती रही है। कई वर्षों तक भाजपा ने रवीश कुमार के रहते एन डी टी वी में अपना प्रवक्ता नहीं भेजा। अब ख़बर है कि ए बी पी न्यूज़ में संदीप चौधरी के तीखे सवालों से घबराकर भाजपा ने उनके शो में भी अपना प्रवक्ता भेजना बंद कर दिया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाठ दस वर्षों में एक भी संवाददाता सम्मलेन नहीं बुलाया। जहां तक विपक्षी गठबंधन INDIA द्वारा सत्ता के चाटुकार ऐंकर्स व चैनल्स के बहिष्कार का सवाल है तो यह पूरा देश व दुनिया के सामने है कि किस तरह मुख्यधारा के तमाम मीडिया चैनल 2013 से ही अपना पत्रकारिता धर्म भूलकर भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी की भूमिका अदा कर रहे हैं। वे भाजपा के गुप्त सांप्रदायिक एजेंडे को बेरोकटोक प्रचारित प्रसारित करते हैं। 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद तो इन गोदी मीडिया चैनल्स ने बेशर्मी व बेहयाई की सभी हदें पार कर दी हैं। यह गत दस सालों से सरकार से मंहगाई,बेरोज़गारी,तेल गैस के बढ़ते मूल्य,डॉलर के मुक़ाबले भारतीय मुद्रा का लगातार गिरते जाना,मणिपुर,मानवाधिकार,चीनी घुसपैठ,भ्रष्टाचार जैसे अनेक सवाल सत्ता व सरकार से पूछने के बजाए कभी कांग्रेस कभी राहुल गाँधी तो कभी विपक्ष से ही सवाल पूछते रहते हैं। पूरा विश्व सत्ता की की जा रही इनकी दलाली व चाटुकारिता को देख कर सतब्ध है। भारतीय मीडिया का इतना अपमान देश के इतिहास में इसके पहले कभी नहीं हुआ। ऐसे ही ज़मीर फ़रोश स्वयंभू पत्रकारों की वजह से मुख्य धारा के भारतीय मीडिया को गोदी मीडिया,दलाल मीडिया,चाटुकार मीडिया,चरण चुम्बक,बिकाऊ मीडिया,भांड मीडिया और न जाने कैसे कैसे नामों से नवाज़ा जा चुका है। आज हालत यह है कि यह सत्ता परस्त व समाज विभाजक बदनाम शुदा टी वी ऐंकर्स जनता के मध्य रिपोर्टिंग करने के लिये नहीं जा सकते। अगर कहीं गये भी हैं तो इन्हें जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ा है। इनमें से कई तो सरकारी सुरक्षा के कवच में रहा करते हैं।

विषवमन कर देश में दंगाई पैदा करने वाले ज़मीरफ़रोशों का बहिष्कार निश्चित रूप से ज़रूरी तो था ही परन्तु इनके साथ ही उनके विरुद्ध भी सख़्त कार्रवाई की ज़रुरत है जो पर्दे के पीछे से इन ऐंकर्स को संचालित करते हैं यानी इनके आक़ाओं व उनके समस्त चैनल्स को भी प्रतिबंधित किया जाना चाहिये। क्योंकि ऐसे अवसरवादी व शुद्ध व्यवसायिक मानसिकता रखने वाले मीडिया घरानों की वजह से ही आज भारतीय मीडिया घोर संक्रमणकाल के दौर से गुज़र रहा है।

# देश की मुख्यधारा में चरित्र निर्माण, राष्ट्रीयता का सूत्रधार

चरित्र अथवा सच्चरित्रता को यदि हम परिभाषित करें, तो अच्छे आचरण, चाल चलन, स्वभाव, गुणधर्म, आदि इत्यादि को चरित्र तथा सचरित्रता का तात्पर्य अच्छा चाल चलन, अच्छा स्वभाव, अच्छे व्यवहार से है। मनुष्य समाज के बीच रहने वाला दोपाया है। अत: समाज के मध्य ऐसे गुणों का होना आवश्यक है, जिनके द्वारा व समाज में शांति पूर्वक रहते हुए देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। मनुष्य के खराब आचरण से समाज का वातावरण भी प्रदूषित, खराब होता है। दूसरी तरफ अच्छे राष्ट्रीय चरित्र फलादेश हमेशा प्रगति के पथ पर चलकर एक महान राष्ट्र की संज्ञा पाता है। काम, क्रोध,लोभ, मोह, संताप, निर्दयता और ऐसे अवगुण मनुष्य के सामाजिक जीवन में अशांति उत्पन्न करते हैं। ऐसा व्यक्ति सदैव दुराचारी ही माना जाता है जो अच्छे आचरण या अच्छे चरित्र का ना हो। दूसरी ओर इसके जरा विपरीत निष्ठा, ईमानदारी, लगन शीलता, संयम तथा परोपकार इत्यादि पालन करने वाला मनुष्य चरित्रवान और सच्चरित्र वाला कहलाता है। इसके अलावा उदारता, विनम्रता,सहिष्णुता, सत्यभाषण किसी राष्ट्र को चरित्रवान बनाता है।

हमारे देश के महान नेता बापू महात्मा गांधी ने कूटनीति की चमक को बड़ा नहीं समझा,बुद्धि विकास को बड़ा नहीं समझा, चरित्रिक बल को ही मान दिया है। आज हमें अधिक से अधिक इस बात पर विचार करना है कि चरित्र बल केवल एक व्यक्ति का नहीं समूचे देश का होना चाहिए। राष्ट्रीय चरित्र को अत्यधिक महत्व देने वाली पंक्तियां मूर्धन्य आलोचक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई पंक्तियां से हम सब भली भली भांति परिचित हैं,उसका हिंदी भावार्थ है, यदि धन गया तो कुछ भी नहीं गया, यदि स्वास्थ्य गया तो थोड़ा गया, और यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। उनके इस कथन से चरित्र का महत्व स्पष्ट परिलक्षित होता है। कर्म मानव की अभिव्यक्ति है, वैसे ही जीवन चरित्र की अभिव्यक्ति है। हारवर्ट स्पेंसर ने कहा कि किसी मनुष्य राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा नहीं चरित्र है, और यही सबसे बड़ा उसका रक्षक है। चरित्रवान व्यक्ति ही अच्छा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कर सकता है। और अच्छा राष्ट्रीय चरित्र एक महान देश को जन्म देता है। जिसमें विश्व में शांति, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग की भावना को बल मिलता है। चरित्रवान नेता पूरे देश को अच्छे से नेतृत्व देकर सही विकास और शिक्षा की ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। चरित्रहीन नेता देश को रसातल की ओर ले जाने में नहीं चूकता है। इसीलिए हमारा परम कर्तव्य बनता है कि हम देश के प्रतिनिधि के रूप में चरित्रवान नेताओं का ही चुनाव करें। राजनीति एक कठिन डगर है, जहां की पगडंडी बल खाकर आगे बढ़ती है। और इस प्रयास में हमें समाज में सदाचार को बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। भ्रष्टाचार कदाचार की संभावनाओं को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए, और इस प्रयास में हमें बच्चों को प्रारंभ से ही नैतिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए।चरित्रवान नेता सदैव अपने नागरिकों को महान बनने की प्रेरणा देता है। और सचरित्र ही हमेशा उदाहरण बनके आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। महात्मा गांधी तथा अन्य नेताओं ने चारित्रिक प्रबलता के दम पर ही ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंका था।

सदाचारी व्यक्ति की समाज में प्रतिष्ठा होती है,और दुराचारी नेता सदैव निंदा का पात्र बनता है। जिस राष्ट्र के नेता नागरिक दुराचारी हो उसकी प्रगति कभी ठीक से नहीं होती।

## उसे हंस लेना चाहिए था

चलते चलते रुक गया वह
जाकर भी नहीं जा पाया वह
सोचने और सोचने के पहले
और फिर बाद में।

सोचना रुक सा गया था
याद आती बातों को
अपने हाथों में भींचना चाहता था
पर नहीं कर पाया ऐसा
पकड़ लेता उन यादों को,

जो पिछले सालों से
लगातार पास आकर
बिना कुछ कहे चले जाती थी
पूरी पूरी तरह दूर भी नहीं जाती
हाथों की उंगलियों की दरारों से
फिसल कर दिमाग मैं घूम फिर कर
वापस जाकर गुम हो जाती।

आती-जाती बातों से
उसका फिर हवा में
उसका सिर टकराया भी

बातें लंबी चौड़ी थी
ज्यादातर आकार नहीं होता था
फिर अपनी मिच-मिचाती आंखों से
देख नहीं पाया बातों को
बातों का चेहरा तिरछा था शायद।

फिर उसका सिर तीखी हंसी से
जोर से टकराया था
बिना सिर पैर की बातों की हंसी
वह भी हंसना चाह रहा था
पर होठों और चेहरे ने साथ नहीं दिया
घुट कर रह गया वह।

वैसे न हंस पाने और हंस लेने
के बाद की स्थिति में
ज्यादा फर्क नहीं पाया उसने
फिर सोचा उसे हंस लेना चाहिए था
अपनी परिस्थितियों पर
अपने न हंस पाने की मजबूरी पर।

# मोदी के सक्षम, कुशल, सेवाभावी नेतृत्व में भारत का यशोगान पूरी दुनिया में हो रहा है

प्रो. संजय द्विवेदी

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री ने 22 जनवरी, 2015 को पानीपत, हरियाणा में की थी। इस योजना से शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिली है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों को भी प्रोत्साहन मिला है।

किसी भी राष्ट्र की सुख-समृद्धि का पता इस बात से चलता है कि वहां की प्रजा कितनी सुखी है और आर्थिक, सामाजिक और वैचारिक रूप से कितनी विकसित हुई है। प्रजा का यह विकास उसके नेतृत्व की कुशलता, सामर्थ्य और दूरदर्शिता से पता चलता है।

आज जब हम भारत की स्वतंत्रता के अमृतकाल का उत्सव चुके हैं, तो हम अपने सौभाग्य पर गर्व अनुभव कर सकते हैं कि जिस सक्षम, शक्तिवान और दूरदृष्टा नेतृत्व की आवश्यकता हम दशकों से अनुभव कर रहे थे, आज वैसा ही नेतृत्व हमारे पास है। एक समर्पित, सेवाभावी और सहृदय नेतृत्व, जिसकी सभी प्राथमिकताओं में जनता का कल्याण, उसके हित और उसकी सुरक्षा सर्वोपरि है। जी-20 के सफलतम आयोजन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को विश्व नेता के रूप में स्थापित कर दिया है।

भारत और भारतीय जनता के लिए इस स्वर्ण युग का आरंभ वर्ष 2014 में हुआ था, जब देश में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने देश की कमान संभाली थी। तीन दशकों में यह पहली बार था, जब केंद्र में कोई गैर कांग्रेसी सरकार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आई थी। लेकिन, यह भी पहली बार था, जब सत्ता संभालने के बाद किसी दल ने जीत का जश्न मनाने के बजाय, पहले ही दिन से उन चुनौतियों पर ध्यान देना शुरू कर दिया, जो देश और देशवासियों की प्रगति के राह में बाधक बनी हुई थीं। प्रधानमंत्री ने अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में ही स्पष्ट कर दिया था कि वह प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि प्रधान (यानि जनता) के सेवक हैं, जिसका पहला उद्देश्य अपने देश और देशवासियों की सेवा करना है।

और अब, जब माननीय प्रधानमंत्री जी का यह सेवाभावी व कुशल नेतृत्व दशक वर्ष में प्रवेश कर चुका है, देश और जनता को बीते नौ सालों में क्या-क्या नए अनुभव हुए हैं, क्या-क्या नई उपलब्धियां हासिल हुई हैं; इनका एक सिंहावलोकन करना काफी महत्वपूर्ण होगा।

माननीय नरेन्द्र मोदी जी का देश के प्रधानमंत्री के रूप में यह दूसरा कार्यकाल है। पहले कार्यकाल की तुलना में इस कार्यकाल में बहुत सारी नई-नई चीजें शामिल हुई हैं और हो रही हैं। लेकिन जो नहीं बदला, वह है नेतृत्व में देश और देश के नागरिकों की सेवा की भावना और सरकार के हर फैसले में जनता की सहभागिता। ये चीजें पहले कार्यकाल में भी प्रमुखता से मौजूद थी, इस बार भी हैं। 'सबका साथ, सबका विकास', महज चार शब्दों का नारा नहीं, बल्कि एक वास्तविकता है, जिसे देश की जनता ने बीते नौ सालों में पूरी शिद्दत के साथ अनुभव किया है।



अगर हम पिछले एक दशक में देश की जनता के लिए वर्तमान सरकार द्वारा किए गए सेवा कार्यो की सूची बनाना शुरू करें, तो यह बहुत लंबी हो जाती है। इन कार्यों में जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं, उनमें पहला है डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना। इसने सरकारी राहतों और लाभान्वितों के बीच की दूरी को पाटते हुए उन तमाम बिचौलियों को बाहर का रास्ता दिखाया, जो राहत राशि का एक बड़ा हिस्सा बीच में ही खा जाते थे, और उसका एक बहुत छोटा हिस्सा ही वास्तविक लाभार्थी को मिल पाता था। नौ सालों में यह योजना कितना विस्तृत रूप ले चुकी है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बीते वित्त वर्ष (2022-23) में, भारत सरकार के 53 मंत्रालयों की 312 योजनाओं के अंतर्गत कुल 670 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए, जिनमें कुल 6,74,484 करोड़ रुपये, डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभान्वितों के खातों में जमा हुए। इससे न सिर्फ अधिक लोगों का लाभ हुआ, बल्कि बीच के भ्रष्टाचार और सुस्त गति से भी निजात मिली।

सेवा भाव का अगला सबसे बड़ा उदाहरण श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल पर आरंभ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना है। एक स्वस्थ भारत के निर्माण का लक्ष्य हासिल करने की ओर बढ़ते हुए इस योजना में अब तक 12 करोड़ परिवारों के लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को जोड़ा जा चुका है, जिन्होंने इसे विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना बना दिया है। जन सेवा से संबंधित योजनाओं की इसी श्रृंखला में करीब दस करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी प्रदान करने वाली उज्ज्वला योजना है, जो वर्ष 2016 से चल रही है। इसके तहत, बीते वित्त वर्ष में 6100 करोड़ रुपये प्रदान किये गए हैं तथा चालू वर्ष के लिए 7680 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। 2017 मे लॉन्च सौभाग्य योजना है, जिसके तहत हर घर में बिजली पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। सौभाग्य के माध्यम से, मार्च 2021 तक देश के 2.82 करोड घरों में बिजली पहुँचाई जा चुकी थी।

स्वास्थ्य, ईंधन और बिजली के अलावा आम जन को जिस चीज की सबसे ज्यादा जरुरत होती है, वह है पीने के लिए स्वच्छ जल। 'हर घर नल' के नाम से लोकप्रिय, केन्द्र सरकार का जल जीवन मिशन इस दिशा में एक बहुत सशक्त और महत्वाकांक्षी पहल है।

3.60 लाख करोड़ के बजट वाले इस राष्ट्रीय मिशन के तहत वर्ष 2024 तक देश के प्रत्येक घर में नल का कनेक्शन पहुँचाया जाएगा, ताकि पीने के पानी के लिए किसी को भी दूर न जाना पड़े। सिर्फ 20 रुपये के सालाना प्रीमियम पर दो लाख रुपये की दुर्घटना बीमा योजना, सालाना 436 रुपये में दो लाख रुपये की प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, अंत्योदय अन्न योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, हाउसिंग फॉर ऑल, ऐसी दर्जनों योजनाएं और कार्यक्रम हैं, जो केन्द्र सरकार द्वारा आम आदमी के हित को ध्यान में रखकर चलाए जा रहे हैं। इनसे करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं और हो रहे हैं।

ये योजनाएं साक्षी हैं इस बात की कि प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को अमली जामा पहनाते हुए गति और गुणवत्ता, दोनों का ध्यान रखते हुए यह सुनिश्चित किया है कि सरकार की योजनाओं और पहल का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँच सके।

जहां तक संवाद और सम्पर्क की बात है, तो प्रधानमंत्री ने सत्ता को नेतृत्व में बदलकर उस खाई को पूरी तरह पाट दिया है, जो वर्ष 2014 से पूर्व देश की जनता और शासकों के बीच में स्थायी रूप से मौजूद नजर आती थी। एक तरफ 'मन की बात' जैसा कार्यक्रम है, जिसने देश की जनता को प्रधानमंत्री से सीधे जोड़ने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## शार्ट न्यूज

### चोरी का माल बरामद, महिला सहित पांच गिरफ्तार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के थाना केराकत पुलिस ने धारा 380 भादवि का सफल अनावरण करते हुये चोरी करने वाले महिला सहित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा कारतूस, लैपटाप, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त तीन वाहन बरामद बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस उपाधीक्षक केराकत गौरव कुमार शर्मा के निर्देशन में केराकत पुलिस टीम द्वारा धारा 380 भादवि का अनावरण करते हुये चोरी करने वाले अभियुक्तगण मय माल व घटना मे प्रयुक्त वाहन सहित गिरफ्तार किये । गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगणों में अजय सोनकर उर्फ करिया पुत्र सुबाष सोनकर निवासी पंचकोशी पैगम्बरपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी , सूरज गुप्ता पुत्र भैयालाल गुप्ता निवासी सूजाबाद थाना रामनगर जनपद वाराणसी , विशाल गुप्ता पुत्र भैरव गुप्ता निवासी सलारपुर थाना सारनाथ वाराणसी , पूजा गुप्ता पत्नी सूरज गुप्ता निवासी सूजाबाद पड़ाव थाना रामनगर वाराणसीत था । अशोक गुप्ता पुत्र मुन्नालाल गुप्ता निवासी पैगम्बरपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को गोमती नदी पुल के पास ग्राम सिहौली से गिरफ्तार किया गया है।

### मंदिर में नमाज: मां -बेटी और मौलवी हिरासत में

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में थाना भुता स्थित गांव केसरपुर में एक मौलवी की सलाह पर प्राचीन शिव मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने वाली मां बेटी को पुलिस ने रविवार को हिरासत में ले लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है। क्षेत्राधिकार पुलिस फरीदपुर गौरव सिंह ने बताया कि थाना भुता में गांव केसरपुर निवासी प्रेम सिंह ( ग्राम प्रधान पति ) ने शुक्रवार देर शाम अवगत कराया था कि उत्तर दिशा स्थित प्रचीन शिव मन्दिर परिसर में सबिना ( 19 ) पुत्री जाकिर हुसैन व नजीरा ( 38 ) पत्नी जाकिर हुसैन ने बैठकर नमाज अदा की थी। जानकारी लेने पर दोनों ने बताया कि हमको चमनशाह मियाँ सैद्धपुर मजार वालो ने नमाज पढने को कहा है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि ऐसी हरकत से गाँव में माहौल खराब हो रहा है। पुलिस ने प्रेम सिंह की तहरीर पर सबीना उसकी मां नजीरा और सिद्धपुर मजार के मौलवी चमन शाह मियां पर थाना भुता में धारा 295ए और 120बी के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। सबीना ( बेटी ) नजीरा ( मां ) और सिद्मधपुर मजार के मौलवी चमन शाह मियां को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

### नये संसद भवन का विशेष सत्र जनहित के मुद्दों को हो समर्पित : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी ( बसपा ) मायावती ने नये संसद भवन में सोमवार से शुरु हो रहे विशेष सत्र के जनहित के मुद्दों पर समर्पित होने की उम्मीद जतायी है। मायावती ने रविवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा नए संसद परिसर में आज ध्वजारोहण तथा कल से वहाँ शुरु हो रहे विशेष सत्र की सभी सांसदों को हार्दिक बधाई। नया संसद भवन लोकतंत्र की मज़बूती व परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी संविधान के उद्देश्यों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा, ऐसी आशा। उन्होने कहा वैसे कमरतोड़ महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, लाचारी आदि के अभिशप्त जीवन से मुक्ति तथा आन्तरिक व बाहरी सुरक्षा जैसे़ देश व जनहित के ज्वलन्त मुद्दों पर नई संसद का सत्र अगर समर्पित होता है तो लोगों में उम्मीद की किरण जगेगी। कश्मीर में अफसरों/जवानों की शहादत को भी गंभीरता से लेना जरूरी। बसपा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 73वें जन्मदिन पर बधाई प्रेषित करते हुये उनके स्वस्थ जीवन की कामना की है। इसके साथ ही उन्होने विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी।

### बहराइच: किशोर की मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के कुंडासर गांव निवासी एक किशोर की बैरी सालपुर गांव जाने के दौरान रास्ते में पानी के तेज बहाव में डूबने से मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडासर निवासी मुकेश यादव ( 17 ) पुत्र मंगल यादव शनिवार शाम को सात बजे बैरी सालपुर गांव के लिए घर से निकला था। देर रात तक किशोर घर नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू हुई। जिस पर पिता मंगल अन्य परिवार के लोगों के साथ तलाश करने लगा। थाना क्षेत्र के रुकनापुर खुर्द ग्राम पंचायत में स्थित गांधी घाट में मुकेश का शव मिला, जहां पानी अधिक मात्रा में बह रहा था। मृतक के पिता मंगल यादव ने 10 बजे थाने पहुंचकर सूचना दी। साथ ही तेज पानी के बहाव में डूबकर मौत की आशंका जताई। पुलिस ने बताया कि किशोर की मौत पानी में डूबने से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### चचेरे भाइयों ने की किशोर की हत्या

महराजगंज। उत्तर प्रदेश के महराजगंज में अंडे खाने के बाद 115 रूपये को लेकर हुए विवाद में तीन चचेरे भाइयों ने एक 15 वर्षीय लड़के की गला रेत कर की हत्या कर दी है। यह हैरान करने वाला मामला महराजगंज जनपद के घुघली थानाक्षेत्र में सामने आया है, जब कुछ लोगों के द्वारा एक लड़के की हत्या केवल इसलिए कर दी गयी कि अंडे खाने के बाद 115 रुपए लेनदेन में विवाद हो गया। विवाद के बीच ही तीन लोगों ने 15 वर्षीय नाबालिक लड़के की हत्या कर दी जाती है। 15 वर्षीय लड़का चंदन बीते गुरुवार से अपने घर से गायब था जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को दी और जानकारी मिलने के बाद पुलिस इस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई । वही पुलिस की टीम ने जब संदिग्ध लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि तीन चचेरे भाइयों ने 115 रुपये के अंडे खरीदने को लेकर हुए विवाद में 15 वर्षीय लड़के चंदन की गला रेत कर हत्या कर दी जाती है और उसके बाद उसके शव को छुपा दिया जाता है । शव की तलाश में जुटी पुलिस को आज कोठीभार थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के नदी किनारे एक केले के खेत में शव मिल गया।

### उन्नाव में मवेशियों को बचाने में पुल से गिरे दंपती

**उन्नाव।** उन्नाव में गंगाघाट थाना क्षेत्र के अतरी गांव स्थित पुल पर मवेशियों को बचाने में बाइक सवार दम्पत्ति बेकाबू होकर बाढ़ के भरे पानी में जा गिरे। पानी अधिक होने से पत्नी की डूबने से मौत हो गई। जबकि पति बाल-बाल बच गया। जानकारी पर ग्रामीणों ने उसे पानी से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बरहली गांव के रहने वाले शुभम की 28 अप्रैल 2022 में आसीवन थाना क्षेत्र के खरगौरा गांव निवासी सुनीता उर्फ रीता से शादी हुई थी। सुनीता को पढ़ाई के सिलसिले के चलते पति शुभम सदर कोतवाली स्थित हुसैननगर बक्खाखेड़ा गांव स्थित स्कूल आया था। वापस लौटते समय वह गंगाघाट थाना क्षेत्र के अतरी गांव निवासी बुआ सीमा के घर चला आया। बाइक से दम्पत्ति वापस घर जा रहे थे। इसी दरम्यान अतरी गांव स्थित पुल पर मवेशी को बचाने में बेकाबू बाइक समेत दम्पत्ति बाढ़ के पानी में गिर गए। किसी तरह पति शुभम बाहर निकल आया।

### बिजली गिरने से एक युवक की मौत

अयोध्या। अयोध्या में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो बालक झुलसे गए। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र रामापुर यादवपुर गांव का है। गांव के रहने वाले 20 वर्षीय शिवम सिंह की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो गई। जबकि मन्नू ( 10 ) व पीयूष ( 10 ) वर्ष आकाशीय बिजली गिरने से झुलसे, दोनों का इलाज स्थानीय सीएचसी में चल रहा है। तीनों एक पेड़ के नीचे बैठकर मोबाइल में पप्जी खेल थे। गौरतलब है कि रविवार दोपहर अयोध्या में कई स्थानों पर मुसलाधार बारिश हुई। बारिश के चलते लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिली। कोतवाली क्षेत्र के गोसाईंगंज कोतवाली क्षेत्र के यादवपुर ग्राम सभा में अचानक मौसम बदलने लगा और बारिश के साथ-साथ तेज हवा चलने लगी। बारिश के साथ ही बूंदाबांदी शुरू हो गई। अचानक आसमान में बिजली चमकी और तीनों पर वज्रपात हो गया। इस दौरान 20 वर्षीय शिवम् सिंह पुत्र जीत बहादुर सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मन्नू पुत्र लालजी और पीयुष पुत्र बबलू कन्नौजिया तीनों घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों की चीख पुकार सुन गांव के सभी लोग मौके पर पहुंचे।

# आईजीआरएस की रैंकिंग जारी

## लापरवाह अफसरों को योगी की चेतावनी

एजेंसी



**लखनऊ।** जनसुनवाई समाधान प्रणाली, आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की अगस्त माह की टॉप और बॉटम 10 रैंकिंग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने पेश की गई है। प्रदेश के सभी जिलों के जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्नर, एसएसपी और एसपी के अलावा तहसीलों के कार्यों के विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर ये लिस्ट तैयार हुई है। लिस्ट में खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने कड़ी हिदायत देते हुए अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए कहा है।
मुख्यमंत्री ने कहा है कि एक माह बाद दोबारा उन सभी के कार्यों की समीक्षा होगी, जिसमें खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता के लिए कारगर बनेंगें तो उनका कार्यकाल भी यादगार बनेगा।
आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के कार्यों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 जिलाधिकारियों में अमेठी, कन्नौज, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, सोनभद्र, गाजियाबाद, महोबा, मिर्जापुर, हापुड़ और भदोही हैं। वहीं बागपत, गोरखपुर, बरेली, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, सिद्धार्थनगर, सहारनपुर, रामपुर और मुरादाबाद के जिलाधिकारियों के प्रदर्शन को सबसे खराब बताया गया है।
लिस्ट में प्रदेश में सबसे अच्छा कार्य करने वाले पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी में क्रमशः अलीगढ़, श्रावस्ती, सोनभद्र, हमीरपुर, कुशीनगर, फर्रूखाबाद, कासगंज, चित्रकूट, भदोही और हाथरस हैं। इसी प्रकार बॉटम 10 में क्रमशः बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, फतेहपुर, झांसी, अयोध्या, एटा, हापुड़, आजमगढ़ और संत कबीर नगर के पुलिस अधिकारी हैं।
लिस्ट में सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली प्रदेश की तहसीलों को भी शामिल किया गया है। इसमें टॉप 10 में अलीगढ़ की कोल, जौनपुर की केराकत और बदलापुर, श्रावस्ती की इकौना, प्रयागराज की सदर, बागपत की बड़ौत, अलीगढ़ की अतरौली, बुलंदशहर की स्याना, जालौन की उरई और अमरोहा की हसनपुर तहसील शामिल हैं। इसी प्रकार खराब प्रदर्शन वाली बॉटम 10 में क्रमशः रामपुर की बिलासपुर, कन्नौज की तिर्वा और छिबरामऊ, रामपुर की मिलक, हापुड़ की धौलाना, हाथरस की हाथरस, संत कबीरनगर की खलीलाबाद, खीरी की धौरहरा, कन्नौज की कन्नौज और रायबरेली की ऊंचाहार तहसील शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने खराब प्रदर्शन वाले सभी जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक माह के अंदर सतत जन सुनवाई करते हुए समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटारे के लिए निर्देशित किया है।

## औरैया : युवक का शव फंदे पर लटकता मिला, हत्या का आरोप

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के बेला क्षेत्र के एक गांव में रविवार सुबह एक युवक का शव गांव के बाहर खेत में पेड़ पर लटका मिलने से हडकंप मच गया।
आधिकारिक सूत्रों ने यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बेला थाने के गांव सूनी खेड़ा निवासी राजेश सिंह चौहान दिल्ली की कंपनी में नौकरी करते हैं। उनके बेटे सत्यम ( 19 ) का शव पेड़ पर लटका मिला है। सत्यम फरीदाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। वह बीती चार सितंबर को घर के लिए निकला था और घर नही आया।
उसने मां को फोन करके घर न आने की बात कही। इसके बाद उसे संपर्क टूट गया, तो पिता ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इसी बीच मैनपुरी के भोगांव निवासी ने एक महिला के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला सत्यम के गांव की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि इटावा जिले के थाना भरथना पुलिस ने सत्यम को महिला के साथ पकड़ लिया। जिस पर दोनों पक्षों में समझौता के बाद 14 सितंबर को सत्यम को छोड़ दिया गया और वह गांव आ गया। शनिवार की शाम वह शौच क्रिया के लिए निकला, लेकिन घर नहीं पहुंचा। इस पर परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। रात में ही परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मोबाइल सर्विलांस पर लगाया।
रविवार की सुबह जल निगम की पाइप लाईन बिछा रहे मजदूरों ने गांव के बाहर एक पेड़ पर सत्यम का शव फांसी पर लटका देखा तो सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव थाने ले आई। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे थे। परिजनों ने पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाया।

## केजीएमयू की तीसरी मंजिल से गिरा मरीज, मौत

### 4 दिन पहले रीढ़ की हड्डी का हुआ था ऑपरेशन

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ के केजीएमयू में बड़ा हादसा हो गया। रविवार सुबह करीब 9.30 बजे केजीएमयू के लिंब सेंटर की तीसरी मंजिल से एक मरीज नीचे गिर पड़ा। उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। 4 दिन पहले मरीज की रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन हुआ था। फिलहाल, मरीज कैसे गिरा। इसकी जांचत्तरू प्रशासन ने शुरू कर चुका है।

#### 10 दिन पहले भर्ती, 4 दिन पहले ऑपरेशन था हुआ

केजीएमयू प्रशासन के मुताबिक, मरीज का नाम रामवृक्ष ( 54 ) था। वह कुशीनगर के रहने वाले थे। उनको 10 दिन पहले लिंब सेंटर के जनरल वार्ड में भर्ती किया गया था। कई साल पुरानी कमर में चोट में दर्द की शिकायत थी। आयुष्मान योजना के तहत उसकाचत्तरू में इलाज किया जा रहा था। बुधवार को उनका ऑपरेशन डॉ.शाह वलीउल्लाह ने किया था। ऑपरेशन के बाद उन्हें जनरल वार्ड में शिफ्ट किया गया था। यहां करीब 40 मरीज और भर्ती है।

रविवार सुबह करीब 9.30 बजे वह इसी वार्ड की खिड़की से नीचे गिर पड़े। खून से लथपथ उन्हें मरीजों ने ही पड़ा देखा। इसके बाद डॉक्टरों को इसकी सूचना दी। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि मरीजों की सूचना पर रामवृक्ष को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई।

फिलहाल, मरीज नीचे कैसे गिरा ? पुलिस इस मामले की तफ्तीश कर रही हैं। जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

## शाहजहांपुर में पुलिस मुठभेड़ में बरेली के चार लुटेरे गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चैन स्नैचिंग और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी बरेली जिले के रहने वाले हैं। चेन स्नैचिंग और लूटा गया माल भी पुलिस ने बरामद किया है। सभी आरोपी रेसर बाइकों से रात में 9 से 10 बजे के बीच घटनाओं को अंजाम देते हैं। गिरफ्तार किए गए एक आरोपी पर 14 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों ने शाहजहांपुर में दो घटनाओं को अंजाम दिया था। घटना करने से पहले बाइकों की नंबर प्लेट बदलकर फर्जी लगा देते थे। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। बता दें कि, थाने और पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुई घटनाओं से व्यापारियों से लेकर स्थानीय लोगों ने काफी रोष था। थाना सदर बाजार क्षेत्र से चंद कदम की दूरी पर 6 सितंबर की रात व्यापारी मृदुल कपूर से बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर सोने की चैन और मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे।

# पकड़े जाने पर गैंगस्टर ने खाया जहर, मौत

### श्मशान पर गाड़ी से चोरी कर रहा था पेट्रोल, तभी लोगों ने रंगेहाथ पकड़ लिया

**झांसी।** झांसी में एक गैंगस्टर ने पकड़े जाने पर जहर खाकर सुसाइड कर लिया। दरअसल, वह श्मशान घाट में शव लेकर आए लोगों की गाड़ी से पेट्रोल चुरा रहा था, तभी लोगों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। लोगों ने पहले उसे पीटा। फिर पुलिस को फोन कर दिया। इससे आरोपी घबरा गया और उसने जेब से जहर निकाला और खा लिया।
इसके बाद पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। फिलहाल, पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम करा रही है। आरोपी पर चोरी, गैंगस्टर समेत अन्य धाराओं में 15 केस दर्ज थे।

#### अंतिम संस्कार करने आए थे लोग

मृतक का नाम उमेश अहिरवार ( 35 ) था। वह प्रेमनगर थाना क्षेत्र के खातीबाबा का रहने वाला था। स्क्र सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह का कहना है, शनिवार शाम को गोंदू कंपाउंड से कुछ लोग शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए नंदनपुरा श्मशान घाट पर आए थे। लोगों ने वाहन श्मशान घाट के बाहर खड़े किए थे, तभी आरोपी उमेश और उसका साथी दिलशाद एक गाड़ी से पेट्रोल चोरी करने लगे।
चोरी करते हुए लोगों ने देख लिया और दोनों को पकड़ लिया। शोरगुल सुनकर आस-पास के लोग जुट गए। तब गाड़ी मालिक और पब्लिक ने आरोपियों की धुनाई कर दी और पुलिस को कॉल लगा दिया।

#### जेब से निकाला जहर-निगल लिया

एसपी सिटी ने बताया कि जब लोगों ने पुलिस को कॉल किया, तो आरोपी उमेश घबरा गया। उसने जेब से जहरीला पदार्थ निकाला और निगल लिया। जहर निगलने के बाद लोग डर गए और मौके से भाग खड़े हुए, तभी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उसे आनन-फानन मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया गया। जहां शनिवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# रायबरेली : सवारियों से भरी बस खाई में पलटी, कई घायल

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के ऊंचाहार इलाके में श्रद्धालुओं से भरी बस आवारा पशुओं को बचाने के कारण खाई में पलट गई है जिसमें कई लोग घायल हो गये हैं।

पुलिस सूत्रों से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार ऊंचाहार इलाके में शनिवार देर रात आवारा जानवर को बचाने चक्कर में श्रद्धालुओं से भरी बस सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। बस पलटने से बस में सवार श्रद्धालु घायल हो गए जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के मुताबिक यह मामला ऊंचाहार इलाके के लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर स्थित पंचशील डिग्री कॉलेज के पास का है, जहां बछरावां थाना क्षेत्र के सोरांव गांव के रहने वाले लोग है।




महिलाएं, बुजुर्ग व मासूम बच्चों सहित 22 लोग एक प्राइवेट बस बुक करा कर प्रतापगढ़ जिले के कुंडा में स्थित मनगढ मंदिर दर्शन करने गए हुए थे सभी श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने के बाद बस से वापस घर आ रहे थे तभी अचानक पंचशील डिग्री कॉलेज के सामने अचानक आवारा जानवरों का झुंड आ गया । बस चालक आवारा जानवरों को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। बस पलटते ही श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद बस में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल भिजवाया।

इस हादसे में ज्योति, आरजू, सुनीता प्राची विजयलक्ष्मी अरुष समेत कुल 11 लोगो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

हादसे में एक बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है तथा शेष श्रद्धालुओं को मामूली चोटें होने के कारण उनका उपचार करके उनको घर भेज दिया गया।

## आजमगढ़ में डिलिवरी वैन से कुचलकर मासूम की मौत

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के जीयनपुर थाना क्षेत्र में डिलिवरी वैन से कुचलकर मासूम की मौत का मामला सामने आया है। कोतवाली के सुभाषनगर वार्ड एक नगर पंचायत में तीन वर्षीय मासूम सड़क पर खेल रहा था। इसी बीच गैस एजेंसी की पिकप मासूम के बगल से गुजरने लगी। इसी बीच मासूम डिलिवरी वैन की चपेट में आ गया और पहिए में फंस गया, जिस कारण कुचल गया। आस-पास के लोगों की मदद से परिजन तुरंत मासूम को इलाज के लिए ले गए तब तक मासूम की मौत हो चुकी थी। अस्पताल के डाक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इससे लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मासूम बच्चे की मौत के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सड़क पर जामकर प्रदर्शन करना शुरू करना चाहा पर मौके पर पहुंचे जीयनपुर इंस्पेक्टर यादवेन्द्र पांडेय ने लोगों को समझा-बुझाकर किसी तरह से रास्ता खुलवाया।

## जालौन की बेतवा नदी में डूबे दो किशोर: एक का मिला शव

जालौन। जालौन में शनिवार शाम को चार दोस्त साइकिल से एक साथ बेतवा नदी में नहाने गये थे। नहाते समय दो किशोर गहरे पानी में जाने से डूब गए थे। जिसमें से पुलिस ने एसडीआरएफ के सहयोग से एक किशोर का शव घटनास्थल से 3 किलोमीटर दूर ग्राम खरका से बरामद कर लिया। जबकि दूसरे की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
शनिवार शाम 4 बजे को उरई कोतवाली के मुहल्ला उमरारखेडा निवासी 17 वर्षीय समीर उर्फ छोटू, 16 वर्षीय अभिषेक, 16 वर्षीय हसन व 15 वर्षीय बरकत दो साइकिलों पर सवार होकर उरई से डकोर क्षेत्र से निकली बेतवा नदी स्थित टीकर घाट पर नहाने गए थे। जिसमें पहले नदी में समीर व अभिषेक नहाने चले गए, दोनों लोग नहाने समय नदी के गहरे पानी की तरफ चले गए, जिससे गहराई में जाने से वह डूब गए थे।
यह नजारा नदी किनारे खड़े दो अन्य साथी हसन और बरकत देख रहे थे। दोनों अपने दोस्तों को पानी में डूबने देख जोर जोर से चिल्लाने लगे थे। जिससे आवाज सुनकर कई लोग मौके पर एकत्रित हो गए थे, जिन्होंने किशोर को खोजने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही डकोर कोतवाली पुलिस के साथ गोताखोरों ने शनिवार शाम को किशोरों की खोजबीन शुरू की लेकिन अंधेरा और पानी अधिक होने के कारण के साथ किशोरों की तलाश थोड़ी ही देर बाद बंद कर दी थी। रविवार सुबह किशोरों को खोजने के लिए औरैया से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया, जिन्होंने स्थानीय पुलिस व गोताखोरों के साथ मिलकर शुरू की।

## माफिया मुख्तार अंसारी के सहयोगी की जमीन पर चला बुलडोजर

### गाजीपुर में सरकारी जमीन पर किए गया था कब्जा

**गाजीपुर।** गाजीपुर पुलिस द्वारा अंतरप्रांतीय आईएस-191 गैंग लीडर माफिया मुख्तार अंसारी के प्रमुख सहयोगी द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी जमीन को बुलडोजर चला कर कब्जा मुक्त कराया गया। कब्जा मुक्त हुई सरकारी जमीन की अनुमानित कीमत करीब सवा करोड़ रुपए बताई जा रही है।
माफिया मुख्तार अंसारी गैंग के सहयोगी मिसबाहुद्दीन अंसारी द्वारा मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के मुहल्ला यूसुफपुर गंज कस्बा में अवैध अतिक्रमित भूमि कब्जा मुक्त कराई गई।
एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि गाजीपुर में अवैध तरीके से धन, भू-सम्पत्ति व अचल सम्पत्ति अर्जित करने वाले माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अंतरप्रान्तीय गैंग के दोषसिद्ध माफिया मुख्तार अंसारी का प्रमुख सहयोगी मिसबाहुउद्दीन अंसारी के द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के नाम जीविकोपार्जन हेतु आवंटित पोखरे वाली करीब 10 बिस्वा भूमि को अवैध तरीके से अपनी मां रशीदा खातून के नाम रजिस्ट्री करा लिया गया था। F.H.A स्कूल की चहारदीवारी बनाकर और गेट लगाकर जलमग्न भूमि को कब्जा कर लिया गया था।

#### पुलिस बल के साथ अधिकारी रहे मौजूद

इसे आज उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद और सर्किल के पुलिस बल के साथ कब्जा मुक्त कराया गया। पुलिस ने बुलडोजर चलाकर स्कूल की चाहरदिवारी और गेट को ध्वस्त कर दिया गया। कब्जा मुक्त कराई गई भूमि 0.130 हे0 ( 1300 वर्ग मीटर ) भूमि है। इसकी कीमत करीब सवा करोड़ रुपए बताई जा रही है।

## 32 लाख की साइबर ठगी करने वाले तीन नाइजीरियन गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ की साइबर टीम ने 32 लाख से अधिक की साइबर ठगी करने वाले तीन नाइजीरियन ठगों को गिरफ्तार किया है। इन ठगों पर आरोप है कि सोशल मीडिया पर लोगों से दोस्ती कर महंगे गिफ्ट और करोड़ो रूपए देने के बहाने लोगों को ठगते थे। अभी तक इन आरोपियों ने 100 करोड़ से अधिक की ठगी की है। इन आरोपियों के कब्जे से सात मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, चार पासपोर्ट, चार इंडियन और चार नाइजीरियन सिम 100 से अधिक फेसबुक, इंस्टाग्राम आईडी और पासवर्ड के लिंकेज मिले हैं। आजमगढ़ आईजी अखिलेश कुमार के निर्देश पर मामले का खुलासा करने में टीमें जुट गई। बलिया के रहने वाले पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई की इंस्टाग्राम पर lawrence_micheal022 ने दोस्ती कर मेरे शादी में महंगे उपहार देने के नाम पर मुझसे करीब 32 लाख की साइबर धोखाधड़ी की गयी हैं।

# नशे में हंगामा करने वाला कॉन्स्टेबल सस्पेंड

## कानपुर में शराब के लिए व्यापारियों से मांग रहा था रुपए, विरोध पर मार्केट वालों से की अभद्रता



**कानपुर।** कानपुर के रावतपुर में नशे में धुत होकर मार्केट में हंगामा करने और वसूली के आरोप में फंसे कॉन्स्टेबल निजामुद्दीन को डीसीपी वेस्ट ने देर रात सस्पेंड कर दिया। इसके साथ ही विभागीय कार्रवाई का भी आदेश दिया है। व्यापारियों की शिकायत पर रावतपुर थाने की पुलिस ने कॉन्स्टेबल को हिरासत में लेकर मेडिकल के लिए भेजा था। जांच में अल्कोहल की पुष्टि होने पर देर रात उसके खिलाफ कार्रवाई की गई।

### ड्यूटी से नदारद होकर नशेबाजी कर रहा था

जांच-पड़ताल में यह भी सामने आया कि नशेबाजी करने वाला कॉन्स्टेबल निजामुद्दीन ड्यूटी के प्रति भी बेहद लापरवाही है। कचहरी सुरक्षा में ड्यूटी होने के बाद भी वहां से नदारद होकर रावतपुर थाना क्षेत्र में घूम-घूम कर नशेबाजी और उगाही कर रहा था। कॉन्स्टेबल का अब कच्चा चिट् ?ठा भी खंगाला जा रहा है। इससे उसके खिलाफ सख्त से सख्त विभागीय दंडात्मक कार्रवाई की जा सके।

#### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हुआ एक्शन

डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया कि कल्याणपुर थाने में कॉन्स्टेबल निजामुद्दीन तैनात है। शनिवार शाम को रावतपुर थाना क्षेत्र में हंगामा करने के साथ ही व्यापारियों से शराब के रुपए के लिए दबाव बना रहा था। विरोध करने पर कॉन्स्टेबल व्यापारियों से गाली-गलौज कर रहा था। इससे आक्रोशित व्यापारियों ने कॉन्स्टेबल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला पुलिस अफसरों तक पहुंचा तो रावतपुर थाना प्रभारी नीरज ओझा ने कॉन्स्टेबल को हिरासत में लेकर मेडिकल के लिए भेजा। जांच में पुष्टि हुई कि कॉन्स्टेबल निजामुद्दीन ने शराब पी रखी थी। इसके बाद कॉन्स्टेबल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया। इसके साथ ही सिपाही के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए भी रावतपुर थाने से रिपोर्ट मांगी गई है।

कॉन्स्टेबल मौजूदा समय में कल्याणपुर थाने में तैनात था, लेकिन उसकी ड्यूटी कचहरी परिसर की सुरक्षा में लगाई गई थी।

## शार्ट न्यूज

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर

मुंबई । विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 08 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर आ गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 08 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.3 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 526.4 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 55.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44.4 अरब डॉलर पर आग गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 13.4 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 3.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर पर आ गई।

### एफपीआई ने सितंबर में अब तक शेयरों से 4,768 करोड़ रुपये निकाले

अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने, मजबूत डॉलर और आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकोंने सितंबर के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजारों से करीब 4,800 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले एफपीआई मार्च से अगस्त तक लगातार छह माह भारतीय शेयरों में शुद्ध लिवाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने 1.74 लाख करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, आने वाले दिनों में एफपीआई बिकवाल रह सकते हैं क्योंकि मूल्यांकन रिकॉर्ड उच्चस्तर पर है। उन्होंने कहा, ''अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल (10 साल के लिए 4.28 प्रतिशत) ऊंचे स्तर पर है और डॉलर सूचकांक भी 105 के ऊपर है। ऐसे में एफपीआई अभी और बिकवाली कर सकते हैं।'' डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अब तक (15 सितंबर तक) शेयरों से शुद्ध रूप से 4,768 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले अगस्त में शेयरों में एफपीआई का प्रवाह चार माह के निचले स्तर 12,262 करोड़ रुपये पर आ गया था।

### भारत में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग पर नजर

जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) भारत में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग पर बारीकी से नजर रख रही है और उभरते परिदृश्य के आधार पर वह देश में और मॉडल उतारने की रणनीति बनाएगी। जगुआर लैंड रोवर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने यह बात कही है। अंबा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि कई कारकों की वजह से घरेलू बाजार अपनी मांग को लेकर 'विशिष्ट' है। उन्होंने कहा, ''इस वजह से बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) की मांग पर हमारी नजदीकी नजर है। लक्जरी वाहन वाले उपभोक्ता अपनी पसंद और नयी प्रौद्योगिकी को अपनाने के मामले में काफी समझ दिखा रहे हैं। ऐसे में हम उनके लिए कुछ खास वाहन देना चाहते हैं, जो उनकी आकांक्षाओं पर खरे उतरते हों।'' कंपनी फिलहाल देश में सिर्फ एक बिजलीचालित मॉडल 'जगुआर आई-पेस' बेचती है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर जेएलआर इस साल के अंत तक नई रेंज रोवर बीईवी के लिए बुकिंग शुरू करेगी, जो मौजूदा मॉड्यूलर लॉन्गिट्यूडिनल आर्किटेक्चर (एमएलए) की सफलता पर आधारित है। अंबा ने कहा कि एमएलए मंच कंपनी को विभिन्न बाजारों की मांग को पूरा करने के लिए आईसीई, हाइब्रिड और बीईवी रेंज रोवर्स का उत्पादन करने की सुविधा देता है। उन्होंने कहा कि भारत में बिजलीचालित वाहनों की मांग और रुझान के आधार पर हम देश में ईवी को उतारने की रणनीति बनाएंगे।

### त्योहारी सीजन में 90 हजार करोड़ रुपये का कारोबार करेंगी ई-कॉमर्स कंपनियां

इस बार के त्योहारी सीजन के दौरान ई-कॉमर्स रिटेलर कंपनियां 90 हजार करोड़ रुपये का कारोबार कर सकती हैं। रेडसियर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले त्योहारी सीजन सेल का कारोबार पिछले साल की तुलना में 18 से 20 फीसदी अधिक होगा। रेडसियर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, 'हमारा मानना है कि इस साल के त्योहारी सीजन में भारत के ई-कॉमर्स उद्योग का सकल मर्केंडाइज मूल्य (जीएमवी) करीब 90 हजार करोड़ रुपये रहेगा, जो पिछले त्योहारी सीजन के मुकाबले 18 से 20 फीसदी अधिक है। इसमें मुख्यत: 14 करोड़ उन खरीदारों की बदौलत तेजी आएगी जो इस त्योहारी सीजन के दौरान कम से कम एक बार ऑनलाइन खरीदारी जरूर करेंगे।' भारत में ऑनलाइन रिटेलर कंपनियों द्वारा त्योहारी सीजन वाली बिक्री के आयोजन का दसवां साल है। सबसे पहले 2014 में भारतीय ई-रिटेलर कंपनियों ने ऑनलाइन त्योहारी बिक्री की पेशकश की थी। पिछले दस वर्षों के दौरान भारतीय ई-कॉमर्स कारोबार में जबरदस्त बदलाव आया है और इस दौरान ई-कॉमर्स उद्योग के सालाना जीएमवी में करीब 20 गुना वृद्धि हुई है। साल 2014 में उद्योग का सालाना जीएमवी 27,000 करोड़ रुपये रहा था। रेडसियर का कहना है कि इस साल यह आंकड़ा करीब 5.25 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। इस दौरान सालाना लेनदेन करने वाले उपयोगकर्ताओं की संख्या में 15 गुना वृद्धि हुई है।

### Infosys ने ग्लोबल कंपनी के साथ 15 साल के लिए किया 1.5 अरब डॉलर का सौदा

भारत की दूसरी सबसे बड़ी IT कंपनी Infosys ने एक ग्लोबल कंपनी के साथ 15 अरब डॉलर का सौदा किया है। ब्लूमबर्ग ने बताया कि यह सौदा 15 साल के लिए होगा। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि इस सौदे के तहत इंफोसिस कंपनी के प्लेटफार्मों और ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉल्यूशंस का लाभ उठाते हुए बेहतर डिजिटल एक्सपीरिएंस और बिजनेस ऑपरेटिंग सर्विस प्रदान करेगी। हालांकि, Infosys ने अभी तक इस बात का खुलासा नहीं किया है कि वह कौन सी कंपनी है जिसके साथ यह सौदा कर रही है। महीने की शुरुआत में, अमेरिकी चिप मेकर एनवीडिया ने जेनरेटर एप्लिकेशन डेवलप करने के लिए भारतीय समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा समूह की टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के साथ AI पार्टनरशिप की घोषणा की। जुलाई में, Infosys ने पांच साल के लिए एआई और ऑटोमेशन सर्विस प्रदान करने के लिए एक मौजूदा ग्राहक के साथ 2 अरब डॉलर का समझौता किया था। बता दें कि कंपनी के शेयर BSE पर दोपहर 1 बजकर 25 मिनट पर 5.10 अंक बढ़कर 1511.85 अंक पर पहुंच गया। कंपनी के शेयरों में 0.34 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली।

### देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए नीति स्पष्ट हो : एथर एनर्जी

बिजलीचालित दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी एथर एनर्जी का मानना है कि देश में इलेक्ट्रिक परिवहन को तेजी से बढ़ाने के लिए निवेश योजना बनाने को नीति के मोर्चे पर स्पष्टता जरूरी है। एथर एनर्जी के मुख्य कारोबार अधिकारी (सीबीओ) रवनीत एस फोकेला ने यह बात कही है। एथर एनर्जी में हीरो मोटोकॉर्प प्रमुख निवेशक है। कंपनी को उम्मीद है कि 2030 तक घरेलू दोपहिया बाजार का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हो जाएगा। इसके अलावा कंपनी भविष्य में भारत जैसे किसी बाजार में निर्यात की भी तैयारी कर रही है। फेम-दो (भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण को तेजी से अपनाना) योजना अगले साल मार्च में समाप्त हो रही है। फोकेला ने कहा कि एथर सरकारी समर्थन और सब्सिडी के मौजूदा स्तर से खुश है, लेकिन हमें उम्मीद है कि इसे तीन से पांच साल के लिए और बढ़ाया जाएगा। फेम-दो के बारे में पूछे जाने पर फोकेला ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''दो जरूरत हैं। पहला इसका समय बढ़ाया जाए। दूसरा नीति अनुकूल या स्पष्ट हो।'' उन्होंने आगे कहा, ''यदि नीति अस्पष्ट है, तो यह कारोबार की दृष्टि से अच्छा नहीं है। क्योंकि मेरी कारोबारी योजनाएं सब्सिडी के एक अनुमान पर आधारित हैं। यदि इसमें बदलाव होता है, तो मैं अपनी योजना को लेकर निश्चिंत नहीं रह पाऊंगा और निवेश नहीं करूंगा।''

# फेड रिजर्व के निर्णय का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़े से हुई दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब दो प्रतिशत की तेजी में रहे घरेलू शेयर पर अगले सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक में ब्याज दर को लेकर होने वाले निर्णय का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1239.72 अंक अर्थात 1.9 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 67838.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 372.4 अंक यानी 1.9 प्रतिशत उछलकर पहली बार 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 20192.35 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 166.63 अंक की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 32505.37 अंक पर रहा। इसी तरह स्मॉलकैप 437.97 अंक लुढ़ककर 37828.56 अंक पर आ गया।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, स्थानीय स्तर पर जुलाई में औद्यागिक उत्पादन बढ़ने और अगस्त में खुदरा महंगाई घटने से निवेशक खासे उत्साहित रहे। इससे दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह बाजार गुलजार रहा। इसका असर बाजार पर आगे भी बरकरार रहेगा।

वैश्विक स्तर पर अगले सप्ताह 19 और 20 सितंबर को अमेरिकी फेड रिजर्व की ओपन मार्केट कमेटी की बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में ब्याज दरों पर होने वाले निर्णय की अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में अहम भूमिका रहेगी। इसके साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल की कीमत भी बाजार का रुख तय करने वाले महत्वपूर्ण कारक होंगे।



बीते सप्ताह बाजार में सभी पांच दिन तेजी रही। बैंक ऑफ जापान के नकारात्मक ब्याज दरों के दौर से बाहर निकलने के संकेत के बाद वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 528.17 अंक की छलांग लगाकर 67127.08 अंक और निफ्टी 176.40 अंक उछलकर 19996.35 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लिवाली होने से मंगलवार को सेंसेक्स 94.05 अंक चढ़कर 67221.13 अंक पर पहुंचा जबकि निफ्टी 3.15 अंक फिसलकर 19993.20 अंक पर सपाट रहा।

विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर जुलाई में औद्यागिक उत्पादन बढ़ने और अगस्त में खुदरा महंगाई घटने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 245.86 अंक की तेजी लेकर 67466.99 अंक और निफ्टी 76.80 अंक मजबूत होकर पहली बार 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 20070 अंक पर रहा।

विदेशी बाजारों के सकारात्मक रुख के प्रभाव से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 52.01 अंक की बढ़त लेकर 67519 अंक और निफ्टी 33.10 अंक चढ़कर 20103.10 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह दुनिया के सबसे बड़े केंद्रीय बैंक के दरों में वृद्धि के लंबे चक्र को समाप्त करने के करीब पहुंचने के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर सीडी, वित्तीय सेवाएं, आईटी, दूरसंचार और टेक समेत दस समूहों में हुई लिवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 319.63 अंक की छलांग लगाकर 67838.63 अंक और निफ्टी 89.25 अंक की तेजी लेकर 20192.35 अंक पर रहा।

# 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में सात लोग गिरफ्तार

## पीएसयू कंपनी के कार्यकारी सचिव भी चढ़े हत्थे

नई दिल्ली। सीबीआई ने कथित रूप से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में पीएसयू ब्रिज एंड रूफ कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष के कार्यकारी सचिव सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने इसकी जानकारी दी है। सीबीआई ने बताया है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 19.96 लाख रुपये की कथित रिश्वत के मामले में एक निजी कंपनी के मालिक, निजी व्यक्तियों, ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी के कार्यकारी सचिव (एक लोक सेवक) सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के परिसरों पर कोलकाता, दिल्ली, नोएडा, मुंबई, नागपुर, राजकोट और अन्य सहित विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल सबूत और 26.60 लाख रुपये (लगभग) की नकदी बरामद हुई।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने ओडिशा में 'एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल' के लिए निविदा गुजरात की एक निजी कंपनी को देने से जुड़े 20 लाख रुपये के कथित रिश्वत मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम 'ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड' के अध्यक्ष के कार्यकारी सचिव सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सीबीआई ने 'ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड' के अध्यक्ष के कार्यकारी सचिव आशीष राजदान और निजी कंपनी 'हेतल कुमार प्रवीणचंद्र राज्यगुरु' के मालिक को गिरफ्तार कर कोलकाता, दिल्ली, नोएडा, मुंबई, नागपुर एवं राजकोट में छापे मारे तथा रिश्वत के 19.96 लाख रुपये और 26.60 लाख की अन्य नकदी बरामद की। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, जांच के दौरान यह पाया गया कि उक्त रिश्वत कथित तौर पर ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष के कार्यकारी सचिव के लिए थी। इस कार्यकारी सचिव और अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सर्राफा बाजार : सोना तथा चांदी में मजबूती

इंदौर। सप्ताहांत सोना तथा चांदी में घटबढ़ दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 25 रुपये तथा चांदी 600 रुपये ऊंची होकर बिकी। कारोबार की शुरुआत में सोना 60650 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 60675 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 72700 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 73300 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 60700 नीचे में 60400 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 73300 तथा नीचे 72400 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 1923 डॉलर तथा चांदी 2306 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

### इन्दौर. खाद्य तेल : सोयाबीन रिफाइंड में तेजी

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी से भाव जोरदार तेजी लिए रहे। कारोबार में मूंगफली तेल करीब 12 रुपये प्रति किलोग्राम महंगा बिका। इस बीच सोयाबीन रिफाइंड भी ऊंचा बोला गया। आवक कमी से तिलहनों में भाव मजबूती लिए बताए गए कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1740 से 1760 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1850 से 1880 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 885 से 890 रुपये पर खुलकर 890 से 895 रुपये बिका। पाम तेल 885 से 890 रुपये खुलकर इसी स्तर पर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव मजबूती लिए बताए गए। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली रही।

### इंदौर अनाज मंडी : मंडी बंद, ग्राहकी से दालों में मांग कमजोर, भाव में गिरावट

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मंडी शुल्क विरोध मांग बंद रही। मिलगत कमी से चना, मूंग, तुअर, उड़द के भाव ऊंचे का रूझान लिए रहे। प्रायवेट में व्यापार हुआ। जबकि दालों के भाव में गिरावट दर्ज की गई। चावल में उठाव सुधार लिए रहा। सप्ताहांत चना कांटा 6100 से 6150 रुपये खुलने के बाद 6500 से 6550 रुपये होकर थमा। मूंग 8100 से 8800 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7000 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 9000 से 9500 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 9000 से 11300 रुपये खुलने के बाद 9500 से 11900 बताई गई। उड़द 8000 से 9000 रुपये खुलने के बाद 9000 से 9500 रुपये होकर बंद हुई। मसूर 6200 से 6225 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 6500 से 6550 रुपये होकर बंद हुई।

### इंदौर किराना बाजार : शक्कर - खोपरा बूरा महंगा, खोपरा गोला, साबूदाना में उठाव

इंदौर। सियागआडशआआगंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर के भाव बढ़े। खोपरा बूरा महंगा बिका। खोपरा गोला तथा साबूदाना में उठाव साधारण रहा। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 3930 से 3960 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3960 से 3980 रुपये के स्तर पर थमी। शक्कर की दैनिक आवक 04 से 05 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 105 से 125 रुपये खुलकर इसी स्तर पर थमा। हल्दी में पूछपरख सुधार लिए बताई गई। इसमें 150 से 275 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा के दामों में मजबूती दर्ज की गई। सप्ताहांत खोपरा बूरा में कामकाज 2150 से 3400 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 50 रुपये प्रति 15 किलोग्राम महंगा होकर 2200 से 3450 रुपये बिका। साबूदाना 6500 से 8100 की रेंज पर यथावत बना रहा।

# सीएम सौंपेंगे भूमि आवंटन पत्र, 900 करोड़ के निवेश का प्रशस्त होगा मार्ग

एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की तस्वीर प्रदेश के औद्योगिक नक्शे पर और चमकने वाली है। 110 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री का औपचारिक उद्घाटन करने, 97 निवेशकों को 102 भूखंडों के आवंटन से 900 करोड़ रुपये के निवेश व 4500 लोगों के रोजगार का मार्ग प्रशस्त करने तथा 136 करोड़ रुपये की अवस्थापना सुविधाओं की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री सोमवार को गीडा पहुंचेंगे। सोमवार अपराह्न गीडा सेक्टर 26 में आयोजित समारोह में सीएम योगी की मौजूदगी में 97 निवेशकों/उद्यमियों को 102 भूखंडों का आवंटन पत्र वितरित किया जाएगा। 10 निवेशकों को भूखंड आवंटन पत्र मुख्यमंत्री के हाथों से प्राप्त होगा।

इन 102 भूखंडों पर अलग अलग यूनिट लगने से करीब 900 करोड़ रुपये का निवेश होगा और निवेश के धरातल पर उतरने से करीब 4500 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। समारोह के मंच से मुख्यमंत्री गीडा क्षेत्र को 136 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्यों का उपहार देंगे। वह 117 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 19 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। अवस्थापना कार्यों में गीडा के विभिन्न सेक्टर में सड़क, नाली, पुलिया, स्ट्रीट लाइट, ग्रामीण विकास के कार्य सम्मिलित हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गीडा सेक्टर 26 स्थित मेसर्स तत्वा प्लास्टिक पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड का औपचारिक उद्घाटन भी किया जाएगा।

भूमि आवंटन के दो साल के भीतर 110 करोड़ रुपये के निवेश से इस प्लास्टिक फैक्ट्री में उत्पादन शुरू हो चुका है। इससे प्रत्यक्ष और परोक्ष मिलाकर करीब 500 लोग रोजगाररत हैं। 22000 वर्गमीटर (236000 वर्गफुट) में स्थापित इस यूनिट की उत्पादन क्षमता 32000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है।

### टिंडर ने मंच पर सुरक्षा परामर्श के लिए सेंटर फॉर सोशल रिसर्च से किया करार

ऑनलाइन डेटिंग मंच टिंडर ने उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षा से संबंधित 'परामर्श' देने के लिए गैर-लाभकारी संगठन 'सेंटर फॉर सोशल रिसर्च' (सीएसआर) के साथ साझेदारी की है। टिंडर ने रविवार को यह जानकारी दी। टिंडर ने बताया, ऐप पर 15 मौजूदा सुरक्षा सुविधाओं के साथ अतिरिक्त सुरक्षा परामर्श टिंडर की अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत है। इसके तहत गैर-सरकारी संगठन सीएसआर इंडिया के साथ समझौता किया गया है। टिंडर उपयोगकर्ताओं को 'डेटिंग सुरक्षा दिशानिर्देश' तक पहुंचने के लिए ऐप में संदेश के माध्यम से एक संकेत मिलेगा। टिंडर इंडिया की संचार निदेशक आहना धर ने कहा, प्रारंभिक बातचीत एक रिश्ते की दिशा तय करती है।

# खाद्य तेल 2000 रुपये तक सस्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव 2000 रुपये तक गिर गये वहीं दालों में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 40 रिंगिट फिसलकर 3690 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.13 सेंट की तेजी लेकर 61.76 सेंट प्रति पौंड पर पहुंच गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल में 146 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मूंगफली तेल 147 रुपये, सूरजमुखी तेल 527 रुपये, सोया रिफाइंड 367 रुपये, पाम ऑयल 2009 रुपये और वनस्पति तेल 200 रुपये प्रति क्विंटल सस्ते हो गये। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12820 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20732 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13113 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8866 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10933 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये और उड़द दाल 700 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई जबकि मसूर दाल 75 रुपये और मूंग दाल 600 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, अरहर दाल में टिकाव रहा।

सप्ताहांत पर चना 6450-6550, दाल चना 7450-7550, मसूर काली 8150-8250, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 11000-11100, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। साप्ताहांत पर गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2500-2600 रुपये और चावल 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4300-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# 2023 की पहली छमाही में 33 पायलट, 97 केबिन-क्रू सदस्य ड्यूटी पर नशे में पाए गए

साल 2023 की पहली छमाही में करीब 33 पायलट और 97 केबिन-क्रू सदस्य ड्यूटी पर नशे में पाए गए है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इसकी जानकारी दी। DGCA के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल की पहली छमाही में, 33 पायलट और 97 केबिन क्रू सदस्य अपने अनिवार्य अल्कोहल टेस्ट में फेल हो गए। बता दें कि यह अल्कोहल टेस्ट उड़ानों से पहले या बाद में आयोजित किए जाते हैं।

इसके विपरीत, 2022 की पहली छमाही में, DGCA के डेटा के मुताबिक केवल 14 पायलट और 54 केबिन क्रू सदस्यों को ड्यूटी के दौरान नशे में धुत्त पाया गया था। इस डेटा की बिजनेस स्टैंडर्ड ने समीक्षा की है।

### तीन बार अल्कोहल टेस्ट में फेल होने पर लाइसेंस हमेशा के लिए हो जाता है रद्द

DGCA के नियमों के मुताबिक, पायलटों और केबिन क्रू सदस्यों को उड़ान से पहले ब्रेथलाइजर टेस्ट से गुजरना होता है। विदेश से भारत के लिए उड़ान संचालित करने वाले पायलटों और केबिन क्रू सदस्यों को उड़ान के बाद ब्रेथलाइजर टेस्ट से गुजरना होता है। ये टेस्ट एयरलाइन के डॉक्टरों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। यदि टेस्ट रिजल्ट पॉजिटिव आता हैं, तो उन्हें 24 घंटे के भीतर DGCA को प्रस्तुत करना होता है।

यदि कोई पायलट या केबिन क्रू सदस्य पहली बार ब्रेथलाइजर टेस्ट में फेल होता है, तो नियमों के अनुसार, उसका लाइसेंस 3 महीने के लिए निलंबित कर दिया जाएगा। यदि वही पायलट या केबिन क्रू सदस्य दूसरी बार ड्यूटी के दौरान नशे में पाया जाता है, तो उसका लाइसेंस 3 साल के लिए निलंबित कर दिया जाएगा। नियमों के मुताबिक, अगर ये पायलट या केबिन क्रू मेंबर तीसरी बार अल्कोहल टेस्ट में फेल हो जाता है तो उसका लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा।

DGCA के नियमों के अनुसार, शराब के सेवन से साइकोमोटर प्रदर्शन में उल्लेखनीय गिरावट आती है और उड़ान के सुरक्षित संचालन में शामिल कई आवश्यक कार्यों को संभालने के लिए उपलब्ध मानसिक क्षमता कम हो जाती है। उड़ान के दौरान इमरजेंसी की स्थिति में क्रू सदस्य शराब के नशे में समस्या से निपटने में असमर्थ होता है।

# नौतियों के बावजूद जारी रहेगी भारत में चीतों को बसाने की योजना

नामीबिया आधारित 'चीता संरक्षण कोष' (सीसीएफ) ने कहा है कि भारत में चीतों को फिर से बसाने की परियोजना के पहले साल की उल्लेखनीय यात्रा असफलताओं एवं सफलताओं से भरपूर रही और यह परियोजना पटरी पर है।

सीसीएफ ने भारत में चीतों को फिर से बसाने के लिए भारतीय प्राधिकारियों के साथ निकटता से मिलकर काम किया है। इसकी संस्थापक लॉरी मार्कर ने इन परियोजनाओं का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और 2009 से कई बार भारत की यात्रा की है।

मार्कर ने एक बयान में कहा, ''भारत में चीतों को बसाना एक साहसिक और चुनौतीपूर्ण प्रयास था। हमने नामीबिया की एक मादा से जन्मे चार शावकों के जन्म और दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों के एक समूह के आने का जश्न मनाया।'' उन्होंने कहा कि असफलताओं और कठिनाइयों के बावजूद परियोजना पटरी पर है।

नामीबिया की नेशनल असेंबली के स्पीकर और सीसीएफ के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक पीटर काट्जावीवी ने कहा, ''परियोजना पटरी पर है और नामीबिया को भारत में चीतों के क्षेत्र का विस्तार करने की परियोजना में शामिल होने पर गर्व है।''

बयान में कहा गया कि भारत में चीतों को फिर से बसाने की परियोजना के शुरुआती वर्ष में असफलताएं मिलीं, लेकिन 'प्रोजेक्ट चीता' टीम अपने मिशन के प्रति समर्पित है। देश में चीतों के विलुप्त होने के बाद उन्हें फिर से बसाने की भारत की महत्वाकांक्षी पहल 'प्रोजेक्ट चीता' की रविवार को पहली वर्षगांठ है। यह पहल पिछले साल 17 सितंबर को उस समय शुरू हुई थी, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नामीबिया से लाए गए चीतों के एक समूह को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान के एक बाड़े में छोड़ा था। तब से, इस परियोजना पर दुनिया भर के संरक्षणवादी और विशेषज्ञ निकटता से नजर रख रहे हैं। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से कूनो में दो समूहों में 20 चीते लाए गए थे, लेकिन मार्च के बाद से इनमें से छह वयस्क चीतों की विभिन्न कारणों से मौत हो गई है।

## शार्ट न्यूज

### बोपन्ना ने जीत के साथ करियर में लगाया पूर्ण विराम

लखनऊ। रोहन बोपन्ना ने रविवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप -2 के युगल मुकाबले में अपने जोड़ीदार युकी भांबरी के साथ एकतरफा मुकाबले में मोरक्को के इलियट बेनचेट्रिट और यूनुस लालामी लारौसी को 6-2, 6-1 से हरा कर अपने डेविस कप करियर को शानदार पूर्ण विराम दिया। 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना का डेविस कप करियर में यह आखिरी मुकाबला था। उन्होने अपने जोड़ीदार युकी भांबरी के साथ विजयंत खंड हार्ड कोर्ट में खेले गये मैच में मोरक्को के खिलाड़ियों के पांव जमने से पहले ही उखाड़ दिये। अमेरिकी ओपन में युगल वर्ग का फाइनल खेल कर लखनऊ आये विश्व के नंबर सात खिलाड़ी ने कोर्ट में अपने अनुभव का भरपूर इस्तेमाल किया और एक घंटे 11 मिनट तक चले मैच में अपने प्रतिद्वंदियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। जीत के बाद कोर्ट पर मौजूद प्रशंसकों ने खड़े होकर ताली बजाते हुये उनको विदाई दी। भावुक बोपन्ना ने कोर्ट पर भारतीय टीम की जर्सी उतार कर डेविस कप को अलविदा कहा। भारत के उम्रदराज खिलाड़ी ने डेविस कप के करियर के दौरान 13 युगल मुकाबलों समेत कुल 33 मैच खेले जिनमें से 23 में उनके खाते में जीत आयी। इस मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी कमजोर दिख रही मोरक्को पर पूरी तरह हावी रहे।

### इलावेनिल ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में जीता गोल्ड

रियो। ओलिंपिक मेडलिस्ट इलावेनिल वलारिवन ने रियो में हो रहे आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड जीत लिया है। फाइनल में उन्होंने 252.2 का स्कोर कर पहले स्थान पर रही। वह फाइनल में 24 शॉट में कभी भी 10.1 से नीचे स्कोर नहीं किया। वहीं फ्रांस की ओसिएने मुलर 251.9 स्कोर के साथ सिल्वर जीता। जबकि चीन की झांग जियाले को ब्रॉन्ज मेडल मिला। इला पांच शॉट के बाद 52.6 स्कोर के साथ दो अन्य शूटरों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि चीन की झांग जियाले 53.4 स्कोर के साथ पहले स्थान पर रही। 10 शॉट के बाद इला झांग यू के साथ टॉप पर रही। 12 वें शॉट के बाद ऑस्ट्रेलियाई शूटर मार्लीन प्रिबिट्जर बाहर हो गईं और आठवें स्थान पर रही। 16 शॉट के बाद भी एक अन्य शूटर के साथ इला पहले स्थान पर कायम रही। 17 वें शॉट के बाद वह दूसरे स्थान पर खिसक गईं। वहीं 2 शॉट शेष रहने पर वह 0.5 के अंतर से आगे रहीं। आखिरी शॉट में 10.6 स्कोर के बाद ओवर ऑल वह फ्रांसीसी शूटर से 0.3 अंकों से आगे रह कर गोल्ड जीता। इला शनिवार सुबह 630.5 के स्कोर के साथ क्वालिफाइंग राउंड में आठवें स्थान पर रही थी। जबकि फ्रांस की ओसिएने मुलर 633.7 स्कोर के साथ टॉप पर थी।

### अमेज़न विमान हादसे में 14 लोगों की मौत

साओ पाउलो। उत्तरी ब्राजील के अमेजोनस राज्य के अंतर्देशीय शहर बार्सिलोस में शनिवार को एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेज़ॅनस के गवर्नर विल्सन लीमा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, वे सभी पर्यटक थे जो मछली पकड़ने की यात्रा पर जा रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि सभी पर्यटक ब्राजील के थे। यह बताया गया कि पायलट को मछली पकड़ने के खेल स्थल बार्सिलोस में लैंडिंग के लिए रनवे ढूंढने में परेशानी हुई। दुर्घटनाग्रस्त विमान एम्ब्रेयर ईएमबी 110 बैंडेइरेंटे कम्पनी के मालिक, मनौस एयरोटैक्सी एयरलाइन ने एक सोशल मीडिया बयान में दुर्घटना की पुष्टि की। बार्सिलोस के मेयर एडसन मेंडेस के अनुसार, नागरिक सुरक्षा टीमों को 14 शव मिले, जिनमें 12 यात्री, पायलट और सह-पायलट शामिल है।

### बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन चरवाहों की मौत

बगदाद। इराक के मध्य प्रांत सलाहुद्दीन में शनिवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में एक ही परिवार के तीन चरवाहों की मौत हो गई। एक प्रांतीय पुलिस सूत्र ने यह जानकारी दी। कर्नल मोहम्मद अल-बाजी ने शिन्हुआ को बताया कि यह घटना तब हुई जब चरवाहे अपनी भेड़ों को प्रांत के उत्तरी हिस्से में अल-ईथ शहर के पास एक जंगली इलाके में ले गए। अल-बाज़ी ने कहा कि इराकी सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की, उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों का मानना है कि बम चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकवादियों ने लगाया था। प्रांतीय राजधानी तिकरित से लगभग 60 किलोमीटर पूर्व में स्थित अल-ईथ क्षेत्र एक विशाल रेगिस्तान है, जहां चरवाहे रहते हैं और इसका इस्तेमाल आईएस आतंकवादी अपने गुरिल्ला हमलों के लिए लॉन्चिंग पैड के रूप में भी करते हैं। आईएस की 2017 में हार के बाद से इराक में सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि आईएस बचे खुचे लड़ाके तब से शहरी केंद्रों, रेगिस्तानों और बीहड़ इलाकों में फैल गए हैं, जो सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लगातार गुरिल्ला हमले कर रहे हैं।

### किम जोंग 6 दिन बाद रूस से नॉर्थ कोरिया रवाना

नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग 6 दिन के दौरे के बाद रूस से रवाना हो गए हैं। रूसी मीडिया एजेंसी टास के मुताबिक, उन्हें तोहफे में 5 कामिकाजे ड्रोन, एक जेरान-25 जासूसी ड्रोन मिले हैं। इसके अलावा प्रिमोरी क्षेत्र के गवर्नर ने किम जोंग को एक बुलेटप्रूफ जैकेट और थर्मल कैमरा में डिटेक्ट न हो पाने वाले खास कपड़े भी दिए हैं। तानाशाह का विदाई समारोह आर्टेम-प्रिमोर्स्की 1 स्टेशन पर हुआ। इसके बाद किम अपनी बुलेटप्रूफ ट्रेन में बैठकर नॉर्थ कोरिया लौट गए। इससे पहले प्रिमोर्स्की एक्वेरियम में उनके लिए खास परफॉर्मेंस रखी गई थीं। इसमें बेलूगा व्हेल्स, बॉटलनोज डॉल्फिन, फर सील और वॉलरस शामिल रहे। नॉर्थ कोरिया की स्टेट मीडिया KCNA ने किम जोंग के दौरे को रूस के साथ दोस्ती का नया दौर बताया है। इससे पहले शनिवार को तानाशाह ने रूसी हाइपरसोनिक मिसाइल किंझल और परमाणु क्षमता वाले बॉम्बर्स का जायजा लिया था। इनमें Tu-160, Tu-95 और Tu-22Mx शामिल थे। न्यूज एजेंसी इंटरफैक्स के मुताबिक, इस दौरान किम जोंग के साथ रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु भी मौजूद रहे थे।

### भारतीय छात्रा की मौत का मजाक उड़ाया, अब कार्रवाई होगी



सिएटल। अमेरिका के सिएटल शहर में भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की पुलिस पैट्रोल कार से टक्कर के बाद मौत के मामले में सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल ने भारतीय समुदाय माफी मांगी है। साथ ही उन्होंने छात्रा की मौत पर दुख जताया है। वहीं शहर के पुलिस चीफ एड्रियन डीऐज ने भी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। एड्रियन ने कहा- हमें हमारे पुलिस अधिकारी की तरफ से की गई टिप्पणी के बारे में पता चला। हम सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा कभी न हो। हम हर जिंदगी की इज्जत करते हैं और हमारे लिए सब बराबर हैं। दरअसल, क्षेत्र में रह रहे भारतीय समुदाय के करीब 20 लोगों ने साथ मिलकर पूरे मामले में शनिवार को सिएटल के मेयर से मुलाकात की थी। अमेरिकी प्रशासन ने मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दरअसल, आंध्र प्रदेश की रहने वाली जाह्नवी कंडुला की जनवरी में सिएटल शहर में मौत हो गई थी। इसके बाद एक्सीडेंट की जांच के लिए आए पुलिस ऑफिसर ने उसकी मौत का मजाक उड़ाया। पुलिस ऑफिसर की कार का एक वीडियो और ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें वो कह रहा था कि भारतीय छात्रा की जिंदगी की लिमिटेड वैल्यू थी। एक चेक लिखने से काम बन जाएगा। पुलिस ऑफिसर जब छात्रा की मौत का मजाक उड़ा रहा था तो उसका बॉडीकैम यानी उसके शरीर पर लगा कैमरा ऑन था। इससे सारी बातें रिकॉर्ड हो गई थीं। वो अपनी कार में बैठकर ये कहता सुनाई देता है कि लड़की एक्सीडेंट के बाद 40 फीट तक नहीं उछली थी। पर वो मर चुकी है। इसके बाद पुलिस वाला ठहाके लगाकर हंसता है। फिर कहता है कि वो एक रेगुलर इंसान थी।

# कोलंबो में सिराज का 'राज', भारत आठवीं बार एशिया कप चैंपियन

कोलंबो। मोहम्मद सिराज (21 रन पर छह विकेट) और हार्दिक पंड्या (तीन रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत ने रविवार को गत विजेता श्रीलंका को दस विकेट से रौंद कर आठवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया।

एशिया कप समेत एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत को पांच साल के अंतराल के बाद एशिया कप की चमचमाती ट्राफी अपने घर लाने का मौका मिला है। इससे पहले वर्ष 2018 में भारत ने एशिया कप जीता था।

इस ऐतिहासिक जीत का सेहरा करिश्मायी गेंदबाज हैदराबाद के मोहम्मद सिराज के सिर पर बंधा जिन्होने अपनी लहराती गेंदों से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को तहस नहस कर दिया और मेजबान टीम 15.2 ओवर के खेल में महज 50 रन ही बना सकी। इसके साथ ही करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सिराज सबसे तेज गति से एक दिवसीय 50 विकेट लेकर चौथे भारतीय गेंदबाज बन गये हैं।




जवाब में भारत के इशान किशन (23) और शुभमन गिल (27) ने औपचारिकता निभाते हुये 6.1 ओवर में 51 रन बना कर भारत के नाम ऐतिहासिक जीत दर्ज करा दी। एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की लक्ष्य का पीछा करते हुये यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत ने सबसे ज्यादा आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। भारत की यह जीत अगले महीने शुरू हो रहे विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिये संजीवनी साबित होगी। कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करते हुये लक्ष्य का पीछा करने का मौका शुभमन गिल के साथ युवा इशान किशन को दिया जो तेज गति से खेलते हुये कप्तान के भरोसे पर खरे उतरे।

क्रिकेट के दीवानो द्वारा दिये गये उपनाम मियां मैजिक यानी मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच श्रीलंका की बल्लेबाजी के कब्रगाह बन गयी। हल्की बरसात के कारण करीब 40 मिनट की देरी से शुरू हुये मैच में सिराज ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये अपने दूसरे ओवर में एक के बाद एक चार विकेट (पथुम निसंका, सदीरा समराविक्रमा, चरिथ असलंका, धनजंय डिसिल्वा) चटका कर श्रीलंका को मुश्किलों के दलदल में धकेल दिया। इस दलदल से फंसी श्रीलंका की पारी ने छटपटाते हुये 15.2 ओवर के खेल में 50 रन पर दम तोड़ दिया। यह स्कोर एक दिवसीय क्रिकेट इतिहास का तीसरा सबसे कम स्कोर है जबकि एशिया कप के इतिहास में यह किसी टीम द्वारा बनाया गया सबसे कम स्कोर है। श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस ने सबसे ज्यादा 17 रन बनाये जबकि महीश थीक्षणा के स्थान पर टीम में लिये गये दुसान हेमंता 13 रन बनाकर नाबाद लौटे। सिराज को दूसरे छोर पर जसप्रीत बुमराह (23 रन पर एक विकेट) और हार्दिक पंडया का भरपूर साथ मिला। अपने पहले ही ओवर में बुमराह ने कुसल परेरा को शून्य पर आउट कर मेजबान टीम पर दवाब बनाया जबकि बाद में पंड्या ने दुनिथ वेल्लालगे (13), प्रमोद मदुशन (1) और मथीसा पथिराना (0) को सस्ते में चलता कर टीम इंडिया को अपना आठंवा एशिया कप खिताब जीतने का जश्न मनाने का मौका दे दिया। श्रीलंका के आठ बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के स्थान पर नहीं ले जा सके जिनमें पांच तो अपना खाता भी नहीं खोल सके।

# उलटि पलटि लंका सब जारी...

एजेंसी




कोलंबो। एक दिवसीय इतिहास में भारत को सबसे बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने रविवार को क्रिकेट को पूजने वाले देश के करोड़ों प्रशंसकों को दशहरे से एक महीने पहले ही रामचरितमानस की चौपाई 'उलटि पलटि लंका सब जारी। कुदि परा पुनि सिंधु मझारी।' गुनगुनाने का मौका दे दिया।

हैदराबाद के सिराज ने प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर सात ओवर के स्पेल में एक के बाद एक छह विकेट चटका कर श्रीलंका की पारी को तहस नहस कर डाला।

सिराज को प्यार करने वालों ने उनको 'मियां मैजिक' के उपनाम से काफी पहले नवाजा था जिसको सही मायनों में आज चरितार्थ करते हुये सिराज ने श्रीलंका को उनके ही घर में सबसे बड़ी शिकस्त झेलने पर मजबूर कर दिया।

एशिया कप 2023 के फाइनल में श्रीलंका के शीर्ष क्रम को ध्वस्त करने के बाद सिराज एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 50 विकेट लेने वाले चौथे सबसे तेज भारतीय बन गए। उन्होंने पारी के अपने दूसरे ही ओवर में श्रीलंका के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करते हुए चार विकेट लेकर इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज करा लिया।

सिराज ने चौथे ओवर में पथुन निसांका, सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका और धनंजय डी सिल्वा को आउट कर श्रीलंका को 12/5 के स्कोर पर जमीन दिखा दी। छठे ओवर में भी सिराज ने कप्तान दासुन शनाका को खूबसूरती से क्लीन बोल्ड किया जबकि तेज इनस्विंगर से कुसल मेंडिस को भी आउट किया, जिन्होंने 34 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 17 रन बनाए।

### नीरज चोपड़ा को दूसरे स्थान से करना पड़ा संतोष, चेक गणराज्य के वादलेच को नहीं हरा सके

नई दिल्ली। भारत के सुपरस्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग के फाइनल में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने शनिवार (16 सितंबर) देर रात अमेरिका के ओरेगन में आयोजित टूर्नामेंट के दौरान अपने दूसरे प्रयास में 83.80 मीटर दूर थ्रो फेंका। यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। नीरज चेक गणराज्य के जाकुब वादलेच को नहीं पछाड़ सके। वादलेच ने 84.24 मीटर दूर भाला फेंक पहला स्थान हासिल किया। फिनलैंड के ओलिवर हेलेंडर 83.74 मीटर के साथ तीसरे पायदान पर रहे। 25 वर्षीय नीरज ने पिछले साल डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीता था। इस सीजन उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। नीरज चोपड़ा ने पिछले महीने पहली बार विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीता था। नीरज अगर पहला स्थान हासिल कर लेते तो वह डायमंड लीग खिताब का बचाव करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन जाते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## न्यूजीलैंड वनडे सीरीज के लिए बंगलादेश ने प्रमुख खिलाड़ियों को दिया आराम

एजेंसी

**ढाका।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान में पहले दो एकदिवसीय (वनडे) के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान किया है। जिसमें उसने अपने महत्वूपर्ण खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को ध्यान में रखते हुए बंगलादेश ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों के लिए अपने महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को आराम दिया है।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शाकिब अल हसन की अनुपस्थिति में लिटन दास बंगलादेशी टीम की कप्तान का भार संभालेंगे। जिन खिलाड़ियों को आराम दिए गए उनमें मुशिफकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज और तस्कीन अहमद, हसन महमूद और शोरफुल इस्लाम की पेस बैटरी शामिल हैं।

इन खिलाड़ियों को आराम दिए जाने के बावजूद बंगलादेश टीम को तमीम इकबाल, महमूद उल्लाह, सौम्य सरकार और नुरुल हसन सोहन की वापसी से अनुभव की कोई कमी नहीं होगी।

बंगलादेशी टाइगर्स में तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है जिनमें साउथपॉ जाकिर हसन, तेज गेंदबाज खालिद अहमद और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन हैं। तीनों खिलाड़ी एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान डेब्यू के लिए उतारे जा सकते हैं। नईम शेख, अफीफ हुसैन और शमीम हुसैन एशिया कप टीम के दुर्भाग्यशाली खिलाड़ी थे।

बंगलादेशी टीम में जिन खिलाड़ियों का जगह मिली है उनमें लिटन दास (कप्तान), तमीम इकबाल, सौम्य सरकार, अनामुल हक, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, नुरुल हसन सोहन, महेदी हसन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तनजीद हसन, जाकिर हसन, रिशाद हुसैन, खालिद अहमद हैं।

# गूगल के को-फाउंडर का पत्नी से तलाक

### एलन मस्क के साथ अफेयर की खबरें; दोनों के पास रहेगी 4 साल की बेटी की कस्टडी

गूगल के को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन का अपनी पत्नी निकोल शनाहन से तलाक हो गया है। निकोल पेशे से एक बिजनेसवुमन और वकील हैं और मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका टेस्ला के फाउंडर एलन मस्क के साथ अफेयर चल रहा है।

कोर्ट के दस्तावेज के मुताबिक सर्गेई और निकोल के तलाक की प्रक्रिया 26 मई को पूरी हो गई थी। दोनों के पास उनकी 4 साल की बेटी की जॉइंट कस्टडी रहेगी।

निकोल ने तलाक का विरोध नहीं किया था। दोनों ने 2015 में डेटिंग शुरू की थी और इनकी शादी 2018 में हुई थी।

सर्गेई ने अपनी पहली पत्नी एनी वोजकिकी के साथ तलाक सेटल होने के बाद ही निकोल से शादी की थी। हालांकि 2021 से सर्गेई और निकोल अलग रह रहे थे।



ब्रिन ने 2022 में तलाक के लिए अर्जी लगाई थी। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, इससे ठीक एक महीने पहले ही निकोल और मस्क के अफेयर की खबरें तेजी से वायरल होने लगी थीं। निकोल शनाहन और एलन मस्क एक-दूसरे को लंबे वक्त से जानते हैं। दोनों ने ही अपने अफेयर की खबरों को सिरे से खारिज किया है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल में एक आर्टिकल छपा था। इसका टाइटल था कथित अफेयर के चलते सर्गेई ब्रिन से एलन मस्क की दोस्ती टूट गई। इसमें मस्क ने लिखा था- सर्गेई और मैं दोस्त हैं और हम एक दिन पहले ही एक पार्टी में साथ थे। मैं पिछले 3 साल में निकोल से सिर्फ 2 बार मिला हूं। दोनों ही बार हमारे आसपास बहुत सारे लोग थे। इसमें कुछ भी पर्सनल नहीं था।

#### मस्क-निकोल ने अफेयर की खबरों को झूठा बताया

निकोल ने अफेयर की खबरों को एक स्कैंडल और पूरी तरह से तोड़ने वाला बताया था। उन्होंने कहा था कि मस्क और वो सिर्फ दोस्त हैं और उनका कोई अफेयर नहीं है। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क और निकोल शनाहन दिसंबर 2021 में मियामी के एक आर्ट इवेंट में करीब आए और दोनों का अफेयर शुरू हुआ था। हालांकि ये बहुत थोड़े समय के लिए था।

#### मस्क ने घुटनों पर बैठकर माफी मांगी थी

अफेयर का पता चलने पर सर्गेई ने तलाक की अर्जी डाल दी। तलाक का पता चलने के बाद मस्क बेहद निराश हुए और उन्होंने घुटनों पर बैठकर सर्गेई ब्रिन से माफी मांगी थी। ब्रिन ने माफी तो स्वीकार कर ली, लेकिन तलाक देने के फैसले पर अड़े रहे। इस अफेयर की वजह से दोनों की दोस्ती में भी दरार आ चुकी है।

### टेक्सास के अटॉर्नी जनरल पैक्सटन भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी

टेक्सास। अमेरिका के टेक्सास प्रांत के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन को महाभियोग प्रक्रिया के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी कर दिया गया है। बीबीसी ने रविवार को बताया कि पैक्सटन से जुड़े मामले ने अमेरिकी राज्य पर शासन करने वाले रिपब्लिकन को विभाजित कर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगी पैक्सटन मई में निलंबित होने के बाद अपने कार्यालय में फिर से अपने काम शुरू कर सकते हैं। पैक्सटन ने कहा, सच्चाई को कीचड़ उछालने वाले राजनेताओं या उनके शक्तिशाली संरक्षकों द्वारा दबाया नहीं जा सकता। राज्य सीनेट में हुए मतदान में उन्हें 16 मतों से बरी कर दिया गया। गत मई में टेक्सास हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 60 से अधिक रिपब्लिकन ने भ्रष्टाचार, न्याय में बाधा, रिश्वतखोरी और सार्वजनिक विश्वास के दुरुपयोग के मामले में राज्य के शीर्ष वकील पर महाभियोग चलाने के लिए राजनीतिक दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक साथ आ गये थे ।पर राज्य की सीनेट में - जिसमें पार्टी का वर्चस्व भी है - केवल दो रिपब्लिकन ने किसी भी मामले में उन्हें पद से हटाने के लिए मतदान किया। पैक्सटन पर कथित तौर पर यह भी आरोप था कि उन्होंने टेक्सास के एक रियल एस्टेट डेवलपर को लाभ पहुंचाने, अपने कर्मचारियों पर मुखबिरी करने वालों को दंडित करने और उनके आरोपों को छिपाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग करने तथा एक महिला को लाभ पहुंचाने से संबंधित थे। उस महिला के साथ उनका विवाहेत्तर संबंध भी था।

### किम जोंग उन ने सर्गेई से की मुलाकात

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया (डीपीआरके) के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने रुस के सुदूर पूर्व शहर व्लादिवोस्तोक की अपनी यात्रा के दौरान रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से शनिवार को मुलाकात की। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वश्री किम और शोइगु ने क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सैन्य और राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। साथ ही, दोनों देशों के सशस्त्र बलों और राष्ट्रीय रक्षा तथा सुरक्षा के क्षेत्र में रणनीतिक एवं सामरिक समन्वय, सहयोग तथा आपसी आदान-प्रदान को और मजबूत करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस बीच रुस ने कहा है कि उत्तर कोरिया के नेता ने रूस की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उत्तर कोरियाई नेता फिलहाल रूस की यात्रा पर हैं। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए और किसी पर हस्ताक्षर करने की कोई योजना नहीं थी। रुस का बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिमी देश इस बात पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि दोनों अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं। किम ने इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। माना जाता है कि रुस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोला-बारूद खरीदने में दिलचस्पी रखता है जबकि उत्तर कोरिया अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है।

### नाटो 2024 में शीत युद्ध के बाद सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास करेगा आयोजित

ब्रुसेल्स। नाटो शीत युद्ध के बाद 2024 में जर्मनी, पोलैंड और तीन बाल्टिक राज्यों में 'स्टीडफास्ट डिफेंडर' नामक अपना सबसे बड़ा अभ्यास आयोजित करेगा। सैन्य समिति के अध्यक्ष एडमिरल रॉब बाउर ने शनिवार को यह जानकारी दी। नॉर्वेजियन सशस्त्र बलों के प्रमुख एरिक क्रिस्टोफरसन के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन बाउर ने कहा, 2024 में, गठबंधन शीत युद्ध के बाद से अपना सबसे बड़ा सामूहिक रक्षा अभ्यास आयोजित करेगा- स्टीडफ़ास्ट डिफेंडर। गठबंधन के 40,000 से अधिक सैनिक जर्मनी, पोलैंड और तीन बाल्टिक राज्यों में अभ्यास करेंगे, । उन्होंने नाटो के हवाले से कहा गठबंधन सामूहिक रक्षा के नए युग में कदम रख रहा है। स्टीडफ़ास्ट डिफेंडर एक वार्षिक नाटो के नेतृत्व वाला अभ्यास है जिसे यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि गठबंधन की सेनाएं प्रशिक्षित हैं, एक साथ काम करने में सक्षम हैं, और किसी भी दिशा से किसी भी खतरे का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

## पाकिस्तान के 29वें चीफ जस्टिस बने काजी फैज ईसा

### 13 महीने पद पर रहेंगे; इमरान खान उन्हें जेल भेजना चाहते थे

इस्लामाबाद। 63 साल के जस्टिस काजी फैज ईसा पाकिस्तान के 29वें चीफ जस्टिस बन गए हैं। प्रेसिडेंट आरिफ अल्वी ने रविवार को उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान केयरटेकर गवर्नमेंट के प्राइम मिनिस्टर अनवार उल हक काकड़ और आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर भी मौजूद थे। चीफ जस्टिस ईसा 13 महीने पद पर रहेंगे।

पूर्व चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल ने ईसा को कभी तरजीह नहीं दी। उन्हें किसी बेंच का हिस्सा नहीं बनाया। 2019 में इमरान खान जब प्रधानमंत्री थे तो जस्टिस ईसा और उनकी पत्नी सरीना ईसा पर करप्शन के आरोप लगाए गए। सरीना को गिरफ्तार भी किया गया। खान मर्जी के फैसले न देने की वजह से ईसा से नाराज थे और उन्हें जेल भेजना चाहते थे, हालांकि वो नाकाम रहे।



जस्टिस ईसा का जन्म 26 अक्टूबर 1959 को बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में हुआ। पिता मोहम्मद अली जिन्ना के करीबी रहे। मां सोशल वर्कर थीं। उनका ज्यादातर वक्त एजुकेशन के अलावा महिलाओं और बच्चों से जुड़े चैरिटिबल ऑर्गनाइजेशन्स के साथ काम करने में गुजरता था।

क्वेटा में प्राइमरी एजुकेशन के बाद जस्टिस ईसा कराची आ गए। इसके बाद उन्हें लंदन के लॉ कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। 1985 में वो बलूचिस्तान हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने लगे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ऑफ पाकिस्तान आ गए। 2014 में उन्हें सुप्रीम कोर्ट ऑफ पाकिस्तान में जज अपॉइंट किया गया।

#### इमरान से दुश्मनी

फौज ने इलेक्शन धांधली करके इमरान खान को 2018 में प्रधानमंत्री बनवाया। जस्टिस ईसा के कई फैसले इमरान को नागवार गुजरे। बदला लेने के लिए उन्होंने अपनी पार्टी के प्रेसिडेंट आरिफ अल्वी से जस्टिस ईसा और उनकी पत्नी के खिलाफ स्पेशल रेफरेंस केस दायर करवा दिया। उन पर करप्शन के आरोप लगाए गए। खान ने कहा कि जस्टिस ईसा और उनकी पत्नी ने करप्शन के पैसों से लंदन में करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी खरीदी।

ईसा का साथ उस वक्त फौज ने भी नहीं दिया, क्योंकि उनके कुछ फैसले फौज के भी खिलाफ थे। बहरहाल, अपने ही कोर्ट में तमाम आरोपों का सामना करने के बाद जस्टिस ईसा को बेकसूर पाया गया और वो पद पर बहाल हो गए।

### ईरानी पुलिस ने अशांति के आह्वान के बाद उत्तर-पश्चिम में लिया 137 लोगों को हिरासत में

तेहरान। ईरान पुलिस ने उन 137 लोगों को हिरासत में लिया है, जिन्होंने देश के नागरिकों से ईरानी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। पश्चिम अजरबैजान के उत्तर-पश्चिमी ईरानी प्रांत में कानून प्रवर्तन बलों के कमांडर रहीम जहानबख्श ने शनिवार को यह जानकारी दी। तस्नीम समाचार एजेंसी ने जहानबख्श के हवाले से कहा, वर्तमान में, 137 लोगों को सोशल नेटवर्क पर पश्चिमी अजरबैजान प्रांत में लोगों से दंगा करने का आह्वान करते हुए पाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि 52 इंस्टाग्राम अकाउंट (रूस में चरमपंथी संगठन के रूप में नामित मेटा के स्वामित्व वाले) को ब्लॉक कर दिया गया और स्थायी रूप से हटा दिया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### एक किलो 450 ग्राम नाजायज गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



डाला (सोनभद्र)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के गहन पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन की कुशल निगहबानी में अपराध एवं अपराधियों तथा मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के चलाये जा रहे अभियान के तहत चोपन पुलिस ने पतेरी टोला चौराहा डाला से 01 किलो 450 ग्राम नाजायज गांजा के साथ अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 8/20 NDPS ऐक्ट में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त न्यायालय भेजा दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त छोटू पुत्र शंकर राजभर निवासी चूड़ी गली डाला उम्र करीब 32 वर्ष मु0अ0सं0 203 /2023 धारा 8/20 NDPS ऐक्ट अन्तर्गत हवालात भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वृजेश कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी डाला एवं दस्ते में शामिल रहे आनन्द कुमार, दीपक कुमार रहे।

### विधिविधान से प्रायोजित हुआ विश्वकर्मा पूजनोत्सव



**डाला (सोनभद्र)।** आदि शिल्पी विश्वकर्मा पूजन आज देश भर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। सोनभद्र - सोनांचल में कल कारखानों, आद्योगिक लघु व दीर्घ प्रतिष्ठानों में उत्साह उमंग के साथ आयोजित हुए जो अगले दिन तक चलेंगे। इसी अनुक्रम में डाला अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री स्थल पर विश्वकर्मा जी की पूजा विधि विधान से सम्पादित हुई। इस अवसर पर इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर ने सपत्नी पूजन अर्चना किया और अभ्यर्थना की वसुधैव कुटुम्बकम की। पूजनोत्सव में संस्थान के मानव संसाधन प्रमुख पंकज पोद्दार, माइंस हेड विवेक खोसला, कमर्शियल हेड प्रसम जैन, टेक्निकल हेड प्रशांत त्रिपाठी एवं समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश शर्मा एवं संयंत्र के कर्मचारी गण सपरिवार समुपस्थित रहे।

### विपक्ष को संसद सत्र के एजेन्डे के बारे में अंधेरे में रखा जा रहा है: विपक्ष

नयी दिल्ली। विपक्षी दलों ने सरकार पर संसद के सोमवार से शुरू होने वाले विशेष सत्र के एजेन्डे के बारे में जानकारी छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि विपक्ष को अंधेरे में रखा जा रहा है। विशेष सत्र की पूर्व संध्या पर संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा रविवार को यहां बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक के बाद विपक्ष के नेताओं ने कहा कि सरकार सत्र के एजेन्डे के बारे में सही जानकारी नहीं दे रही है और उसकी कथनी तथा करनी में फर्क है। उधर सरकार की ओर से कहा गया है कि विपक्षी दलों को सत्र के बारे में जानकारी दे दी गयी है और उसे उम्मीद है कि विपक्षी दल सत्र के सुचारू संचालन में सहयाग करेंगे। बैठक में अनेक विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण विधेयक पास कराये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह विधेयक काफी समय से लंबित है और लोकसभा चुनाव से पहले इसे पारित करने का उचित समय है। द्रमुक के तिरूचि शिवा ने बैठक के बाद मीडिया से कहा कि सदस्यों को विधायी कामकाज के बारे में एक सूची दी गयी है लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि इसके अलावा भी विधेयक एजेन्डे में हैं। सरकार की ओर से इन विधेयकों के बारे में जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले सरकार ने कहा था कि यह विशेष सत्र होगा लेकिन अब लग रहा है कि यह सामान्य सत्र है।

### उप राष्ट्रपति ने नई संसद भवन के गज द्वार पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ने रविवार को नए संसद भवन में राष्ट्रध्वज फहराया। कल से आरंभ होने वाले संसद के आगामी सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन के गज द्वार के शीर्ष पर राष्ट्रध्वज फहराया गया। इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्री, पीयूष गोयल, केन्द्रीय संसदीय कार्य और कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और वी. मुरलीधरन, राज्य सभा और लोक सभा में दलों के नेता और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इस मौके पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद ड्यूटी समूह द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। धनखड़ एवं बिरला ने सुरक्षाकर्मियों को फलों की टोकरी देकर सम्मानित भी किया।

### महू मंडलेश्वर मार्ग पर दो स्थानों पर बाढ़ के चलते सड़क के हिस्से बहे, राहत कार्य जारी

खरगोन/ बड़वानी। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के महू मंडलेश्वर मार्ग पर लैंडस्लाइड के उपरांत आज दो स्थानों पर बाढ़ के चलते सड़क के हिस्से बह गए। बड़वानी तथा खरगोन जिलों में अब तक करीब 3000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मंडलेश्वर के एसडीएम अनिल जैन ने बताया कि अधिक बारिश के चलते मंडलेश्वर के समीप ठनगांव में बने तालाब का अतिरिक्त पानी से महू मण्डलेश्वर मार्ग का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही वहां से 6 किलोमीटर दूर चोली में बनी एक छोटी पुलिया के दोनों ओर के सड़क के हिस्से कट गए। उन्होंने बताया कि कल इसी मार्ग पर जामघट के समीप लैंडस्लाइड के चलते आए मलबे को हटा दिया गया है। एमपीआरडीसी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर डीएस मुवैल ने बताया कि ठनगांव के तालाब के स्पिलवे से निकाली जल राशि के चलते सड़क का हिस्सा बह गया। इसी तरह यहां से 6 किलोमीटर दूर चोली के समीप एक छोटी पुलिया पर दोनों और 30-30 मीटर पानी हो जाने के चलते सड़क और उसके नीचे की मिट्टी बह गई।

# पीएम मोदी ने 2 परियोजनाओं का उपहार दिया है, जो दिल्ली के पर्यटन को काफी बढ़ावा देगा

## 2025 में नई दिल्ली दुनिया भर के पेशेवरों का पहला गंतव्य होगा: वीरेन्द्र सचदेवा



नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आज मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा येशोभूमि कन्वेंशन सेंटर और एक मेट्रो स्टेशन के उद्घाटन और पीएम विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ का गवाह बनकर गर्व महसूस हुआ। उन्होने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आज उनके जन्मदिवस पर बधाई दी और कहा की दिल्ली भाजपा उनके सबका साथ, सबका विकास के संकल्प से समाज के अंतिम व्यक्ति को जोड़ने को कृतसंकल्प है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि इस सितम्बर में पीएम मोदी ने दिल्लीवासियों को 2 परियोजनाओं - भारत मंडपम और यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर का उपहार दिया है, जो अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के साथ-साथ पर्यटन स्थल के रूप में दिल्ली के पर्यटन को काफी बढ़ावा देगा और लाखों नई नौकरियां पैदा करेगा।


सचदेवा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद कहा है कि आज दिल्ली में सिंगापुर, सिडनी या न्यूयॉर्क जैसे शहरों की तुलना में बेहतर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की सुविधाएं हैं, जो जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को नई दिल्ली में आकर्षित करेंगी, जिससे प्रबंधकीय क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। होटल, रेस्तरां, पर्यटक गाइड जैसे आतिथ्य उद्योग के अलावा ऑडिटोरियम, कन्वेंशन सेंटर, हॉल और अनुवादकों में प्रबंधन कार्य जैसे रोज़गार उभरेंगे। सचदेवा ने कहा है कि मुझे विश्वास है कि 2025 में नई दिल्ली दुनिया भर के पेशेवरों का पहला गंतव्य होगा।

यशोभूमि के उद्घाटन के साथ द्वारका सेक्टर 25 मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन एक बुद्धिमान कदम है क्योंकि इससे दिल्ली हवाई अड्डे क्षेत्र से यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर क्षेत्र तक पर्यटकों की आवाजाही में सुविधा होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज पीएम विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ का स्वागत करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह सभी को सम्मान और सुविधाओं के साथ समान अवसर देने के पीएम मोदी के संकल्प का एक नया विस्तार है।

विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आने वाले 18 समुदायों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है और पीएम विश्वकर्मा योजना उन्हें भवन निर्माण, व्यापार और वाणिज्य जैसे क्षेत्रों में समग्र विकास का अवसर प्रदान करेगी। दिल्ली में नए अंतर्राष्ट्रीय रास्ते खुलने का मतलब यह होगा कि विश्वकर्मा जाति के कारीगरों को दुनिया के सामने अपनी कला दिखाने का मौका मिलेगा। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली भाजपा के ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता पीएम विश्वकर्मा योजना को विश्वकर्मा जाति के युवाओं के बीच ले जाएंगे और उन्हें अपनी पारिवारिक कला को पेशे के रूप में अपनाने में मदद करेंगे।

## अखिल भारतीय स्वयंसेवी संस्था सोशल ऐंड मोटिवेशनल ट्रस्ट द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर डिजिटल काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन



दिल्ली। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय स्वयंसेवी संस्था सोशल ऐंड मोटिवेशनल ट्रस्ट द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर डिजिटल काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता सिंह के द्वारा द्वीप प्रज्वलन एवं झारखंड राज्य अध्यक्ष ममता झा के सरस्वती वंदना स्तुति के द्वारा किया गया। ममता झा ने कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती स्तुति प्रस्तुत कईं। इस कार्यक्रम में दिल्ली एवं आसपास के साथ-साथ देश के अन्य राज्य इकाइयों के कवि कवयित्री शामिल होकर अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। संस्था की अन्य राज्य इकाइयों द्वारा भी हिन्दी सप्ताह के अवसर पर पुरे सप्ताह काव्य गोष्ठियों एवं हिन्दी के विकास पर आधारित परिचर्चाओं का आयोजन निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में शामिल रचनाकारों के नाम मुख्य रुप से निम्न प्रकार से है- मंजू विश्नोई गुप्ता, कमल धमीजा, आर डी शर्मा, अनिल मासूम, रचना मिश्रा, आरती झा, प्रीति राही तितली, इन्द्राणी सिन्हा, डॉ. सरिता गर्ग, विनीता सिंह, अंजू भारती, पूनम देवी, अनीता निधि, सविता सिंह मीरा, विंध्यवासिनी, मीना परिहार मान्या, गीता, संजय कुमार ओझा, पी के श्रीवास्तवए सलाहकार रथिन्द्र नाथ झा। संस्था के संस्थापक रवींद्रनाथ सिंह ने अतिथियों के धन्यवाद ज्ञापन के दौरान हिन्दी भाषा के महत्व और इसकी वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन बहुत आवश्यक है। सोशल ऐंड मोटिवेशनल ट्रस्ट साहित्य,कला, संस्कृति एवं समाज सेवा के लिए समर्पित संस्था है और ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर नवोदित और स्थापित दोनों तरह के रचनाकारों को मंच प्रदान कर रही है।

## बाबू जगदेव प्रसाद शहादत दिवस व पेरियार रामास्वामी नायकर की मनाई जयन्ती



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज के रामलीला मैदान में महात्मा फुले फाउंडेशन ( अराजनैतिक ) द्वारा अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद जी का शहादत दिवस और पेरियार रामास्वामी नायकर साहब की जन्म जयन्ती सुमन्त सिंह मौर्य की अध्यक्षता में जिले भर से आये हुए हजारों समर्थकों द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र पर मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती सुषमा मौर्य द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती सुषमा मौर्य ने कहा कि बाबू जगदेव की व्यक्तित्व और कृतित्व बहुत ही अनुकरणीय व क्रांतिकारी रहा है। उन्होंने कहा था कि शिक्षा, कुश्ती लाठी भैंस पालना और हो राजनीति का छन्द, जिनके पास न हो ये चारों उनका कर दो हुक्का पानी बन्द। अर्थात बाबू जगदेव जी ने शोषित समाज के लोगो से कहा कि अच्छी शिक्षा ग्रहण करो, शरीर स्वस्थ और मजबूत बनाओ, आय का जरिया बनाओ और राजनीति से खूब मतलब रखो और जिसके पास ये सब गुण नही है उनको समझाओ, ठीक करो तभी समाज बदलेगा, तभी हमारी तक़दीर बदलेगी। बाबू जगदेव जी ने ये भी कहा था कि राजनीति ही मास्टर चाभी होती है। इससे विकास के बंद सारे ताले खोले जा सकते है इसलिये इसे प्राप्त करने के लिए आगे आये। आज देश मे महंगाई व मुनाफाखोरी से पूरी जनता त्रस्त है,बेरोजगारी से देश के युवा नौजवान परेशान है। देश का किसान, मजदूर, महिलाये परेशान है। परन्तु इनकी कोई सुध लेने वाला नही है।

## हिंदी की बिंदी को घर घर पहुंचाने में वो कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे : ओ पी गुप्ता



दिल्ली। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में शांति मुकुन्द अस्पताल तथा हिन्दी की गूंज साहित्यिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में एक विचार एवं कविगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। अस्पताल कर्मी पूजा ने भावभंगिमा पूर्ण नृत्य द्वारा सभागार में उपस्थित विद्वतजनों को भाव विभोर कर दिया। तदुपरांत गणमान्य अतिथियों का स्वागत और सत्कार पुष्प गुच्छ और फूल मालाओं से किया गया। सम्पूर्ण चिकत्सालय में हिंदीमय वातावरण था, हिंदी में श्री नरेंद्र सिंह नीहार रचित तथा रूपायन द्वारा प्रकाशित शिक्षामय कविता पोस्टर सभागार को भव्यता प्रदान कर रहे थे। सभी दिशा-निर्देश हिंदी एवं अंग्रेजी द्विभाषी थे।

अस्पताल के सभी प्रपत्र द्विभाषी हैं। स्थान- स्थान पर लगाई गई पट्टिकाओं में दर्शाया गया था कि रोगी या उन के तीमारदार यदि हिंदी में बात करेंगे तो हमें प्रसन्नता होगी। इससे यह प्रतीत होता है कि हिंदी ऋषि श्रध्देय ओ पी गुप्ता किस तरह से हिंदी के प्रचार-प्रसार और विकास में दिलों जान से जुटे हुए हैं। ओ पी गुप्ता अपने सम्बोधन में कहा कि हिंदी है तो हिंद है। उन्होंने कहा कि हिंदी की बिंदी को घर घर पहुंचाने में वो कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। विचार गोष्ठी में शशि प्रकाश, रामकुमार पांडेय, संजय मिश्र, अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.सुनील कुमार सग्गड़ और अस्पताल के मैनेजिंग ट्रस्टी ओ पी गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये।

हिन्दी की गूंज संस्था के राष्ट्रीय संयोजक नरेन्द्र सिंह नीहार ने संस्था की विकास यात्रा और उसकी चुनौतियां बतायीं तो ओ पी गुप्ता विश्व पटल और अस्पताल परिसर में हिन्दी के बढ़ते प्रयोग पर अपने विचार रखे। सोनम और दीपा ने विचार गोष्ठी का सरस एवं सफल संचालन किया। इस अवसर पर हिन्दी की गूंज संस्था के सहसंयोजक रमेश कुमार गंगेले अनंत को हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में ओ पी गुप्ता को हिन्दी ऋषि की उपाधि दी गई और अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में काव्यगोष्ठी का आयोजन हुआ। डा.संदीप मित्तल, अनिल कुमार मिश्र, विमला रस्तोगी, भावना अरोड़ा मिलन, तरुणा पुंडीर तरुनिल, रमेश कुमार गंगेले अनंत और नरेन्द्र सिंह नीहार ने अपनी कविताओं से रसविभोर कर दिया। जाने - पहचाने संचालक खेमेन्द्र सिंह चन्द्रावत के सरस संचालन ने खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ.सुनील कुमार सग्गड़ ने बीच-बीच में अपनी काव्य फुहारों की रिमझिम से श्रोता समाज को रससिक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओ पी गुप्ता ने की और नरेन्द्र सिंह नीहार बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। तीन घंटे चले इस रंगारंग कार्यक्रम के अंत में सुरेखा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रीय गान और सूक्ष्म जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी ने हिन्दी को आगे ले जाने और अपना कार्य हिन्दी में करने का संकल्प दोहराया। इस अस्पताल की एक और विशेषता 'मन की शांति' नामक पुस्तक ट्राली है।

जिसमें बहुत सी प्रेरणादायक पुस्तकें रखी होती हैं, कोई भी मरीज या उसका तिमारदार उनको लेकर पढ़ सकता है। यह सेवा पूर्णत: निशुल्क है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वश्री एल डी कंसिल, राकेश चोपड़ा, एस के कोछड़, शरद जैन, पूनम जैन, राकेश जाखेटिया, चिकत्सक गण, प्रशासनिक अधिकारी, नर्सिंग कर्मी,एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का विशेष योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 73 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे पूजा-अर्चना की



नोएडा। पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 140 करोड़ देशवासियों के प्रेरणास्त्रोत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 73वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्री सनातन धर्म मंदिर सैक्टर-19, नोएडा में उनके दीर्घायु के लिये पंडित वीरेन्द्र नंद जी द्वारा माँ दुर्गा शक्ति की मंत्रोच्चारण करके हवन तथा पूजा-अर्चना किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार, डा. महेश शर्मा, श्री पंकज सिंह जी, मा. विधायक नोएडा, श्री मनोज गुप्ता अध्यक्ष नोएडा महानगर सहित अन्य पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहें। गतिशील एवं प्रेरक चरित्र के धनी भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सपना है कि विकास के मार्ग पर आगे ले जाने का और इस विकास की खुशबु को पायदान की सीढ़ी पर खड़े हुए अंतिम व्यक्ति तक पहुचाना। चन्द्रयान, जी20 की सफ्लताओं जैसे प्रेरक चरित्र के धनी हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाए। सेवा पखवाडा के तहत पार्टी के ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों को बाईक रैली की हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कायस्थ सभा गौतमबुद्धनगर एवं नोएडा लोक मंच सैक्टर-12 नोएडा द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया तथा राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कासना द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने रक्तदान कर अपनी भागीदारी निभाई।

दादरी विधानसभा के कुलेसरा में "त्वरित आर्थिक विकास योजना 2022-2023" के तहत सुत्याना-कुलेसरा में इंटरलाकिंग एवं नाली निर्माण के कार्यो का शिलान्यास दादरी विधायक श्री तेजपाल सिंह नागर के साथ किया उसके बाद ग्रेटर नोएडा के (मिगशन अलटिमो, यूनिटेक होरिजिन, एल्डिको मायस्टिक ग्रीन, मिगशन विन, ओमेक्स पाल्म ग्रीन, गौड़ अतुल्यम, स्टेलर सिटी होम, स्टेलर एमआई लिजेन्सी) सोसाईटियों में जन संपर्क के कार्यक्रम आयोजित किए गये जिसमें जिसमें लोगों ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और सैक्टर में रह रहें निवासियों ने जन संवाद कार्यक्रम में अपने अपने सैक्टर की समस्यओं के बारे में अवगत कराया।

इस दौरान सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, लोकेश कश्यप, महेंद्र कटारिया, अनिल पेशावारिया, महामंत्री, शशिधर उपाध्याय, महेंद्र सिंह वीरेंद्र तोमर, उपाध्यक्ष, श्रीमती गिरिजा सिंह, विनय गुप्ता, एस.एन. गुप्ता, पी सी पंचोली, उमेश पहलवान, ओबीसी मार्चो अध्यक्ष, कन्हैया गुप्ता, सुनील कुमार, तुषार गोयल, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिंपल आनंद, जिला महामंत्री, मनोज चौहान, रवि यादव, जिला मंत्री, राम निवास यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, संजय भारद्वाज आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

## एआईपीएसीएमए का जंतर मंतर पर धन्यवाद प्रदर्शन

नयी दिल्ली। ऑल इंडिया प्री एंड पैरा क्लीनिकल मेडिकोज एसोसिएशन (एआईपीसीएमए) ने रविवार को जंतर मंतर पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और स्वास्थ्य मंत्रालय का नये नियम जारी करने के लिए धन्यवाद प्रदर्शन का आयोजन किया। आज यहां इस अवसर पर एआईपीसीएमए के इस धन्यवाद प्रदर्शन में देश भर के 16 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों से आए हुए 100 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान अंडर ग्रेजुएट मिनिमम स्टेंडर्ड रिक्वायरमेंट (यूजीएमएसआर) 2023 और योग्यता आधारित चिकित्सा शिक्षा (सीबीएमई) प्रस्ताव 2023 जारी करने को लेकर आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य चिकित्सक शिक्षकों की योग्यता निर्धारण नियमों के बारे में बताना है। हम गैर चिकित्सीय शिक्षकों की भर्ती को पूर्णत: बंद किये जाने की मांग करते हैं। उपलब्धता में कमी को गुणवत्ता से समझौता करके पूरा नहीं किया जा सकता। हम नॉन मेडिकल शिक्षकों की भर्ती में छूट के प्रतिशत को घटाने के लिए एनएमसी का आभार व्यक्त करते हैं।

## सृष्टि के रचयिता श्री विश्वकर्मा पूजा समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया पचपेड़वा बलरामपुर

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



पचपेड़वा बलरामपुर। श्री विश्वकर्मा सेवा समिति संस्थान के तत्वावधान में विश्वकर्मा पूजा समारोह एवं भव्य भंडारा हुआ एवं लगभग एक हजार की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोगो ने बाइक रैली निकाली गई। पचपेड़वा थाना रोड विजय विश्वकर्मा के मकान पर हुआ। विश्वकर्मा पूजा समारोह में विश्वकर्मा समाज के कई नामचीन हस्तियां शामिल हुई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह (शेलू) उपस्थित हुए विशिष्ट अतिथि डॉ पवन कुमार शर्मा रामधनी विश्वकर्मा विशिष्ट अतिथि चेयरमैन रवि वर्मा नगर अध्यक्ष पचपेड़वा, एवं प्रिंस वर्मा नगर अध्यक्ष गैसडी, व विश्वकर्मा समाज के लोगों ने विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की तत्पश्चात समारोह आयोजित हुआ। वक्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा की महिमा पर विद्युत प्रकाश डाला तथा वर्तमान सामाजिक स्थिति पर भी चर्चा हुई विशिष्ट अतिथिड्डॉ पवन कुमार शर्मा व रामधनी विश्वकर्मा मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शेलू विशिष्ट अतिथि प्रिंस वर्मा नगर अध्यक्ष गैसडी व रवि वर्मा नगर अध्यक्ष पचपेड़वा, अध्यक्ष. विजय शर्मा, संरक्षक धर्म राज विश्वकर्मा, सचिव शिवबरन विश्वकर्मा प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर विजयनगर व बाहुबली नेता,प्रबंधक शिव कुमार विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष डॉ रामविलास विश्वकर्मा पशुपालन विभाग जिला अध्यक्ष महामंत्री विजय बहादुर विश्वकर्मा, मंत्री सोनू विश्वकर्मा,विजय पाल विश्वकर्मा भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता,संगठन मंत्री अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा, पत्रकार जयप्रकाश विश्वकर्मा महेश विश्वकर्मा पंजाबी ट्रेलर, वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा मीडिया प्रभारी कुशल विश्वकर्मा मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा, सुनील विश्वकर्मा विष्णु विश्वकर्मा महेश कुमार अरुण कुमार ओम विश्वकर्मा अमर विश्वकर्मा देवांश विश्वकर्मा दिव्यांश विश्वकर्मा राधेश्याम विश्वकर्मा राहुल विश्वकर्मा।

# बलरामपुर प्रेस क्लब के तहसील इकाई उतरौला का हुआ गठन

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



उतरौला। बलरामपुर जनपद में चल रहे प्रेस क्लब बलरामपुर के संगठन को मजबूत करने के लिये जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव के निर्देशानुसार आज दिनांक 17/09/ 2023 को तहसील उतरौला में संगठन के चुनाव को लेकर एक बैठक किया गया। उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि नए वर्ष में कुछ ही दिन शेष बचे हैं।जिनके पास पहले संगठन की जिम्मेदारी थी उन्ही को ये जिम्मेदारी सौंप दी जाए।जिसके बाद सर्वसम्मति से पुन: राम चरित्र वर्मा को तहसील अध्यक्ष का दायित्व सौंप दिया गया है।इसी क्रम में महामंत्री सन्तोष कुमार सोनी को मनोनीत किया गया।उक्त बैठक में संगठन के अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया जिसमे विजयपाल वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष व विजय पाल वर्मा मानापार,पवन गुप्ता,डॉ0 अरसद को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया और चन्द्र भूषण माथुर को संरक्षक मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष राम चरित्र वर्मा ने कहा कि हमारे संगठन के सम्मानित पत्रकार साथियों द्वारा जो जिम्मेदारी पुन: दिया गया है उसको जिम्मेदारी के साथ निभाने का वादा किया और उन्होंने कहा कि इससे पहले भी हमारे संगठन के पत्रकार साथियों ने ये जिम्मेदारी सौंपी थी उसे जिम्मेदारी के साथ निभाया और हमारे पत्रकार साथियों का भरपूर सहयोग मिलता रहा।वहीं बसंत राम मौर्य को मीडिया प्रभारी नियुक्त कर संगठन की जिम्मेदारी सौपा गया है। इस बैठक में जेपी त्रिपाठी,पवन सोनी, विजय विश्वकर्मा, करीम खान,अब्दुल मोबीन सिद्दीकी, हिसामुद्दीन अंसारी, रामपाल वर्मा,जय प्रकाश शुक्ला, सुहेल खान,रक्षा राम यादव सहित संगठन के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# राजनीति में हक चाहिए तो होना होगा साहू राठौर : तेली समाज को एकजुट



सोनभद्र । भगवान जगन्नाथ - माँ कर्मा देवी रथ यात्रा एवं साहू राठौर जन जागृति अधिकार यात्रा की शुरुआत नगर पंचायत घोरावल के साहू लान रथयात्रा के वृहत्तर स्वरूप के साथ आरम्भ हुई। पूरे नगर पंचायत में परिभ्रमण - चक्रमण करती रही। समाजसेवी जिलाध्यक्ष सालिक राम साहू और युवा जिला अध्यक्ष राजकुमार साहू द्वारा घोरावल नगर तिराहे पर संयुक्त रूप से भव्य स्वागत किया गया।दिव्य रथयात्रा का। रथयात्रा की शुरुआत झांसी चली और महोबा होते हुए बाँदा, चित्रकूट , फतेहपुर , कौशामबी, प्रयागराज से आगे बढ़ते विंध्याचल मण्डलमें प्रवेश की जहाँ भदोही से गुजरते मिर्जापुर होते हुए सोनभद्र के तोरणद्वार बकहर नदी की रेखांकित सीमा में प्रवेश कर घोरावल 9 सोनभद्र पहुंची थी । घोरावल नगर में नव्य यात्रा का स्वागत, साहू राठौर समाज ने किया जिसमें समूचे समुदाय के सँग अग्रगण्य रहे साहू समाज के जिलाध्यक्ष सोनभद्र सालिक राम साहू तथा साथ मे समुपस्थिति रही युवा जिलाध्यक्ष राजकुमार साहू की। इनके साथ समुदाय का हुजूम उमड़ पड़ा रथयात्रा के स्वागत को।

जगदीश प्रसाद साहू यात्रा संयोजक उत्तर प्रदेश ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजनीति में आने के लिए एकजुट होना होगा , एकनिष्ठ भाव से चलना होगा और मतभेद हो अथवा मन भेद हो भुलाने होंगे तभी हम राजनीति के क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाएंगे। यात्रा संयोजक ने कहा कि चुनाव नजदीक है, इसीलिए संगठित हो जाएं, बहुत से दल आपके वोट लेने आएंगे, लेकिन वोट सोच समझकर दें जिसमें संगठन एकाकार होता हो , समाज का हित निहित हो। रंजीत साहू युवा कार्यवाहक अध्यक्ष भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा ने कहा कि पहले एक प्रथा थी कि तेली का मुँह सुबह देखना अपशगुन माना जाता था, गांधी भी तेली थे और भामा शाह भी तेली थे जो दानी कहलाये।

CMYK CMYK CMYK CMYK